16 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


रांची
मंगलवार, वर्ष 11, अंक 58

नये कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को शाह-नड्डा ने कुर्सी पर बैठाया










## केंद्र सरकार ला रही नया ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून

# मनरेगा अब 'विकसित भारत-जी राम जी' होगा

- मोदी सरकार चालू सत्र में नया बिल ला रही सूचीबद्ध किया गया
- प्रियंका गांधी बोलीं महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है। बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच बांट दी गयी है। इसका नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' रखा गया है। बताते चलें कि मनरेगा को 2005 में लागू किया गया था, इसमें मजदूरी राज्य के हिसाब से अलग-अलग तय होती है। इससे पहले 12 दिसंबर को खबर आयी थी कि केंद्रीय कैबिनेट ने मनरेगा का नाम बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना रखा है। हालांकि, सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन यह सामने नहीं आया था।

**सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए निर्णय :** बिल में लिखे हुए उद्देश्य के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार दिया, लेकिन गांवों में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी है। नये कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जो बिना कौशल वाला काम करने को तैयार हो, हर साल 125 दिन का वेतनयुक्त रोजगार मिलेगा। इसका मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांवों का समग्र विकास करना है।

**नाम बदलने का तर्क समझ नहीं आता :** जब मनरेगा के नाम बदलने की जानकारी सामने आयी थी, तब वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें मनरेगा योजना का नाम बदलने के फैसले के पीछे का तर्क समझ नहीं आता। इससे फिजूल खर्च होता है। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि इसके पीछे क्या मानसिकता है। सबसे पहले, यह महात्मा गांधी का नाम है और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के संसाधन फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, सब कुछ का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ी, महंगी प्रक्रिया है। तो ऐसा करने का क्या फायदा है?




### ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना उद्देश्य

नये बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जायेगी। इधर, कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा।

## 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' नारे को लेकर संसद में हंगामा

### नड्डा बोले, राहुल-सोनिया माफी मांगें

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वां दिन, सोमवार को दोनों सदनों में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिये। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है कि 140 करोड़ भारतीयों और विश्व के सबसे प्रसिद्ध नेता को इस तरह के नारों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी और माफी की मांग लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है।

## झारखंड में धान खरीद शुरू

# पहले दिन 18786 क्विंटल की खरीद



- 60 लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य, 783 केंद्र खुले
- 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा धान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने सोमवार से धान की खरीद शुरू कर दी है। पहले दिन सोमवार को शाम पांच बजे तक 18786.09 क्विंटल धान की खरीद की गयी। राज्य सरकार ने इस साल 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है। इसमें दो लाख 51 हजार 182 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। राज्य के 3366 किसानों को एसएमएस भेजा गया है।

सोमवार से विभिन्न जिलों में धान खरीदना शुरू कर दिया है। इसके लिए 783 धान क्रय केंद्र बनाये गये हैं। इस बार किसानों को 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कीमत दी जा रही है।

राज्य के खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों, सांसदों और विधायकों से अपने-अपने क्षेत्रों में क्रय केंद्रों का दौरा करने और इस पहल की शुरुआत करने की अपील की।

बताते चलें कि पिछले दिनों हेमंत सरकार कैबिनेट ने धान खरीदने के लिए बोनस समेत 2,450 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय किया है। किसानों को सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली धान की राशि का एकमुश्त भुगतान मिलेगा, न कि पहले की तरह किश्तों में भुगतान किया जायेगा। किसानों को 48 घंटे के अंदर राशि का भुगतान हो जायेगा।

# सीएम ने लोगों से की मुलाकात



- लोगों ने समस्याओं से कराया अवगत, हेमंत सोरेन ने निदान का दिया आश्वासन
- झामुमो के लोहरदगा जिला एवं नगर स्तर के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कांके रोड स्थित अपने आवासीय कार्यालय में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर आये हुए लोगों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न जन समस्याओं से संबंधित विषयों से अवगत कराया और समाधान किये जाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कुछ समस्याओं का तत्काल निदान किया, जबकि कुछ को दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्यमंत्री से झामुमो के लोहरदगा जिला एवं नगर स्तर के कार्यकर्ताओं ने संवाद कर राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

## शराब घोटाला : आइएएस अमित कुमार के बयान में खुलासा

# टेंडर किसे देना है, यह विनय चौबे तय करते थे

- एसीबी कोर्ट की अनुमति के बाद 164 के तहत बयान दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले में एसीबी ने सोमवार को उत्पाद विभाग के तत्कालीन आयुक्त और वर्तमान में वाणिज्य कर विभाग में आयुक्त के पद पर कार्यरत आइएएस अमित कुमार का बयान दर्ज किया। अधिकारियों ने एसीबी कोर्ट की अनुमति पर 164 (183 बीएनएसएस एक्ट) के तहत बयान दर्ज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक अमित कुमार ने मजिस्ट्रेट के समक्ष जो बयान दर्ज किया गया, वह एसीबी के कहने पर नहीं बल्कि खुद उनके आग्रह पर किया गया। अमित कुमार का बयान दर्ज होने के बाद उसे सीलबंद कर दिया गया है। अमित कुमार ने अपने बयान में शराब घोटाला से जुड़े कई अहम और चौंकाने वाले खुलासे किये हैं। बताते चलें कि इससे पहले अमित कुमार से शराब घोटाला मामले में दो बार पूछताछ कर चुकी है।

सूत्रों के मुताबिक अमित कुमार ने दर्ज बयान में शराब घोटाला में निलंबित आइएएस विनय चौबे और अन्य लोगों की भूमिका की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि उत्पाद विभाग का कोई भी टेंडर विनय चौबे के कहने पर ही होता था। टेंडर किसे देना है, यह विनय चौबे ही तय करते थे। टेंडर के बाद प्लेसमेंट एजेंसी को विनय चौबे के कहने पर ही पैसों का भुगतान किया गया। विभाग के सभी अधिकारियों को यह मौखिक आदेश दिया गया था कि टेंडर और भुगतान से संबंधित फाइल में वही नोटिंग होगी, जो विनय चौबे कहेंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी के साथ मिलके विनय चौबे ने सभी टेंडर इस तरह मॉडिफाइड किये कि प्लेसमेंट एजेंसियों को इसका पूरा लाभ मिले। विनय चौबे उत्पाद विभाग में जब तक सचिव रहे तब तक उन्होंने विभाग को सभी नियम दरकिनार कर अपने हिसाब से चलाया। उत्पाद विभाग में विनय चौबे का वन मैन शो थे। वो जो कहते थे नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी अधिकारीयों को वही करना पड़ता था।




### निलंबित आइएएस विनय चौबे की पत्नी को एसीबी ने भेजा नोटिस, पूछताछ के लिए आज बुलाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच कर रही एसीबी ने मुख्य आरोपित निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की पत्नी को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले एसीबी के अधिकारी दो दिनों तक उनके आवास में पूछताछ कर चुके हैं। अब उन्हें मंगलवार को एसीबी मुख्यालय में आने के लिए कहा गया है। उनसे अब एसीबी मुख्यालय में पूछताछ होनी है। एसीबी उनसे विनय चौबे की कमाई, निवेश और अन्य बातों के बारे में पूछताछ करेगी।

# राजकुमार गोयल ने मुख्य सूचना आयुक्त पद की शपथ ली




**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व आइएएस राजकुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त (सीआइसी) पद की शपथ दिलायी। गोयल के यह जिम्मेदारी संभालने से पहले करीब तीन माह से सीआइसी का पद खाली था। पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया के सितंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद से केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली था। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने पूर्व आइएएस राजकुमार गोयल की मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी थी। इस समिति में गृह मंत्री अमित शाह और नेता विपक्ष राहुल गांधी भी शामिल थे। बताते चलें कि 1990 बैच के एजीएमयूटी कैडर (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्रशासित प्रदेश) के आइएएस गोयल सेवानिवृत्ति से पहले कानून और न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग में सचिव थे। इसके अलावा उन्होंने गृह मंत्रालय में सचिव (सीमा प्रबंधन) भी रहे, जहां उन्होंने सीमा बुनियादी ढांचे और आंतरिक सुरक्षा समन्वय से संबंधित मुद्दों को संभाला।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल बाद जॉर्डन पहुंचे

- एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री जाफर ने स्वागत किया
- होटल में प्रवासी भारतीयों से मिले

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने मोदी का स्वागत किया। मोदी ने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात भी की। इस दौरान कलाकारों ने मोदी के सामने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है। प्रधानमंत्री सात साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा पर हैं। जॉर्डन के बाद प्रधानमंत्री मोदी इथियोपिया और ओमान सल्तनत जायेंगे। वह 18 दिसंबर को लौटेंगे। मोदी सोमवार को सबसे पहले जॉर्डन पहुंचे। प्रधानमंत्री का जॉर्डन की राजधानी अम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया।उनका सेरेमोनियल वेलकम दिया गया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत की। भारतीय मूल के लोगों ने मोदी से मिलकर खुशी जतायी।



**आइएमइसी कॉरिडोर पर भी चर्चा संभव :** भारत में साल 2023 में जी20 समिट के दौरान पहली बार इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आइएमइसी) का ऐलान हुआ। यह एक इंटरनेशनल ट्रेड रूट का प्लान है, जिसके जरिये भारत का सामान मिडिल ईस्ट से होते हुए यूरोप तक पहुंचाया जायेगा। आइएमइसी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) का विकल्प बताया जा रहा है। बीआइरआइ भी एक इंटरनेशनल रूट है जिसमें एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने का प्लान है। इसकी शुरूआत 2013 में हो चुकी है। आइएमइसी के ऐलान के करीब 1 महीने बाद 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला शुरू कर दिया। इससे आइएमइसी के भविष्य पर सवाल उठाये जाने लगे। दो साल बाद गाजा जंग के रुकते ही एक बार फिर ये कॉरिडोर चर्चा में आ गया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# भाजपा के बड़े गेमप्लान का हिस्सा है नितिन नबीन की नियुक्ति

## ■ नयी पीढ़ी के नेतृत्व में शिफ्ट होने की तैयारी में है दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी

## ■ हिंदी पट्टी के राज्यों में पार्टी के संगठनात्मक रूप में आयेगा क्रांतिकारी बदलाव

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी, यानी भाजपा ने बीते दो दिनों के अंदर ही दो बड़े फैसले लिये हैं, जिनका लंबे समय से इंतजार हो रहा था। एक तरफ केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को यूपी भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है, तो वहीं बिहार के मंत्री नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों ही फैसले चौंकाने वाले हैं, लेकिन नितिन नबीन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना सबसे अहम फैसला है। वह महज 45 साल के हैं और बिहार के पहले नेता हैं, जिन्हें भाजपा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के तौर पर मौका दिया है। कायस्थ समाज से आने वाले नितिन नबीन को पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह का करीबी माना जाता है। बीते करीब डेढ़ सालों से राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर भाजपा और संघ नेतृत्व में रस्साकशी चल रही थी। ऐसे में अचानक से नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने के फैसले ने सभी को चौंका दिया। उनका नाम दूर-दूर तक चर्चा में भी नहीं था। धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर समेत कई नामों की चर्चा थी, लेकिन अंत में नितिन नबीन के नाम पर ही मुहर क्यों लगी। कहा जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में नितिन नबीन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। भाजपा में अंदरखाने और बाहर भी इसे लेकर चर्चा है कि आखिर नितिन नबीन पर संघ परिवार कैसे सहमत हुआ। भाजपा और संघ दोनों ही कैसे इस मामले में एकमत हो गये। नितिन नबीन का संघ परिवार से पुराना नाता है। उनके पिता बिहार भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। परिवार विचारधारा के प्रति दो पीढ़ियों से समर्पित रहा है। यही वजह रही कि पीएम मोदी और अमित शाह ने जब उनका नाम आगे बढ़ाया, तो आरएसएस भी उस पर सहमत हो गया। संघ परिवार की ओर से लगातार इस बात पर जोर था कि वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध नेता को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसा पद मिले। इसके अलावा नयी पीढ़ी के किसी नेता को मौका दिया जाये। इसके अलावा बिहार से नितिन नबीन को अध्यक्ष पद देकर भाजपा ने हिंदी पट्टी में अपनी पैठ बनाये रखने की भी कोशिश की है। मौजूदा परिदृश्य में बिहार, यूपी, राजस्थान, एमपी जैसे हिंदी राज्य उसके लिए पावर हाउस बन चुके हैं। इसलिए यहीं से अध्यक्ष देना भाजपा के लिए मुफीद फैसला है। फिर नितिन नबीन साफ छवि के और बिना किसी विवाद में पड़े काम करने वाले नेता माने जाते हैं। उनकी उनकी इसी सादगी और चुपचाप काम में लगे रहने की छवि का फायदा मिला है। नितिन नबीन की नियुक्ति के पीछे क्या है भाजपा की रणनीति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
**संपादक**

भारतीय जनता पार्टी ने फिर से सबको चौंकाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में 45 साल के युवा नितिन नबीन के हाथों पार्टी की कमान संभालने का फैसला ले लिया। इसे सामान्य नियुक्ति नहीं, बल्कि पार्टी के भीतर भरोसे, संगठनात्मक परिवर्तन और आने वाले चुनावी दौर की रणनीति का संकेत है। माना जा रहा है कि नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक नितिन यह जिम्मेदारी संभालेंगे। राजनीतिक हलकों में इसे बंगाल विधानसभा चुनाव तक की तैयारी से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

नितिन नबीन बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री और भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी हैं। वह बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने के बाद नितिन नबीन ने इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा, यह पार्टी के कार्यकर्ताओं का परिश्रम है। मैं तो मानता हूं कि कार्यकर्ता के रूप में काम करने से पार्टी के वरिष्ठ नेता हमेशा आप पर ध्यान देते हैं। मुझे जो आशीर्वाद मिला है, हम मिल कर काम करेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर नितिन को बधाई दी और लिखा कि एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है।

नितिन नबीन साल 2006 में पटना पश्चिम विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बने थे। साल 2010 से 2025 तक वह लगातार पांच बार बांकीपुर सीट से जीतते आ रहे हैं। नितिन नबीन फिलहाल बिहार की एनडीए सरकार में पथ निर्माण विभाग और नगर विकास एवं आवास मंत्री हैं। नितिन नबीन का जन्म मई 1980 में रांची में हुआ। नितिन नबीन ने साल 1996 में पटना के सेंट माइकल हाइ स्कूल से मैट्रिक और 1998 में दिल्ली के सीएसकेएम पब्लिक स्कूल से इंटर की पढ़ाई पूरी की है।

नितिन नबीन फिलहाल पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं और बिहार सरकार में मंत्री हैं। उन्होंने साल 2006 में राजनीति की शुरूआत की थी। मान सकते हैं कि उन्हें यह विरासत में मिली है। उनके पिता नवीन किशोर सिन्हा शुरूआती दौर में कई बार भाजपा से विधायक रहे थे और पिता के निधन के बाद नितिन नबीन उस सीट से जीत रहे हैं। नितिन नबीन साल 2016-19 में भाजपा युवा मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष थे। उन्हें पहली बार नीतीश कुमार की सरकार में साल 2021 में मंत्री बनाया गया था।

### लो प्रोफाइल में रहते हैं नबीन

पांच बार के विधायक और 3 बार के मंत्री होने के बाद भी नितिन नबीन काफी लो प्रोफाइल नेता हैं। नबीन काफी मिलनसार नेता हैं। बिना परिचय के लोगों से भी आसानी से मिल लेते हैं। उनसे मिलना कार्यकर्ताओं से लेकर नेताओं तक के लिए आसान रहता है। कोई भी व्यक्ति रात हो या दिन, कभी भी मिल सकता है। कार्यकर्ताओं के लिए उनका दरवाजा 24 घंटे खुला रहता है।



नबीन का पूरा परिवार आरएसएस का करीबी रहा है। वे अभी 45 साल के हैं। इनको आगे कर भाजपा ने युवा पीढ़ी को आगे किया है। भाजपा ने सधी हुई रणनीति के तहत समीकरण साधा है। उसे पता है कि अपने कोर वोटर को कैसे सहेजना है। टॉप लीडरशिप ने जब नाम आगे बढ़ाया तो संघ भी मना नहीं कर पाया। प्रपोजल में इसमें नितिन नबीन की कार्यकुशलता, पब्लिक कनेक्ट, संगठन की अच्छी समझ का उदाहरण दिया गया था। साथ ही बिहार की जीत, छत्तीसगढ़ का प्रबंधन का भी जिक्र था। नितिन नबीन को अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचाने में आरएसएस के दो टॉप लीडर और क्षेत्र के प्रभारी का सहयोग माना जा रहा है।

### भाजपा ने क्यों बनाया कार्यकारी अध्यक्ष

भाजपा में लंबे समय से नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर फैसला नहीं हो पाया है। इस मुद्दे की चर्चा राजनीतिक हलकों के अलावा संसद में भी होती रही है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संसद में आरोप लगाया था कि भाजपा अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष तक नहीं चुन पायी है। उस समय इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह ने अखिलेश यादव के आरोपों के जवाब में कहा था कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है, पारिवारिक पार्टी नहीं है, इसलिए देरी होती है।

### पार्टी में अगली पीढ़ी की तैयारी

नबीन की नियुक्ति यह संदेश है कि पार्टी में जेनरेशन नेक्स्ट का कॉल शुरू हो चुका है, यानी पार्टी अब अगली पीढ़ी की छाया में प्रवेश करने की तैयारी कर रही है। दरअसल तीसरी पंक्ति के कई नेता भी अध्यक्ष पद की दौड़ में थे। संघ और भाजपा के समन्वय की बात भी कही जा रही थी, लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने नबीन को यह जिम्मेदारी दी। छत्तीसगढ़ में प्रभारी के रूप में उनकी भूमिका को सराहा गया। वहां बूथ स्तर का प्रबंधन, संगठन विस्तार और चुनावी तालमेल पर उनके फोकस का नतीजा निर्णायक जीत के रूप में सामने आया। इसके बाद माना जाने लगा कि नितिन नबीन राष्ट्रीय स्तर पर भी संगठन खड़ा करने की क्षमता रखते हैं।

सामाजिक समीकरणों के लिहाज से भी यह नियुक्ति चर्चा में है। नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं। बिहार में इस समाज की आबादी भले ही एक प्रतिशत से कम हो, लेकिन यह भाजपा का पारंपरिक और भरोसेमंद मतदाता वर्ग रहा है। यशवंत सिन्हा के बाद इस समाज के किसी नेता को इतने ऊंचे संगठनात्मक पद पर जिम्मेदारी मिलना भी राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

जानकारों की मानें, तो नितिन नबीन की नियुक्ति एक आश्चर्य भरा फैसला है। करीब तीन साल से जेपी नड्डा को विस्तार दिया जा रहा है और ऐसा लगता है कि इस मुद्दे पर सवालों से बचने के लिए भाजपा ने कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। लेकिन यह कदम सवालों को और ज्यादा बढ़ायेगा। लोग अब यह भी पूछ सकते हैं कि क्या भाजपा और आरएसएस में कोई मतभेद है। क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में किसी एक नाम को लेकर सहमति नहीं है, जो पूर्णकालिक अध्यक्ष न बनाकर अभी कार्यकारी अध्यक्ष का नाम सामने आया है। वैसे यह तय है कि भाजपा जैसी बड़ी पार्टी के अध्यक्ष पद का काम जो भी नेता संभालेगा, उसके पास राष्ट्रीय स्तर पर एक विजन होना चाहिए, उसे देश के अलग-अलग इलाकों में लोगों के साथ बैठकें करनी होती हैं। हालांकि ऐसा कई बार देखा जाता है कि किसी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व किसी ऐसे शख्स को पार्टी की जिम्मेदारी सौंपता है, जिसके साथ मिलकर काम को आसानी से आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन भाजपा का यह फैसला क्या राजनीतिक चर्चा को विराम देगा या विपक्ष इस मुद्दे पर नये सवाल खड़े करेगा, यह देखना अभी बाकी है।

# बाबूलाल ने 12 करोड़ के फर्जीवाड़े की इडी और सीबीआइ से जांच की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** कल्याण विभाग के कर्मियों के द्वारा 12 करोड़ की अवैध फर्जीवाड़ा मामले में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर इडी और सीबीआइ से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कल्याण विभाग की राशि का अवैध फर्जीवाड़ा सालों तक होता रहा और इसकी भनक तक किसी को नहीं लग पाना, एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा है कि विभाग के साथ-साथ बैंक के कर्मी भी शामिल हैं। इस पर भी जांच होना लाजमी है। बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर यह भी कहा है कि झारखंड में इस तरह के फर्जीवाड़ा का मामला नया नहीं है। इससे पहले भी पिछले साल झारखंड में पर्यटन विकास निगम लिमिटेड और झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खातों से लगभग 100 करोड़ रुपये की अवैध निकासी की जा चुकी है। इसी वर्ष अप्रैल में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से 17 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। बाबूलाल मरांडी ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकारी खातों से हो रही अवैध निकासी किसी संयोग नहीं, बल्कि सोची समझी साजिश है। इधर नगर थाना पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर लगातार जांच कर रही है। हालांकि जिन तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था, उसे पूछताछ कर तत्काल छोड़ा गया है। पुलिस हर बिंदु पर जांच करने की बात कह रही है।

**फर्जी निकासी मामले की गंभीरता से हो रही जांच: डीसी**

इधर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि आठ दिसंबर को आइटीडीए निदेशक को मामले की जानकारी मिली, तो वे नगर थाना में आवेदन देकर कार्यालय के कर्मी सहित 27 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। डीसी ने कहा कि विभागीय सेक्रेटरी के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। इसमें जिसकी भी संलिप्तता होगी, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी हुई निकासी मामले की जांच गंभीरता से किया जायेगी। इस तरह का अवैध फर्जीवाड़ा किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो भी कर्मी या उनके परिवार शामिल होंगे, सभी के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करेगा।

### जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर जतायी हैरानी

# 'पिक एंड चूज' न करें : हाइकोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में जल स्त्रोतों और नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने और बड़ा तालाब को साफ-सुथरा रखने से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने कांके डैम, धुर्वा डैम और गेतलसूद डैम जैसे जलाशयों पर अतिक्रमण हटाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र पर असंतुष्टि जताते हुए मौखिक रूप से कहा कि अतिक्रमण हटाने में 'पिक एंड चूज' का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। जलाशयों का अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को चिन्हित कर उन्हें हटाया जाना चाहिए। कोर्ट ने अगली सुनवाई में विशेषज्ञों की टीम की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# प्रदेश कांग्रेस ने सरदार पटेल, सुवंश झा की मनायी पुण्यतिथि




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और पंडित सुवंश झा की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने दोनों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने मजबूत इच्छाशक्ति और बुलंद इरादों के कारण आजादी के बाद स्वदेशी राज्यों का भारत में विलय कर पूरे देश को एकात्मता के सूत्र में पिरो दिया। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा देश क्षेत्रवाद, भाषावाद, जातिवाद और संप्रदायवाद की भावना से ग्रसित है। इन विषम परिस्थितियों में राष्ट्र भावना को अपनाने के लिए उनकी ओर से किये गये कार्य प्रासंगिक है। वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभ पटेल गृहमंत्री के रूप में भी भारत के चहुंमुखी विकास के लिए जीवनपर्यंत प्रयत्नशील रहे। उनके नेतृत्व में देश सामरिक दृष्टिकोण से मजबूत हुआ इसका परिणाम था कि देश की जनता ने उनकी ओर से लिए गये निर्णय पर उन्हें लौहपुरुष की उपाधि से सम्मानित किया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुवंश झा की व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि 1930 से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से योगदान देने के कारण 1930, 32 और 1941 में जेलयात्रा भी की थी। झा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस बिहार शाखा के संस्थापक सदस्य थे और राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य जीवनपर्यंत रहे। इस अवसर पर राकेश सिन्हा, जगदीश साहू, सूर्यकांत शुक्ला, सोनाल शांति, डॉ राजीव नारायण प्रसाद, प्रशांत पांडेय सहित अन्य शामिल थे।

# आइआइएम में राज्य के पहले जेन जेड पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डाक विभाग की एक अभिनव और दूरदर्शी पहल के तहत सोमवार को आइआइएम रांची परिसर में झारखंड राज्य के पहले जेन-जेड पोस्ट ऑफिस (पोस्ट कैफे) का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर झारखंड डाक परिमंडल के निदेशक राम विलास चौधरी, आइआइएम रांची के शासी मंडल सदस्य ओम प्रकाश सिंघानिया और आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक राम विलास चौधरी ने बताया कि नवस्थापित जेन-जेड पोस्ट ऑफिस को पिन कोड 834017 आवंटित किया गया है। इससे आइआइएम रांची परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को आधुनिक, डिजिटल और सुदृढ़ डाक सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया की परिकल्पना पर आधारित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को अनुभवात्मक और डिजिटल स्वरूप में डाक सेवाओं से जोड़ना है। वरिष्ठ डाक अधीक्षक, रांची मंडल, रूपक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पोस्ट ऑफिस केवल पारंपरिक डाकघर नहीं, बल्कि पोस्ट कैफे और अनुभव केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल सेवाएं, डाक बचत योजनाएं, बीमा, फिलैटली तथा इ-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स सहित सभी प्रमुख डाक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही डिजिटल भुगतान, क्यूआर-कोड आधारित सेवाएं और ऑनलाइन ट्रैकिंग की सुविधाएं भी प्रदान की गयी हैं। वक्ताओं ने कहा कि यह पहल नये भारत के लिए नयी डाक की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। उद्घाटन समारोह में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, आइआइएम रांची के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 23.8 °c | 10.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |



## आरोप : रिम्स परिसर में हुए अवैध निर्माण के लिए भ्रष्ट तंत्र जिम्मेदार

# फ्लैट खरीदने वाले लोगों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराये राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

**रिम्स परिसर में हुए अवैध निर्माण के लिए जिम्मेवार रजिस्ट्रार, अंचल अधिकारी, रांची नगर निगम, रेरा के अधिकारी को निलंबित करे सरकार**

**खरीदारों के बैंक लोन की जिम्मेवारी भी राज्य सरकार ले, भ्रष्ट अधिकारियों से पैसे की वसूली हो**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश से रिम्स परिसर में बने अवैध निर्माण को तोड़ा जा रहा है जो बिल्कुल न्यायोचित और स्वागत योग्य है लेकिन सवाल यहीं खत्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि आखिर इस भ्रष्ट तंत्र की सजा आम जनता क्यों भुगते। उक्त बातें सोमवार को बाबूलाल मरांडी रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। मरांडी ने कहा कि राज्य में तो सेना की जमीन की हेराफेरी में आइएएस अधिकारी तक जेल जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि रिम्स परिसर में हुए अवैध निर्माण के लिए भ्रष्ट तंत्र पूरी तरह जिम्मेवार है। भ्रष्ट अधिकारी जिम्मेवार हैं, जिसका सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि जब कोई आम नागरिक फ्लैट या जमीन खरीदता है तो संबंधित जमीन को सरकारी या निजी संपत्ति बताने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की है। आम आदमी तो सरकार के द्वारा जारी दस्तावेजों पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि यदि रिम्स परिसर में हुए अवैध निर्माण की जमीन रिम्स की थी तो फिर रजिस्ट्रार ने उस पर बने फ्लैट की रजिस्ट्री कैसे कर दी? रजिस्ट्रार का तो काम ही है रजिस्ट्री के पहले यह सुनिश्चित करना कि जमीन वैध है। लेकिन यहां जिस प्रकार नियमों की अनदेखी की गयी है उसमें बड़े भ्रष्टाचार, रिश्वत की लेनदेन से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं भ्रष्टाचार के तार नीचे से ऊपर तक जुड़े हुए हैं। और अगर ऐसा नहीं है तो फिर रजिस्ट्री के बाद जमीन का म्यूटेशन कैसे हो गया? झारखंड में तो म्यूटेशन के लिए आम आदमी वर्षों तक कार्यालय का चक्कर काटता है, लेकिन रिम्स के अवैध निर्माण पर हुए रजिस्ट्री का म्यूटेशन बड़ी आसानी से हो गया। इस पूरे प्रकरण में रांची नगर निगम भी कम जिम्मेवार नहीं है। आखिर रिम्स की जमीन पर फ्लैटों का नक्शा कैसे स्वीकृति हुआ,। जबकि सबको पता है कि हाइकोर्ट के आदेश से वर्षों तक नगर निगम में नक्शा पास करने का काम स्थगित था। उन्होंने कहा कि आम आदमी जब नक्शा पास कराने का आवेदन देता है तो दर्जनों दस्तावेज मांगे जाते हैं, फाइल को बार बार क्वायरी के नाम पर रोका जाता है। फिर अवैध निर्माण का नक्शा आखिर किसके आदेश से पारित हुआ? उन्होंने कहा कि इस मामले में रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी, झारखंड) भी जिम्मेवार है जिसने अपनी जिम्मेवारी नहीं निभाई और आम जनता को परेशानी में डाल दिया। मरांडी ने कहा कि यह पूरा मामला सिर्फ अवैध निर्माण का नहीं है बल्कि राज्य के सरकारी तंत्र में जड़ जमा चुके भ्रष्टाचार का परिणाम है। मरांडी ने राज्य सरकार से मांग किया कि इस पूरे प्रकरण में शामिल रजिस्ट्रार, अंचल अधिकारी, रांची नगर निगम के जिम्मेवार अधिकारी, रेरा के जिम्मेदार अधिकारियों को अविलंब निलंबित करते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये। साथ ही जिन निर्दोष लोगों ने फ्लैट खरीदे हैं राज्य सरकार तत्काल वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराये, साथ ही फ्लैट खरीदारों के बैंक लोन की जिम्मेवारी भी राज्य सरकार वहन करे। भ्रष्ट अधिकारियों से पैसे की वसूली हो। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता राफिया नाज, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

# रिम्स परिसर में अतिक्रमण मामले में आज फिर सुनवाई

**हाइकोर्ट ने रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटाने से पहले डीसी को गजट नोटिफिकेशन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटाने से संबंधित आदेश को लेकर डीआइजी ग्राउंड के निकट स्थित कैलाश कोठी को तोड़ने से रोकने का आग्रह करने वाली खुशबू सिंह और अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रांची डीसी से प्लॉट नंबर 1694 मौजा मोरहाबादी 33 डिसमिल जमीन का गजट नोटिफिकेशन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कैलाश कोठी को तोड़ने पर रोक के आदेश को जारी रखते हुए कल यानी मंगलवार को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में रांची डीसी को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेज को वेरीफाई कर बताने को कहा है कि उक्त जमीन का अधिग्रहण किया है या नहीं। अगर इस जमीन का रिम्स द्वारा अधिग्रहण हुआ है तो उसका मुआवजा का भुगतान किया गया है या नहीं। इससे पहले प्रार्थी की ओर से बताया गया था कि अवैध अतिक्रमण बताते हुए कैलाश कोठी को हटाने का नोटिस चिपकाया गया है। लेकिन इस जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। प्रार्थी ने कैलाश कोठी का स्वामित्व दस्तावेज भी कोर्ट में प्रस्तुत किया। बताया गया कि यह कोठी जिस जमीन पर बनी है उसका रिम्स द्वारा अधिग्रहण नहीं किया गया है। मामलों में प्रार्थी खुशबू सिंह की ओर से अधिवक्ता समीर सौरव एवं संदीप वर्मा ने पक्ष रखा। बता दें कि हाइकोर्ट ने पिछले दिनों एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान रिम्स परिसर के निकट के अतिक्रमण को 72 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया है। इस आदेश के आलोक में रिम्स परिसर के आसपास का अतिक्रमण जिला प्रशासन द्वारा हटाया जा रहा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी,इच्छित कार्य में सफलता,मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक- से मुक्ति मिलेगी, विशिष्टजनों से संपर्क होगा।

**मिथुन** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी.परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कर्क** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

**सिंह** जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी।

**कन्या** राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**तुला** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी,चल-अचल संपत्ति से लाभ होगा।

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

**मकर** व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे. आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कुंभ** प्रेम प्रसंग में सफलता,विरोधियों पर विजय,पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन** परिस्थिति में सुधार,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

## गैस प्रभावित क्षेत्र का सरयू राय ने किया दौरा

# गैस रिसाव की घटना गंभीर संकट : सरयू

**बीसीसीएल और डीजीएमएस पर लगाये गंभीर आरोप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के केंदुआडीह स्थित गैस प्रभावित क्षेत्र का विधायक सरयू राय ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित इलाकों में जाकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को करीब से जाना। साथ ही राहत शिविरों का निरीक्षण कर वहां रह रहे लोगों की स्थिति का भी जायजा लिया। क्षेत्र भ्रमण के बाद धनबाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरयू राय ने गैस रिसाव की घटना को गंभीर संकट बताया। उन्होंने कहा कि केंदुआडीह में गैस रिसाव के कारण आम लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया है। इस स्थिति के लिए उन्होंने सीधे तौर पर बीसीसीएल प्रबंधन और खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) को जिम्मेदार ठहराया। सरयू राय ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में वर्ष 1914 से खनन कार्य जारी है। नियमों के अनुसार भूमिगत खनन के बाद खदानों में बालू भरना अनिवार्य होता है, लेकिन बीसीसीएल ने इस नियम का पालन नहीं किया। केवल खदानों के मुहानों पर दीवारें खड़ी कर दी गयीं, जिससे गैस का दबाव लगातार बढ़ता गया। इसका नतीजा यह हुआ कि अब गैस जमीन को चीरकर बाहर निकल रही है और हवा के संपर्क में आकर लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गयी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हीं दीवारों को तोड़कर अवैध खनन किया जा रहा है, लेकिन इसे रोकने के लिए बीसीसीएल की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। सरयू राय ने कहा कि खनन क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी डीजीएमएस की होती है, लेकिन इस पूरे मामले में उसकी भूमिका बेहद लापरवाही भरी नजर आ रही है। विधायक ने यह भी चिंता जतायी कि गैस रिसाव से प्रभावित लोगों को जिन स्थानों पर स्थानांतरित करने की बात की जा रही है, वहां न तो रोजगार के साधन हैं और न ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल और डीजीएमएस की गलत नीतियों और कथित भ्रष्टाचार का खामियाजा आज केंदुआडीह के निर्दोष लोग भुगत रहे हैं।

# भाजपा अफवाह फैला रही है, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है : केसी वेणुगोपाल

**नयी दिल्ली में कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल के साथ झारखंड कांग्रेस विधायकों और मंत्रियों की बैठक संपन्न**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नयी दिल्ली में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से झारखंड कांग्रेस विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में तमाम लोगों ने वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की सफलता के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्शन सोनिया गांधी को बधाई दिया। बैठक में तमाम विधायकों ने पूरी एकजुटता के साथ यह बताया कि हम महागठबंधन के साथ, किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं है। संगठन महामंत्री ने जनता की समस्याओं को लेकर प्रखर रहने की बात तमाम विधायकों एवं मंत्रियों से कही। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राज्य में चल रहे संगठन सृजन अभियान को लेकर संगठन प्रभारी को तमाम बातों से अवगत कराया और कहा कि राज्य के तमाम प्रखंडों में हम बीएलए बनाने की शुरूआत कर चुके हैं और कई जिले में बीएलए का पूर्ण रूप से बना लिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत कमेटी, वार्ड कमिटी का गठन भी जोरों से चल रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने झारखंड का रैली में जबरदस्त उपस्थिति पर प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम लोगों को बधाई दी और कहा कि एकजुटता के साथ सभी विधायक काम करें, मंत्री जनता की समस्याओं के निदान के लिए संजीदा रहें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भाजपा द्वारा सरकार को अस्थिर करने का प्रयास अफवाहों द्वारा किया जा रहा है इसके लिए एकजुटता के साथ तमाम लोगों रहना होगा, क्योंकि वोट चोरी के अलावा देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेवारी कांग्रेस की है। इसकी मजबूती तभी मिलेगी जब हम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निष्पादन करें। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के राजू, सहप्रभारी डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद , विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, रामचंद्र सिंह, सोना राम सिंकू, भूषण बाड़ा, ममता देवी, सुरेश बैठा, नमन विक्सल कोनगाड़ी उपस्थित थे।

# एनटीपीसी माइनिंग का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'स्ट्रेटम' 2025 शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) द्वारा स्ट्रेटम 2025 नामक दो दिवसीय राष्ट्रीय खनन सम्मेलन का आयोजन 15-16 दिसंबर 2025 को रांची में किया जा रहा है। यह सम्मेलन रणनीतिक रूपांतरण, संसाधन अधिग्रहण व खनन में प्रौद्योगिकी उन्नयन पर केंद्रित है और खनन क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान, नवाचार और सहयोगात्मक संवाद के लिए आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र को एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कोयला उत्पादन बढ़ाकर एनटीपीसी के 100 मिलियन टन लक्ष्य की पूर्ति की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही बेहतर परिचालन दक्षता के माध्यम से लागत में कमी पर भी जोर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों जैसे संसाधनों के अन्वेषण सहित खनन में विविधीकरण के महत्व को रेखांकित किया और खनन दक्षता तथा कोयला प्रेषण (डिस्पैच) प्रणाली को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कोयला गैसीकरण और कार्बन अवशोषण (सीक्वेस्टेशन) से संबंधित पहलों का भी उल्लेख किया, जो एनटीपीसी की व्यापक ऊर्जा रणनीति का हिस्सा हैं।

अपने संबोधन में शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन), एनटीपीसी लिमिटेड एवं अध्यक्ष, एनएमएल ने निम्न-कार्बन भविष्य में खनन के लिए डिजिटलीकरण और स्वचालन को प्रमुख आधार स्तंभ बताया। इससे पूर्व, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व आरइडी (माइनिंग) नवीन जैन ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान स्ट्रेटम 2025 की स्मारिका (सुवेनिर) व एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया गया। सत्र के दौरान एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गयी।

सम्मेलन में आत्मनिर्भर भविष्य के लिए रणनीतिक संसाधन, गहराइयों से स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वं ऑटोमेशन के माध्यम से स्मार्ट माइनिंग व खनन में सततता की ओर अग्रसर विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में अकादमिक संस्थानों, शोध संगठनों, उद्योग एवं विभिन्न सरकारी निकायों के विशेषज्ञ महत्वपूर्ण खनिज, कोयला गैसीकरण, डिजिटल माइनिंग, ऑटोमेशन, इएसजी प्रथाओं और खदान पुनर्वास जैसे विषयों पर शोध-पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं और विचार-विमर्श में भाग ले रहे हैं। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें एनएमएल की कोयला खनन परियोजनाओं के प्रमुख भी सम्मेलन एवं चर्चाओं में सहभागी रहे। स्ट्रेटम 2025 सतत, नवोन्मेषी और भविष्य उन्मुख खनन प्रथाओं को आगे बढ़ाने में एनटीपीसी माइनिंग की भूमिका को रेखांकित करता रहा है।

## निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी हाइकोर्ट ने की रद्द



**रांची (आजाद सिपाही)।** गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उनकी क्रिमिनल याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने उनके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया है। सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर जिले के मनोहरपुर थाना में कांड संख्या 281/23 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्होंने इस मामले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इस याचिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की पीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सांसद निशिकांत दुबे की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, पार्थ जालान और स्मिता सिन्हा ने पक्ष रखा। बता दें कि निशिकांत दुबे को कथित रूप से गौ तस्कर के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपित बनाया गया था। मामले की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय के इस आदेश से सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी कानूनी राहत मिली है।

## विभिन्न वार्डों की कई महिलाएं आजसू में शामिल

# नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : देवशरण भगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न वार्ड की कई महिलाओं ने मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर एवं केंद्रीय सचिव विजेता वर्मा के समक्ष पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने की, जबकि महानगर उपाध्यक्ष राकेश सिंह, राकेश रौशन, अनिल गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे। मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि नगर निगम चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ता जुट जाये। आजसू नगर निकाय चुनाव में मातृशक्ति को बेहतर भागीदारी देगी। प्रत्येक वार्ड में आजसू की महिला इकाई का गठन होगा। वर्तमान राज्य सरकार ने चुनावी लाभ के लिए मंईयां सम्मान योजना लागू कर महिलाओं को गुमराह किया। केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आजसू पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। महिलाएं जागरूक होंगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा। केंद्रीय सचिव विजेता वर्मा के कहा कि आजसू में मातृशक्ति को पूरा सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने पंचायत चुनाव में नारीशक्ति को पचास प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त बनाया। महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में नगर निकाय की तैयारी शुरू कर दी गयी है, जिसमें महिला समिति का भी गठन किया जा रहा है।

### ये महिलाएं हुईं आजसू में शामिल

रीता देवी, लक्ष्मी देवी, नेहा देवी, प्रतिमा कर्मकार, पम्मी देवी, सोनी वर्मा, सुमित्रा वर्मा, कमला साहू, तैतरी साहू, पुष्पा सिंह, अपर्णा, राधा, आरती, सुधा, संजू, दुर्गा, रेखा, मंजू, खुशबू, किरण, रागिनी, पूनम, रीना, रीता, मुन्नी, संध्या, अंजली, श्वेता, अंजिता आदि।

## इचाक में आधा दर्जन धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के इचाक और पदमा में सोमवार को आधा दर्जन धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जिप चेयरमैन उमेश मेहता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। जिसमें बरियठ पैक्स, व्यापार मंडल इचाक, डुमरौन, दरिया, देवकुली शामिल हैं। सभी किसान भाइयों और पैक्स अध्यक्षों को जिप चेयरमैन ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिक मात्रा में धान बेचकर मुनाफा कमाये और अपना जीवन स्तर को बेहतर बनायें। इस मौके पर क्षेत्र के समाजसेवी बटेश्वर मेहता ने कहा कि अपने धान को धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही बेचें, जिससे उनके धान का उचित दाम मिल सके। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, जेडीयू नेता अर्जुन मेहता, बीएओ बिनोद रवि, बीटीएम पुष्पा कुमारी, दिगंबर मेहता, बरियठ पैक्स अध्यक्ष विकास कृष्ण चंद्र, प्रबिल मेहता, दिनेश मेहता, नरेश मेहता समेत कई उपस्थित थे। वहीं इसके अलौंजा पैक्स का उद्घाटन पूर्व मुखिया विजय कुमार मेहता और किशोरी महतो ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद पूर्व मुखिया विजय कुमार मेहता ने कहा कि पैक्स खुलने से अब किसानों को धान बेचने के लिए 15 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। किसान सरकारी दर 2450 रुपये प्रति क्विंटल पर सीधे पैक्स में धान बिक्री कर सकेंगे, जिससे उन्हें वास्तविक लाभ मिलेगा। पैक्स अध्यक्ष कंचन प्रसाद मेहता ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपना धान अच्छी तरह साफ कर पैक्स में लायें और बिचौलियों को धान न बेचें। सरकार द्वारा निर्धारित 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर का पूरा लाभ उठाएं। इस मौके पर अशोक महतो, अनंत मेहता, आदित्य मेहता, सीकू कुमार, कैलाश पांडे, सीताराम पांडे, सिकंदर राणा, उपेंद्र मेहता समेत कई उपस्थित थे।

## सीटू का 18 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 31 दिसंबर से विशाखापट्टनम में



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) का 18 वां राष्ट्रीय सम्मेलन जो 31 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में होगा। केन्द्रीय कमिटी के आह्वान पर सोमवार 15 दिसम्बर को गरिमामय ढंग से झंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर सीटू की कोडरमा जिला कमिटी के द्वारा ब्लॉक परिसर स्थित साहु धर्मशाला में राज्य सचिव संजय पासवान द्वारा लाल झंडा फहराया गया। जहां दुनिया के मजदूरों एक हो, राष्ट्रीय सम्मेलन सफल हो, लेबर कोड वापस लो के नारे लगाये जा रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ओर संचालन जिला सचिव रमेश प्रजापति ने किया। झंडा दिवस के उद्देश्य और उसकी पृष्ठभूमि पर सीटू नेता संजय पासवान ने कहा कि मजदूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है। अत्यंत दुख और क्षोभ का विषय है कि जिस मजदूर वर्ग ने सारी दुनिया का निर्माण किया है वह आज नारकीय परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर है। एक तरफ पूंजीपतियों की संपति दिन दोगुनी और रात चौगुनी होती जा रही है, वहीं दूसरी ओर मजदूर वर्ग का शोषण और दमन बढ़ता जा रहा है। 29 श्रम कानूनों को खत्म करके मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताएं लागू कर दिया है जो मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश है। इसी पृष्ठभूमि में दो करोड़ से ज्यादा सदस्यों वाला मजदूरों का अगुआ संगठन सीटू का 18 वां राष्ट्रीय सम्मेलन विशाखापट्टनम में होने जा रहा है जहां पूरे देश से चुने हुए 1300 प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में सरकार की जनविरोधी नीतियों, मेहनतकशों की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा होगी और मजदूर वर्ग की व्यापक एकता के लिए संगठन को मजबूत कर देशव्यापी संघर्ष को और धारदार बनाने की रणनीति बनायी जायेगी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, बीएसएसआर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, निर्माण कामगार यूनियन के शम्भु पासवान, रविन्द्र भारती, बालेश्वर राम, बसंती देवी, उषा देवी, तालेवर दास सहित बड़ी संख्या में सीटू के सदस्य मौजूद थे।

## केरेडारी में प्रखंड के सिआरपी कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया कार्य



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीआरपी और सिआरपी कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काली पट्टी लगाकर कार्य किया। प्रखंड में कार्यरत बीआरपी और सिआरपी कर्मी 15 से 20 दिसंबर तक काली पट्टी लगाकर विद्यालय के निरीक्षण का कार्य करेंगे और 22 दिसंबर को राज्य परियोजना कार्यालय रांची में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन व घेराव करेंगे। बीआरपी सिआरपी संघ के अध्यक्ष सुनील पांडेय ने बताया की हमलोग अपनी मांगों को मनवा कर ही मानेंगे। इनकी मुख्य मांगों में मेडिकल का लाभ देने और आकस्मिक मौत होने पर बीस लाख रुपये नकद राशि और मृतक के परिवार को नौकरी देना शामिल है। इस अवसर पर सिआरपी सुनील कुमार पांडेय, राजेश तिवारी, जायनाथ महतो, दिलीप प्रजापति व नारायण साव मौजूद थे।

# विधायक ने आधा दर्जन धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन

**किसानों को धान बिक्री में मिलेगी सुविधा, एमएसपी का लाभ होगा सुनिश्चित : प्रदीप प्रसाद**



आजाद सिपाही संवाददाता


**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में आधा दर्जन धान क्रय केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने सदर प्रखंड के ग्राम सिलवार, ग्राम मेरु, ग्राम मोरांगी, कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पसई और ग्राम नवाडीह, तथा दारू प्रखंड के ग्राम बासोबार में पहुंचकर क्रमशः सभी केंद्रों का शुभारंभ किया और स्थानीय किसानों और संचालकों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इन धान क्रय केंद्रों के शुरू होने से किसानों को अपनी उपज बेचने में सहजता, पारदर्शिता और समयबद्ध व्यवस्था प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का लाभ बिना किसी बिचौलिये और बिना किसी विलंब के सीधे प्राप्त हो। यह कदम किसानों की आर्थिक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के संचालन से किसानों को धान विक्रय में सुविधा बढ़ेगी, खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित होगी, एमएसपी का लाभ समय पर प्राप्त होगा और किसानों की आय में स्थायित्व आयेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, प्रमेश्वर यादव, बिरजू रवि, राजेश साव, राजेन्द्र मेहता, सिलवार मुखिया रूपमणि देवी, उप मुखिया सिन्टू कुमारी, किशोरी मेहता, इन्द्रदेव मेहता।

## मरकच्चो के विभिन्न पैक्स में धान की खरीद शुरू

# धान खरीद का काम पहले शुरू होता तो लाभ होता : डॉ नीरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** झारखंड सरकार ने किसानों को राहत देते हुए धान खरीद प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत कर दी है। सोमवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्थित पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) केंद्रों का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रखंड प्रशासन के अधिकारी, पैक्स अध्यक्ष व किसान उपस्थित थे। मरकच्चो पैक्स में खरीद का कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि रविशंकर तिवारी मंटू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, बीसीओ लक्ष्मी कांत लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि अब तक 90 प्रतिशत किसान खेतों से ही धान कम दामों में बेच चुके हैं। यदि समय पर 15 दिन पहले धान खरीद शुरू किया जाता तो किसानों को अच्छा मुनाफा होता। किसानों के पास धान रखने की समस्या, पैक्स पहुंचाने की समस्या को लेकर अधिकतर किसान ने अपने खेतों से ही धान को बेच दिया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों से वादा की थी कि 32 सौ प्रति क्विंटल की दर से किसानों का धान खरीदा जायेगा। लेकिन 3200 नही देकर 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि किसानों के धान का मूल्य एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर दिया जाये ताकि किसानों को राहत मिल सके। वहीं चोपनाडीह व जामु पैक्स का उद्घाटन प्रमुख बिजय कुमार सिंह, बीडीओ हुलास महतो, बीसीओ लक्ष्मी कांत लोहरा, धुब्बाडीह पैक्स का प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सरकार के निर्धारित समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की जायेगी, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। पैक्स केंद्रों पर धान की तौल, गुणवत्ता जांच और भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि किसान निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पैक्स केंद्रों पर धान लेकर पहुंचे ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के उन्नयन के लिए विधायक ने किया शिलान्यास

# विद्यालय का उन्नयन होने से छात्राओं को मिलेगी सुविधा : विधायक रोशनलाल चौधरी

**1.22 करोड़ की लागत से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का होगा उन्नयन का कार्य**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के होरम स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सोमवार को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने 1.22 करोड रुपये की लागत से होने वाले विद्यालय उन्नयन कार्य का नारियल फोड़कर किया शिलान्यास। मौके पर विधायक का रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं में बहुत प्रतिभा है पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी यहां के बच्चे देश स्तर पर अपना नाम रोशन कर चुके हैं। आवासीय विद्यालय खराब हो जाने के कारण छात्राओं को असुविधा महसूस हो रहा था। इसके बाद आज इस आवासीय विद्यालय के उन्नयन के लिए शिलान्यास किया गया है। उपस्थित छात्राओं और ग्रामीण संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह आपका अपना विद्यालय है आप इसे अपने देखरेख में पूरे मजबूती के साथ कार्य करवाये। आगे उन्होंने संवेदक को भी निर्देश देते हुए कहा कि यह छात्राओं के भविष्य का सवाल है इस पर किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतते हुए पूरी ईमानदारी और मजबूती के साथ कार्य को जल्द से जल्द संपन्न करें। ज्ञात होगी उक्त उन्नयन का कार्य न्यू इंडिया कंस्ट्रक्शन हजारीबाग के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा देवी, मंडल अध्यक्ष शिव शंकर उर्फ. शिबू मेहता, वार्डन किरण देवी, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, राजा खान, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, पूर्व मुखिया भीखन महतो, चंदन सिंह, राजेश यादव, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, अवध किशोर कुमार, मोहन साव, नंदलाल महतो, मुकेश साव, राजकुमार साव, भीम राणा, दिनेश महतो, बिगू महतो, त्रिवेणी महतो, महेंद्र महतो, तुलेश्वर राम, अशोक महतो, महेंद्र महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कोडरमा जिला परिषद ने साढ़े तीन में 17.85 करोड़ की योजनाएं पूरा कर बनाया रिकॉर्ड

**करोड़ों की कई प्रमुख योजनाएं संचालित**

**करोड़ो की कई योजनाएं हुई पूर्ण**

**8.18 करोड़ की लागत से बनने वाली जिला बोर्ड कार्यालय भवन का टेंडर प्रक्रियाधीन**

सतीश कुमार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद ने महज साढ़े तीन में ही विकास की लंबी लकीर खींच दी है। 17.85 करोड़ों रुपये की लागत से कई योजनाएं पूर्ण कर ली गयी हैं, जबकि कई करोड़ की विकास योजनाएं संचालित हैं। सर्वाधिक फोकस स्वास्थ्य, रोड, नाली, तालाब, सोलर लाइट, हाट बाजार, दुकानों के निर्माण पर किया गया है। यह काम जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव की अगुवाई जारी है। बता दें कि साल 2022 के 16 जून को श्री यादव जिप अध्यक्ष चुने गये थे। कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने लंबित कार्यों को पूर्ण करने के साथ जनहित को लेकर विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाना शुरू किया, जिसे अब पूर्ण होते देख जा सकता है। जानकारी के मुताबिक करीब 5 करोड़ की लागत से पेठियाबागी, मरकच्चो, बासोडीह में हाट बाजार का निर्माण साल 2024 में पूर्ण कर लिया गया है। इसमें शेड बनाया गया है और पेवर ब्लॉक बिछाया गया है। जिले के करीब 50 जर्जर पंचायत भवनों को 4.5 करोड़ रुपये की लागत से सुदृढ़ीकरण साल 2023 में किया गया है। इधर जिले के विभिन्न इलाकों में 11 उप स्वास्थ्य केंद्र 55-55 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य जा रहे है। इनमें मेघातारी, ढाब, राजाबर, कटैया में पूर्ण कर लिया गया है। शेष 7 उप स्वास्थ्य केंद्र खूंटा, बदडीहा, इंदरवा, उरवा, बेंदी, जेरूआडीह एक अन्य निमार्णाधीन है। इसके अलावा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मॉडल एस्टीमेट के अनुसार ही 55 -55 लाख रुपये की लागत से 15 और उप स्वास्थ्य केंद्र बनाये जायेंगे, जिसका टेंडर हाल ही में हो चुका है। इसके तहत बंगाखलार, जानपुर, कोलगरमा, डुमरडीहा, गझंडी, जरगा, बेको, पिपचो, दंडाडीह, तिलोकरी, योग्य, कटहाडीह, भोंदो, पथलगडा और मदनगुनडी शामिल है। भिन्न - भिन्न क्षेत्रों में रोड, नाली, तालाब का निर्माण 6 करोड़ रुपये लागत से कराया गया है। इसी तरह करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत से सीएच हाई रोड, झुमरीतिलैया में 34 दुकान का निर्माण कार्य जोरों पर और अंतिम चरण में है। इसका निर्माण कार्य पूरा होते ही दुकानदारों को आवंटित कर दिये जायेंगे। सभी जिला परिषद क्षेत्र में सिंचाई के लिए दो और पांच एचपी का सोलर पंप सेट का वितरण किसानों के बीच किया गया है। रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मरकच्चो में 10, तिलैया में 4 और नवाडीह में 8 दुकानों की बंदोबस्ती की गयी है।

**8.18 करोड़ की लागत से जिला बोर्ड का जल्द बनेगा कार्यालय भवन :** जिला मुख्यालय कोडरमा में जिला परिषद कार्यालय का भवन 8.18 करोड़ की लागत से जल्द बनेगा। इसके लिए राशि आबंटित कर दिया गया है। इसके निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है।

**ढाई करोड़ की लागत से बना है कर्दम ऋषि पार्क :** जिले के लखीबागी में ढाई करोड़ रुपये की लागत से कर्दम ऋषि के नाम से साल 2022 - 23 में पार्क बना है। इसमें सालों भर लोगों की चहल कदमी बनी रहती है। पार्क के बीच ब्रह्मा पुत्र कर्दम ऋषि की लगी बड़ी प्रतिमा लोगों को आकर्षित कर रहा है। कई प्रकार के फूल लगे हुए हैं। बच्चों के लिए झूले हैं।

### 3.42 करोड़ की लागत से मार्केट कांप्लेक्स का निर्माण जोरों पर

तिलैया थाना के सामने जिला बोर्ड से ही 3.42 करोड़ की लागत से मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण जोरों पर है। संभवतः साल 2026 में इसे पूरा कर लिया जायेगा। इसमें व्यावसायिक दृष्टिकोण से बड़े हॉल और कई दुकानें भी शामिल है। इससे जिला बोर्ड की आय में बढ़ोतरी होगी।

### क्या कहते हैं जिला परिषद अध्यक्ष

जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव बताते हैं कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कृत संकल्प है। इसके लिए जनहित में कई विकास योजनाओं को लिया गया है। कई योजनाएं पूर्ण कर ली गयी है, तो कई प्रमुख योजनाएं संचालित है। उन्होंने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण से लोगों को स्थानीय/ नजदीकी केंद्रों में इलाज के लिए काफी सहूलियत होगी। उन्हें फौरी तौर पर राहत मिलेगी और इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे हैं और सिंचाई के साधन भी। विकास का लंबी लकीर खींचने का हरसंभव प्रयास जारी है।

## स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 ए के बच्चों द्वारा रैनवाटर हार्वेस्टिंग, वन बी पंपिंग हर्ट, कक्षा 2 सोलर सिस्टम, कक्षा 3 क्रॉप प्रोटक्शन सिस्टम, कक्षा 4 ट्रैफिक प्रोटेक्शन सिस्टम, कक्षा 5 रिन्यूएबल रिसोर्सेस, कक्षा 6 वेस्ट मैनेजमेंट, कक्षा 7 डिजास्टर मैनेजमेंट, कक्षा 8 क्लाइमेट चेंज, कक्षा 9 कार ऑब्सटेकल प्रोटेक्शन, कक्षा 10 ग्लोबल वार्मिंग प्रोटेक्शन का मॉडल प्रस्तुत किया। विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुरुआत संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार राम, मुख्य अतिथि झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष मधुसूदन प्रसाद मेहता, विशिष्ट अतिथि दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक दीपक कुमार और सहदेव प्रसाद, ब्रिटिश इंग्लिश एकेडमी के निदेशक पंकज कुमार निराला 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद संस्था के प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित के साथ किया। संस्था के निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया की विगत 8 वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य है भारत के लिए सैकड़ों वैज्ञानिक तैयार करना है। कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा आधुनिक रोबोटिक ड्राइवर लेस कार का सफल निर्माण किया गया जिसे सभी अतिथियों और अभिभावकों ने सराहना की और खुशी व्यक्त किया। पांच जजों द्वारा सभी मॉडल को निरीक्षण करने के बाद कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया, दूसरे स्थान पर कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों का मॉडल, तृतीय स्थान पर कक्षा 2 का बच्चों का मॉडल रहा। प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला भी बच्चों के लिए उपलब्ध है जिससे बच्चे प्रतिदिन विज्ञान को आधुनिक तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस मौके पर समाजसेवी रघुवर प्रसाद, शिक्षक और समाजसेवी जमुना प्रसाद, समाजसेवी आनंद जैन और सैकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक –शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बाल विवाह मुक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत जिला समाज कल्याण शाखा और एसोसियेशन फॉर वॉलिंटियरी एक्शन द्वारा बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त ऋतुराज और अपर समाहर्ता पूनम कुजूर द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके कानूनी पहलुओं के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि बाल विवाह को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बच्चियों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर बच्चियों को आगे बढ़ने के अवसर दिए जायें। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बाल विवाह के खिलाफ उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ भी दिलायी। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी ओम प्रकाश मंडल, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेखा रानी सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## आइसीओएसए स्कूल कॉन्क्लेव में सेक्रेड हार्ट स्कूल को राष्ट्रीय स्तर पर 5वां स्थान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नयी दिल्ली में स्कूल कॉन्क्लेव 2025 का शुभारंभ किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक सम्मेलन का विषय था– स्कूल मान्यता: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों के लिए मानक विकसित करने की आवश्यकता। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर झुमरीतिलैया स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए फ्यूचर ओरिएंटेशन स्कूल्स श्रेणी में 5वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से यह सम्मान उप–निदेशक बिनोद कुमार ने विशिष्ट अतिथियों से ग्रहण किया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में देश के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षा–विचारकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा ने देश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु एक मजबूत और मानकीकृत मान्यता प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं प्रो. ब्रज किशोर गुप्ता, सामाजिक वैज्ञानिक और जायंटस्टेप के मुख्य मेंटर ने अपने मुख्य भाषण में शिक्षा मानकों के सामाजिक महत्व और भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह उपलब्धि सेक्रेड हार्ट स्कूल परिवार के लिए गर्व का क्षण है। यह हमें शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा देती है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सक्षम, जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनाना है। निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर केंद्रित रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों की अथक मेहनत, मजबूत पूर्व छात्र समूह, विद्यार्थियों की लगन तथा अभिभावकों के विद्यालय पर अटूट विश्वास का प्रतिफल है। इस उपलब्धि पर उप–प्राचार्य प्रवीण कुमार, को ऑर्डिनेटर शगुफ्ता प्रवीण, आशुतोष गौतम, अलका सिंह सहित समस्त शिक्षकगण और छात्र–छात्राओं ने विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी।

## राजू श्रीवास्तव ने नितिन नबीन को दी बधाई



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबध में भाजपा नेता राजू श्रीवास्तव ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा बिहार सरकार मंत्री नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर हार्दिक बधाई दी है। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर उनका चयन, संगठन की शक्ति बने युवा कार्यकर्ताओं की मेहनत और विश्वास का गौरवपूर्ण प्रतीक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और नई ऊंचाइयां प्राप्त होगी, उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरे ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई हो।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## इनरव्हील क्लब ऑफ ने चलाया स्वच्छता अभियान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब ऑफ के तत्वावधान में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत खाली तेल, घी के 30 कंटेनरों 15-15 किलोग्राम क्षमता का पुनर्चक्रण कर उन्हें उपयोगी डस्टबिन में परिवर्तित किया गया। डस्टबिनों को शहर के मेन रोड पर खाद्य सामग्री और नाश्ते की दुकान लगाने वाले विक्रेताओं को वितरित किया गया। ताकि लोग कचरा सड़कों पर न फेंकें और सड़कें स्वच्छ बनी रहें। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा नमिता श्रॉफ, जनेशा वडेरा, निधि चौधरी, नीरू साहनी, रंजू अग्रवाल, अनुराधा श्रॉफ, राजिंदर बुड़वाल, दीपा वडेरा, मनबीर कौर, श्वेता जैन, जसबिंदर होरा, पिंकी बंसल, हरमीत कौर और मधु अग्रवाल आदि मौजूद थे। मौके पर क्लब की अध्यक्ष ने स्वच्छ भारत अभियान और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुनर्चक्रण जैसे छोटे प्रयास भी समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। खाद्य विक्रेताओं को डस्टबिन उपलब्ध कराकर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। विक्रेताओं ने इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की इस पहल की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे डस्टबिन का नियमित उपयोग करेंगे तथा ग्राहकों को भी सड़क पर कचरा न फेंकने के लिए जागरूक करेंगे। यह पहल शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में आइटीआइ प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में शनिवार को आइटीआइ पास प्रशिक्षणार्थियों के लिए एकदिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें कुल 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्लेसमेंट कैंप में सोनी ऑटो एलिट प्राइवेट लिमिटेड जमशेदपुर के प्रतिनिधि सौरभ बनर्जी उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के कौशल का मूल्यांकन करते हुए कई उम्मीदवारों का चयन किया। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की ओर से शीघ्र ही ऑफर लेटर प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज अपने छात्रों को उद्योगों से जोड़ने का निरंतर प्रयास करता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि ऐसे अवसरों का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दें। उन्होंने कहा कि यह प्लेसमेंट ड्राइव कॉलेज के कौशल विकास और रोजगारोन्मुख शिक्षा के उद्देश्य को और मजबूत करता है।

## किड्डी किड्स प्ले स्कूल के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** किड्डी किड्स प्ले स्कूल, करमा के बच्चों ने सोमवार को नि:शुल्क शैक्षिक भ्रमण की। इस दौरान बच्चों ने हजारीबाग के जेबरा पार्क में सुंदर व प्राकृतिक वातावरण का लुत्फ उठाया। वहीं, बच्चों के लिए पार्क में लगा झूले, स्लाइड, ओपन प्ले एरिया आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही, शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर खुले वातावरण प्रकृति का अनुभव साझा किया। इधर, प्रबंधन द्वारा स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गयी। विद्यालय निदेशक अखिलेश सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक दुनिया से भी जोड़ना है। भ्रमण कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक और सामाजिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वहीं, प्रधानाध्यापिका रोजी परवीन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को आत्मनिर्भरता के साथ सहभागिता, खुशी और सकारात्मकता बढ़ाता है। इस अवसर पर शिक्षक अंजलि पंडा, निक्की सिंह, विधि शुक्ला, साक्षी कुमारी, स्वाति कुमारी, नीतू सिंह, रानी सिंह, दुर्गा शर्मा और सलोनी सिंह शामिल रहे।

## उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने चतरा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ऊंटा का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा भंडारण, मरीजों को दी जा रही सेवाओं और अभिलेखों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उपायुक्त ने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में नियमित उपस्थिति, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों से भी संवाद किया और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जायें।

## पतरातू प्रखंड के किसान धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही धान की करें बिक्री : विधायक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर स्थित सोमवार को पालू पैक्स द्वारा खोले गये धान अधिप्राप्ति केंद्र पालू पैक्स लिमिटेड का उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फिता काटकर किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुल जाने से किसान अपना धान उचित मूल्य पर सीधा सरकार को अपना ध्यान बेच सकेंगे। जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति व मुखिया गिरजेश कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे अपना धान नजदीक धान अधिप्राप्ति केंद्र में विक्रीय करें। पैक्स अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि धान मुल्य बनोस सहित प्रति क्विंटल 2 हजार 4 सौ 50 रुपये किसानों को मिलेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है की जिन किसानों का आइडी नहीं बना है वैसे किसान पैक्स अध्यक्ष से मिलकर आइडी खुलावा सकते हैं। किसान चाहे तो फार्मर एप के माध्यम से धान की बिक्री के लिए तिथि बुक कर सकते हैं। इस मौके पर पंसस ज्योति गुप्ता चितरंजन पटेल, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय रवि, संतोष सिंह, प्रमोद सिंह, कानों सिंह, थालेशवर सिंह, योगेन्द्र सिंह, गजाधर सिंह, अमित कुमार, लोकेश्वर कुमार, मनोज राम, राकेश विश्वकर्मा, सोनू सिंह कपिल सिंह सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### डीएमएफटी के तहत संचालित विकास कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करें : डीसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी के माध्यम से रामगढ़ जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने किया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी के अंतर्गत विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृत सभी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सहायक अभियंताओं को योजनाओं का नियमित स्थल निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण और आमजन के जीवन स्तर में सुधार करना है। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना को लेकर बैठक आयोजित

रामगढ़। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परियोजना पदाधिकारी अनुजा राणा द्वारा मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं और हो रहे विकास कार्यों की जानकारी उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को दी गयी। मनरेगा अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मानव दिवस सृजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंडवार मानव दिवस सृजन की स्थिति की समीक्षा की। मौके पर उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर योग्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा योजनाओं के जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर एप, सोशल ऑडिट, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट, पीएम जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों का ई केवाईसी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में परियोजना पदाधिकारी फणींद्र कुमार गुप्ता के द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। मौके पर उपायुक्त ने प्रखंडवार आवास योजना की समीक्षा की और अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर लाभुकों को आवास निर्माण के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने गंभीरता पूर्वक इस दिशा में कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# सांसद ने धान अधिप्राप्ति केंद्रों का किया उद्घाटन और विद्यालय का निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने लावालौंग में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र के माध्यम से किसानों को उनकी धान उपज की बिक्री उचित मूल्य पर सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह केंद्र किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे उन्हें उनकी मेहनत का सही लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपने धान की बिक्री इस केंद्र के माध्यम से करें ताकि उनकी आय सुरक्षित और स्थायी बने। इसके अलावा सांसद ने सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हफुआ में भी धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। सांसद कालीचरण सिंह भ्रमण के दौरान सदर प्रखंड के दुम्बी गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं तथा बच्चों के अध्ययन-अध्यापन की स्थिति का गहन जायजा लिया। सांसद श्री सिंह ने कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया, उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली और शिक्षकों से शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में मौजूद आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए सांसद ने आवश्यक सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी।

## आम सड़क से राख ढुलाई के विरोध में ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम सड़क से एनटीपीसी से निकलने वाली राख की ढुलाई से परेशान रहमतनगर गांव के ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। ग्रामीणों ने टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क पर राख और कोयले की ढुलाई में लगे सैकड़ों वाहनों को रोककर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया, जिससे करीब चार घंटे तक सड़क जाम रही। ग्रामीणों का कहना है कि एनटीपीसी से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों के माध्यम से राख की ढुलाई की जाती है। इन वाहनों में लदी राख गीली होती है, जो सड़क पर गिरती रहती है। बाद में वही राख सूखकर धूल बन जाती है, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है और सड़क किनारे बसे घरों में धूल भर जाती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उड़ती राख और धूल के कारण गांव के लोग सांस संबंधी बीमारियों सहित कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने आम सड़क से राख और कोयले की ढुलाई बंद करने, नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने और राख ढुलाई के लिए अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क बनाने की मांग की। करीब चार घंटे बाद राख ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे। सड़क पर उड़ती धूल और प्रदूषण की रोकथाम के लिए सफाईकर्मी तैनात करने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** प्रखंड के बड़गांव पंचायत अंतर्गत कोयलरा गांव के समीप सोमवार को मालगाड़ी की चपेट में आने से 12 वर्षीय छात्रा सुनीता कुमारी की मौत हो गयी। मृतका सातवीं कक्षा की छात्रा थी और कोयलरा निवासी बीरू गंझू की पुत्री थी। बताया गया कि सुनीता गांव के पास रेल लाइन के समीप बकरी चरा रही थी, तभी अचानक आई मालगाड़ी की चपेट में आ गयी। हादसे में उसके दोनों पैर कट गये। इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पिपरवार राजधर साइडिंग रेल लाइन पर शव रखकर जाम कर दिया, जिससे कोयला ढुलाई ठप हो गयी। भाजपा नेता व पूर्व मुखिया विजय चौबे ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

# रामगढ़ के दोनों जिनालयों में धूमधाम से मनाया गया जन्म कल्याण महोत्सव

**श्री जी का जलाभिषेक कर विश्व शांति की कि गयी प्रार्थना**

**भगवान पारसनाथ के दर्शन और अभिषेक से कष्ट होते है दूर : योगेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** 23वें तीर्थंकर भगवान 1008 श्री पारसनाथ जी का जन्म कल्याण महोत्सव को लेकर सोमवार को शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में दोनों जिनालयों में धूमधाम से जन्म कल्याण महोत्सव मनाया गया। इस दौरान जैन धर्म के दो तीर्थंकर 1008 श्री चंद्रप्रभु भगवान और उपसर्ग विजेता 1008 श्री पारसनाथ भगवान के जन्म और तप कल्याणक बहुत ही उत्साह और भक्तिमय तरीके से आयोजित की गयी। महोत्सव में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महोत्सव का शुभारंभ दोनों जिनालयों में श्री जी की प्रतिमाओं का जलाभिषेक कराकर विश्वशांति की भावना से प्रेरित होकर शांतिधारा की गयी, स्वर्ण कलश से जलाभिषेक मुख्य कार्यक्रम मूलवेदी पर विराजित भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा वाले जिनालय रांची रोड में आयोजित किया गया।



**इन्हें मिला जलाभिषेक और शांतिधारा करने का सौभाग्य**

जलाभिषेक का सौभाग्य रांची रोड जिनालय में योगेश सेटी, निशा जैन सेठी परिवार और राजेन्द्र जैन, राजेश चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं, शांतिधारा का सौभाग्य जय प्रकाश जैन, सुभाष बड़जात्या और पाना देवी सेठी परिवार को प्राप्त हुआ। जबकि, रामगढ़ जिनालय में जलाभिषेक का सौभाग्य विद्याप्रकाश जैन, पद्म छाबड़ा परिवार, इन्द्रमणी देवी चूड़ीवाल, राजेन्द्र जैन, राजेश चूड़ीवाल और जय कुमार जैन, सुभाष बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ और शांतिधारा का सौभाग्य पुष्पा अजमेरा, शांतिलाल जैन, राकेश पांड्या परिवार और अजय जैन, बंटी जैन परिवार को प्राप्त हुआ। सभी धार्मिक आयोजन दोनों जिनालयों में पंडित राजेश शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुए।

**भगवान पारसनाथ के दर्शन और अभिषेक से कष्ट होते है दूर : योगेश :** महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि उपसर्ग विजेता भगवान पारसनाथ के दर्शन और अभिषेक से हमारे ऊपर आने वाले सभी उपसर्ग दूर हो जाते हैं।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान :** कार्यक्रम को सफल बनाने में पद्म सेठी, राजू सेठी, नीरज सेठी, निशान्त सेठी, बबलू सेठी, संदीप सेठी, अनन्त सेठी, नितेश सेठी का योगदान रहा। इसके अलावा कार्यक्रम में जीवन पाटनी, श्याम सुंदर जैन, ललित जैन, देवेन्द्र गंगवाल, सुशील चूड़ीवाला, अरविन्द सेठी, संजय सेठी, विकास रपरिया, अशोक सेठी, उषा अजमेरा, खुशबू चूड़ीवाल, सुधा पाटनी, चांदनी सेठी, कुसुम पाटनी, सरला सेठी, संगीता सेठी, मीना सेठी, कशिश सेठी, अनीता चूड़ीवाल, रेणु चूड़ीवाल, मीडिया प्रभारी श्रवण जैन आदि उपस्थित थे।

CCL
Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कर्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

चक्रधरपुर मंडल के तहत विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति, भारतीय संघ के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा चक्रधरपुर मंडल के तहत निम्नलिखित परिसंपत्तियों की श्रेणियों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है, जो https://www.ireps.gov.in/वेबसाइट में सूचित की गई है। **क्रम संख्या, कैटेगरी, कैटलॉग संख्या, नीलामी की तिथि, नीलामी शुरू होने का समय और नीलामी बंद होने का समय** निम्नानुसार हैं: ● पे एंड यूज़, पीएनयू-सीकेपीडीआईवी-डीईसी, 19.12.2025, 12:30 बजे और 13:00 बजे। ● विज्ञापन, एमएमएस-वीबी-25, 22.12.2025, 12:00 बजे और 12:40 बजे। ● पार्किंग, पार्किंग-सीकेपी-डीईसी, 26.12.2025, 12:00 बजे और 12:30 बजे। ● विज्ञापन, एडीवीटी-एलबी-पीयू-25, 26.12.2025, 12:00 बजे और 12:30 बजे। ● पे एंड यूज़, पीएनयू-लाउंज-सीकेपी, 26.12.2025, 12:30 बजे और 13:00 बजे। ● पार्सल, पार्सलएसएलआर-18101, 26.12.2025, 12:30 बजे और 13:00 बजे। ● मिसलेनियस, एमआईएससी-पीएस-टाटा, 27.12.2025, 11:30 बजे और 12:00 बजे। इच्छुक पार्टी इसका ध्यान रखें एवं ई-नीलामी सूचना के साइट का विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-960) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## नर्स आत्महत्या कांड की गुत्थी सुलझी, बॉयफ्रेंड ने लवली को दिया धोखा, हुआ गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के चट्टी बाजार स्थित बरेलिया नर्सिंग होम में कार्यरत नर्स लवली आत्महत्या कांड की गुत्थी सुलझ गयी है। अपने बॉयफ्रेंड हर्ष कुमार महतो से धोखा मिलने के कारण वह काफी परेशान थी। हर्ष की वजह से ही लवली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस की जांच रिपोर्ट में यह बात स्पष्ट हो गयी है। इस मामले में अनुसंधानकर्ता एएसआई मनोज कुमार के द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज कराई गयी है। साथ ही अभियुक्त हर्ष कुमार महतो को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने लवली के माता-पिता को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। साथ ही उन्हें यह बताया कि पिछले कई महीनों से दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। यहां तक कि निकट भविष्य में हर्ष और लवली शादी करने वाले थे। लेकिन हर्ष ने लवली को धोखा दिया। वह ना तो लवली के फोन का जवाब देता था, ना ही मैसेज का रिप्लाई करता था। रामगढ़ के बरेलिया नर्सिंग होम में लवली पिछले 3 वर्षों से नर्स के रूप में कार्यरत थी। यही बैंडेज पट्टी करने वाला हर्ष से उसकी काम के दौरान मुलाकात हुई। बासल थाना क्षेत्र के ग्राम गेंगदा निवासी हर्ष और ओरमांझी की लवली के बीच काफी नजदीकियां थी। वह दोनों फोन पर भी काफी देर तक बात करते थे। लेकिन जब 2 महीने से उसने बरेलिया नर्सिंग होम में काम छोड़ा तो लवली से भी सारे संबंध तोड़ लिए। उसने अलग-अलग जाति के होने का हवाला देकर शादी करने से इनकार कर दिया। इस बात की पुष्टि मृतका लवली के साथ काम करने वाले नर्स बिंदिया कुमारी, अंजू मुंडा, शीला कुमारी, रेणु कुमारी के बयान से भी हुआ है। लवली और हर्ष महतो के बीच की दोस्ती प्रेम प्रसंग में महीनों पहले बदल गई थी। हर्ष से मिले धोखे के बाद लवली उससे लगातार बात करने का प्रयास कर रही थी। 11 दिसंबर को सुबह से ही लवली ने हर्ष से बात करने की कोशिश की। लेकिन हर्ष ने ना तो कॉल उठाया और ना ही उसने मैसेज का जवाब दिया। लवली ने हर्ष को 20 एसएमएस भी किये थे। लेकिन किसी का भी जवाब हर्ष ने नहीं दिया। जिसकी वजह से लवली काफी परेशान थी। इसी वजह से उसने फांसी भी लगा ली। पुलिस ने हर्ष महतो पर शादी करने के नाम पर दोस्ती करने, बाद में शादी से इनकार करते हुए धोखा देने, शादी करने की बात बोलने पर झगड़ा करने, आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करन, पीड़िता के द्वारा बार-बार मोबाइल पर संपर्क करने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देने, छोटी जाति की बात बोलकर अपमानित कर शादी से इनकार करने का आरोप लगाया है।

## सीसीएल डीटी ने परियोजना सिरका-गिद्दी कोलयरी क्षेत्र का किया निरीक्षण



**गिद्दी/सिरका (आजाद सिपाही)।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र का सोमवार को सीसीएल हेड क्वार्टर रांची डीटी अनूप अंजुरा के द्वारा निरीक्षण किया गया, सबसे पहले डीटी साहब परियोजना कोलयरी सिरका खुली खदान पहुंचे, यहां परियोजना के विषय में पीओ दिलीप कुमार व अन्य अधिकारियों से जानकारी लिया, साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए, इसके पश्चात डीटी कोलयरी गिद्दी पहुंचे, यहां भी उन्होंने खदान समेत कई क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, आगामी दिनों में सीसीएल प्रबंधन अरगड्डा क्षेत्र में कोलियरी का विस्तार सुलभ तरीके से करने की योजना बना रही है, जिसे लेकर खनन कामो में और समस्याओं का निपटारा करने के लिए ग्राउंड जीरो पर उतरकर इसे देखने के बाद आगे सुलभ व्यवस्था कर कदम बढ़ाने की योजना है, मौके पर सिरका में पीओ दिलीप कुमार, प्रबंधन सुभाष कुमार सिंह, अरगड्डा क्षेत्रीय एसओएम सर्वन कुमार, सिरका सेफ्टी ऑफिसर सूजन कुमार दलबेरा, डिस्पैच ऑफिसर धनंजय कुमार सिंह, आउटसोर्सिंग इंचार्ज अनिल कुमार सिंह समेत कई ओवरमैन माईनिंग इंचार्ज उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता



**गिद्दी(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अरगड्डा चेकपोस्ट निवासी देवानंद नायक ने अपने 20 वर्षीय पुत्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने को लेकर रामगढ़ थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार उनका पुत्र सुजीत कुमार नायक दिनांक 11 नवंबर 2025 को सुबह करीब 9 बजे अरगड्डा स्थित घर से बिना किसी को बताए निकल गया, जो अब तक वापस नहीं लौटा है। पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

Before The Exertive Magistrate at Bagodar-Suriya
AFFIDAVIT
I, Jibni Devi W/O Late Bhukhal Saw R/o village Choudharibandh, P/O - Choudharibandh, P/S - Bagodar, Dist- Giridih do hereby solemnly affirm as follows:- 1. That I am aged about 67 Years. 2. That my name Tipani Devi W/O Bhukhal Saw is written on my Adhar No 5693 8673 1778. 3. That my name Tipni Devi D/O Jhagar Saw is written on my Pan No - JUBPD9648M. 4. That my Name Tipni Devi W/O Bhukhl Saw is written on my Voter Id card epic No-HZW2031862. 5. That on my Husband's South eastern Railway's pension payment order P.P.O No 30041016606 my name is written as Jibni Devi W/O Bhukhal Shaw. 6. That all the three Nams Tipani Devi @ Tipni Devi @ Jibni Devi written above are mine. 7. That all the above names Bhukhal Saw @ Bhukhl Saw @ Bhukhal Shaw are written are my husband's name. 8. That now after today, I will known on my name with Jibni Devi W/O Late Bhukhal Shaw. 9. That I furnish this affidavit to verify and declare my name Jibni Devi W/O Late Bhukhal Shaw.
Sl. No-2018, Date-12.12.2025

# परमाणु भंडार पर पाक सेना का कंट्रोल

11 दिसंबर को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को एक बहुत बड़ा पैकेज देते हुए 686 मिलियन डालर के एक सौदे में एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत तकनीक बेचने की स्वीकृति दी और इसके अगले ही दिन एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में तुर्कमेनिस्तान में तुर्की के राष्ट्रपति एदोर्गान तथा रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीच चल रही बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जबरन घुस गये। इसी स्थान पर शहबाज शरीफ तथा पुतिन की मीटिंग होनी थी, परंतु शहबाज शरीफ को 40 मिनट तक इंतजार करवाने के बावजूद पुतिन उनसे मिलने नहीं पहुंचे। इसी कारण शहबाज शरीफ जबरन एदोर्गान तथा पुतिन के बीच हो रही बैठक में घुस आये, परंतु उन्होंने 10 मिनट बाद ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। उक्त घटनाएं दर्शाती हैं कि आजकल ट्रंप की मेहरबानी तथा पाकिस्तान को खुश करने और भारत के मुकाबले पर खड़ा करने के लिए आई लव पाकिस्तान जैसे जुमले कह देने के कारण पाकिस्तान के नेता एक नयी उड़ान भर रहे हैं। ट्रंप ने पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असीम मुनीर और उसके बाद शहबाज शरीफ को अपने साथ बिठा कर डिनर करवाया और भारत पर कटाक्ष करने के लिए पाकिस्तान पर नेमतों की बौछार कर रहे हैं। इसी दौरान अब एक और बड़ा बदलाव आया है, विशेष कर आप्रेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने अपने परमाणु भंडार का कंट्रोल बदलने का फैसला किया है, जिसके लिए पाकिस्तान के शासकों ने संविधान में संशोधन कर दिया है। वैसे तो हमेशा से सेना पाकिस्तानी सरकार पर भारी रही है। चुनाव जितवाना या हराना भी सेना की मर्जी पर निर्भर रहता है, परंतु इस बार खुले आम सेना अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रही है। सेना की ही सहायता से जीते 2024 के चुनावों में जीत का एहसान चुकाने के लिए पाकिस्तान के शासक 27वें संविधान संशोधन के जरिए सेना के आधुनिकीकरण के नाम पर सेना की सर्वोच्चता को स्वीकार करते हुए उसी की डगर पर चलने को खुशी-खुशी राजी हो गये हैं और अब पाकिस्तान की सेना में सेना की चार सितारा वाले पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश भले ही प्रधानमंत्री द्वारा की जायेगी, परंतु वास्तव में नियुक्त उसे ही किया जायेगा जिसे सेना चाहेगी। इस नयी व्यवस्था के परिणाम अत्यंत गंभीर हो सकते हैं। इससे वह संतुलन भी समाप्त हो जायेगा, जो एक शांत लेकिन दक्षिण एशिया के नाजुक सुरक्षा पर्यावरण की स्थिरता का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। ज्वायंट चीफ आफ स्टाफ कमेटी को समाप्त करके और सारी शक्तियां प्रतिरक्षा सेनाओं के मुखिया में निहित करके इस संशोधन द्वारा परमाणु सुरक्षा संतुलन को समाप्त कर दिया गया है, जो एक खतरनाक बात है।

**ज्वायंट चीफ आफ स्टाफ कमेटी को समाप्त करके और सारी शक्तियां प्रतिरक्षा सेनाओं के मुखिया में निहित करके इस संशोधन द्वारा परमाणु सुरक्षा संतुलन को समाप्त कर दिया गया है, जो एक खतरनाक बात है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गोस्सनर इवैंजेलिकल लूथरन कलीसिया (जीईएल) के नाम में दो विशिष्ट व्यक्तियों के नाम जुड़े हुए हैं। पहला, फादर योहन्नेस एवंजेलिस्ता गोस्सनर जिन्होंने जर्मनी के बर्लिन शहर से 1844 को चार मिशनरियों को भेजा, जिनके नाम है- रेवरेंड एमिल, रेव. अगस्त ब्रांट, रेव. फ्रेडरिक बस, रेव. थियोडोर यांकी। दूसरा, डॉ मार्टिन लूथर जो विश्व प्रसिद्ध धर्म मत संशोधक के रूप में विख्यात हैं।**

# ऐतिहासिक ख्रिस्तान डेरा जीइएल चर्च डुमरगड़ी बिलसेरेंग खूंटी



डॉ मोहम्मद जाकिर

छोटानागपुर (झारखंड) की प्रथम मसीही कलीसिया के प्रारंभिक विश्वासी पूर्वजों के अद्भुत शरणस्थान, ऐतिहासिक ख्रिस्तान डेरा, डुमरगड़ी, बिलसेरेंग में अवस्थित हरी-भरी वादियों और कल-कल करते बहती कारो नदी के तट पर सुशोभित दर्शनीय एवं आराध्य स्थल में अगामी नये वर्ष 2026 के 1 फरवरी को उनकी याद में इस बार 169वीं महोत्सव आयोजित किया जायेगा। गोस्सनर इवैंजेलिकल लूथरन कलीसिया (जीईएल) के नाम में दो विशिष्ट व्यक्तियों के नाम जुड़े हुए हैं। पहला, फादर योहन्नेस एवंजेलिस्ता गोस्सनर जिन्होंने जर्मनी के बर्लिन शहर से 1844 को चार मिशनरियों को भेजा, जिनके नाम है- रेवरेंड एमिल, रेव. अगस्त ब्रांट, रेव. फ्रेडरिक बस, रेव. थियोडोर यांकी। दूसरा, डॉ मार्टिन लूथर जो विश्व प्रसिद्ध धर्म मत संशोधक के रूप में विख्यात हैं। उन्होंने मसीही धर्म और सिद्धांत का बाइबल शिक्षा के आधार पर प्रतिपादन किया।

फादर गोस्सनर के आदेश अनुसार चार मिशनरियों को बर्मा देश में सुसमाचार प्रचार करना था, परंतु परमेश्वर की अगुवाई में वे वहां न जाकर चारों मिशनरी 1845 में पहले कोलकाता आये और फिर 2 नवंबर 1845 को रांची पहुंचे। जिस जगह डेरा डाला, उसका नाम 'बेथेसदा ग्राउंड' है। एक टेंट बनाकर रहने लगे। बाद में उसी जगह एक बंगला का निर्माण हुआ, जिसका नाम जुबली बंगला है। उन्होंने यहां आकर सुसमाचार प्रचार के साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य के माध्यम से लोगों के बीच सेवा और सहायता कार्य की शुरुआत की।

**इस चर्च में क्रिसमस, ईस्टर के अलावा 1 फरवरी को कार्यक्रम में सभी भाग लेते हैं।**



**ऐतिहासिक ख्रिस्तान डेरा के 150 वर्ष पूरे होने उपलक्ष्य में उनकी स्मृति में एक बेदी का संस्कार माननीय डिप्टी मोडरेटर एसके जोजो द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2007 में किया गया था। ऐतिहासिक ख्रिस्तान डेरा, हरी-भरी वादियों और कल-कल करते बहती कारो नदी के तट पर सुशोभित दर्शनीय एवं आराध्य स्थल है।**

कलीसिया की शुरुआत 25 जून 1846 को मार्था नामक बालिका के बप्तिस्मा से हुई। इसके पश्चात इस कलीसिया में विश्वासियों की संख्या बढ़ने लगी। बंगला से ठीक सामने वाले रास्ते पर लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर शानदार जीइएल चर्च बनाया गया। जोहान्स इवेंजलिस्ता गोस्सनर ने 13000 रुपये चर्च के निर्माण हेतु दान दिया। इस चर्च की बुनियाद 1851 में रखा गया। चर्च की बनावट अद्भुत है। सूर्खी-चूना से बना यह चर्च एक ठोस चट्टान की तरह दिखता है। चर्च का आर्टिटेक्चर जितना शानदार है, उतना ही इसका इंटीरियर खूबसूरत है। चर्च के अंदर लगा जर्मन घंटा काफी आकर्षक है। 1855 में विधिवत यहां प्रार्थना शुरू हुई. चर्च के अंदर एक साथ सैकड़ों मसीही प्राथना कर सकते हैं।

गोस्सनर कलीसिया की स्थापना के अभी 12 वर्ष ही हुए थे। खीस्तीय विश्वासी पूर्वजों को अत्याचार, असहनीय प्रताड़नाओं आदि का सामना करना पड़ा। विद्रोहियों ने विभिन्न तरह से पूर्वजों को सताया गया।

1857 में सिपाही विद्रोह के छिड जाने से इस कलीसिया में घोर विपत्तियां आयी। जुलाई माह का समय था। मिशनरियों के द्वारा आरंभ किये गये सेवा क्षेत्र पर उथल पुथल की स्थिति हुई। कुछ मसीही और विद्यार्थी उस समय बिल्कुल निःसहाय हो गये।

विद्रोहियों ने रांची खीस्त गिरजाघर में तोप के गोलों से दागा, स्कूल भवन, मिशन बंगला और गिरजा घर को क्षतिग्रस्त किया। एक तोप का गोला चर्च भवन में अभी भी लगा हुआ है, जो चर्च की मजबूती स्वतः बयां करता है। उस जगह पर लिखा हुआ है - याकूब का ईश्वर, मेरा शरण, 1857। इस समय चर्च के खिलाफ विद्रोह हुआ।

अगस्त से सितंबर माह के बीच 1852 ई. में स्थापित बेथेसदा आवासीय विद्यालय रांची के लगभग 120 स्कूली बच्चों के साथ मसीही अपने विश्वास की रक्षा के खातिर मिशन अहाते से भाग निकले। वे जंगल, नदी की पार करते हुए भागते-भागते रांची से 38 किमी दूर स्थित डुमरगड़ी, बिलसेरेंग के जंगल में शरण लिये। कारो नदी के टापुनुमा जंगल में डेढ़ माह तक शरण लेकर अपने बहुमूल्य खीस्तीय विश्वास की रक्षा की थी। जब तक रांची में विद्रोह शांत नहीं हुआ, तब तक भूखे-प्यासे, अभाव-ग्रस्त होकर उस बारिश के मौसम में वे वहां छिपे रहे। इस दरमियान उनमें से कितनों ने भोजन-इलाज के अभाव और बारिश में भीगते रहने की वजह से रोग-ग्रस्त होने के बावजूद अपने विश्वास की रक्षा करते और ईश्वर की आराधना करते हुए स्वर्ग प्रस्थान किया। बचे हुए विश्वासी अपने विश्वास में दृढ़ रहे।

वहां पर उन लोगों ने एक स्टोन क्रॉस गाड़ दिया, जो आज भी मौजूद है। उस स्थान को ख्रिस्तान डेरा के नाम से जाना जाता है। उन दिनों की दर्दनाक घटनाओं के स्मरणार्थ और विश्वास को सुदृढ़ करने के लिये प्रति वर्ष 1 फरवरी के दिन परमेश्वर को धन्यवाद की भेंट अर्पित करने के लिए वृहत पैमाने पर महोत्सव आयोजित किया जाता है।

हजारों लोग इस ऐतिहासिक स्थल पर आकर और उपासना करके परमेश्वर के अनुग्रह और आशीष प्राप्त कर अपने विश्वास को सुदृढ़ करते है। जीइएल चर्च के मोडरेटर, बिशप, पादरी, प्रचारक इस अवसर पर शामिल होते हैं।

इस अवसर पर पहले यहां दो दिवसीय मेला लगता था। अब एक दिवसीय होता है। झारखंड के कई जिलों से हजारों विश्वासी इस महोत्सव में शामिल होते हैं। यहां दूसरे समुदाय के लोग भी इस मेले में आते हैं। व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु करीब 400 कार्यकर्ता अपना योगदान देते हैं। मेले में परंपरागत सामान के अलावा खाने पीने के स्टॉल्स लगाये जाते हैं। यहां पर एक छोटा-सा जीइएल चर्च बनाया गया, जिसका संस्कार 31 जनवरी 2013 को बिशप सीडी जोजो, विशप अमृत जय एक्का ने किया। वर्तमान में करीब 30 ईसाई परिवार इस गांव में रहते हैं। यहां के पादरी मंगल टूटी और प्रचारक योहना बाबा हैं। इस चर्च में क्रिसमस, ईस्टर के अलावा 1 फरवरी को कार्यक्रम में सभी भाग लेते हैं।

ऐतिहासिक ख्रिस्तान डेरा के 150 वर्ष पूरे होने उपलक्ष्य में उनकी स्मृति में एक बेदी का संस्कार माननीय डिप्टी मोडरेटर एसके जोजो द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2007 में किया गया था। ऐतिहासिक ख्रिस्तान डेरा, हरी-भरी वादियों और कल-कल करते बहती कारो नदी के तट पर सुशोभित दर्शनीय एवं आराध्य स्थल है, जिसे धार्मिक-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है।

## कोल्हान की खबरें

### मानदेय बढ़ोतरी में भेदभाव का आरोप, प्रखंड पंचायत समिति सदस्यों ने जतायी नाराजगी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर प्रखंड पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय बढ़ोतरी में भेदभाव का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। यह मामला प्रखंड पंचायत समिति सभागृह में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान उठा। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन ने की, जिसमें उप प्रमुख शिव कुमार हांसदा सहित सभी पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया और अपने-अपने विचार रखे।बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने विधानसभा सत्र में जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में केवल मुखिया के मानदेय में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। सदस्यों का कहना था यह कदम सराहनीय है लेकिन पंचायत समिति सदस्यों और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी की आवश्यकता को नजर अंदाज करना उचित नहीं है। सदस्यों ने एक स्वर में कहा जिस प्रकार मुखिया का चुनाव लगभग 5,000 की आबादी से होता है, उसी तरह पंचायत समिति सदस्य भी समान आबादी के आधार पर चुनाव जीतकर आते हैं। इस प्रकार त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अन्य प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी की आवश्यकता को अनदेखा करना भेदभावपूर्ण है। उन्होंने यह भी अपेक्ष जताई भाजपा विधायक को सभी पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय बढ़ोतरी का मुद्दा विधानसभा में उठाना चाहिए था।बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई, जिसमें आगामी वनभोज सह मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए रणनीति पर विचार किया गया। साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय में कंबल की उपलब्धता पर भी चर्चा की गयी। मौके पर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उप प्रमुख शिव कुमार हांसदा, पंचायत समिति सदस्य सतबीर सिंह बग्गा, किशोर सिंह, रैना पूर्ति, सुनील गुप्ता, सोनिया भूमिज, द्रोपदी मुंडा, नारायण बेसरा, संगीता पात्रों, आरती करूवा, जसमीन गुड़िया, लक्ष्मी बोदरा, दशमनी सुंडी, देवाशीष माडी सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### कल्याण पदाधिकारी बनने पर देवाशीष महतो को कुड़मी समाज ने दी बधाई



**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर कल्याण पदाधिकारी बनने पर देवाशीष महतो को झारखंड आदिवासी कुड़मी समाज के विभिन्न पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोमवार को झारखंड आदिवासी कुड़मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शशिभूषण महतो, संरक्षक संतोष महतो, उपाध्यक्ष अशोक महतो, मदन कुमार महतो, केंद्रीय प्रवक्ता मनसा महतो और महासचिव दिनेश चंद्र महतो ने संयुक्त रूप से देवाशीष की सफलता को समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बताया। उन्होंने कहा देवाशीष ने सीजीएल परीक्षा में कुड़मली विषय का चयन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा देवाशीष महतो मनोहरपुर प्रखंड के उन्धन गांव के निवासी हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से सीजीएल 2023 परीक्षा में सफलता प्राप्त की। समाज ने उनकी उपलब्धि को आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर के 17 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जमशेदपुर महानगर के 17 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गयी। सोमवार को यह घोषणा जिला चुनाव अधिकारी मनोज सिंह और चुनाव पर्यवेक्षक बिरंची नारायण ने की। इस अवसर पर दिन भर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। पूरा कार्यालय में ढोल-नगाड़ों की गूंज रही। मौके पर मनोज सिंह और बिरंची नारायण ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई दी और विश्वास जताया वे संगठन को सशक्त बनाने में अपना योगदान देंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने भी सभी अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं और कहा उनके अनुभव और समर्पण से संगठन को नई दिशा मिलेगी। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों मे पोटका विधानसभा के घाघीडीह से अध्यक्ष आनंद कुमार, मंडल प्रतिनिधि शंकर सिंह, सुंदर नगर से अमित मिश्रा, मंडल प्रतिनिधि- ईश्वर सोरेन, जुगसलाई से सुरज कुमार साह, मंडल प्रतिनिधि- शम्भु कर्मकार, गोविन्दपुर से विवेक कुमार (जुगनू), मंडल प्रतिनिधि मुकेश ठाकुर, जुगसलाई से हन्नु जैन, मंडल प्रतिनिधि- नागेन्द्र पांडेय, जमशेदपुर पूर्वी के गोलमुरी से पप्पू उपाध्याय, मंडल प्रतिनिधि धीरज पासवान, बमार्माइंस से रितेश झा, मंडल प्रतिनिधि सुरज कुमार सिंह, टेल्को से विकास शर्मा, मंडल प्रतिनिधि- पप्पू मिश्रा, बारीडीह से कुमार अभिषेक, मंडल प्रतिनिधि संतोष ठाकुर, सीतारामडेरा से रंजीत सिंह, मंडल प्रतिनिधि- मिथिलेश साव, बिरसानगर से बापन बनर्जी, मंडल प्रतिनिधि श्रीराम प्रसाद, साकची (पूर्व) से युवराज सिंह जुगनू, मंडल प्रतिनिधि सन्नी संघी, जमशेदपुर पश्चिम के साकची पश्चिम से रंजीत कुमार सिंह, मंडल प्रतिनिधि बजरंगी पाण्डेय, उलीडीह रविन्द्र कुमार सिंह, मंडल प्रतिनिधि- अनिमेष सिन्हा, मानगो से बिनोद राय, मंडल प्रतिनिधि विकास जायसवाल, बिष्टुपुर से मारुति नन्दन पाण्डेय, मंडल प्रतिनिधि राजेश नन्द, सोनारी से प्रशांत पोद्दार, मंडल प्रतिनिधि अजय रजक शामिल है। बाकी 11 मंडल अध्यक्षों की घोषणा जल्द ही की जायेगी।

### टाटा स्टील फाउंडेशन और जमशेदपुर कैंसर सोसाइटी ने मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग पहल की शुरुआत की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील फाउंडेशन और जमशेदपुर कैंसर सोसाइटी ने सोमवार को संयुक्त रूप से एक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग पहल की शुरूआत की। जिसका उद्देश्य कलिंगानगर, मेरामंडली और पूर्वी सिंहभूम के वंचित ग्रामीण समुदायों में शुरूआती कैंसर जांच और उपचार की सुविधा प्रदान करना है। इस पहल के तहत प्रत्येक माह तीनों स्थानों पर मोबाइल स्क्रीनिंग शिविर लगाए जायेंगे। जहा मुख, स्तन और सर्वाइकल कैंसर की जांच की जायेगी। साथ ही कैंसर जागरूकता और प्राथमिक रोकथाम सत्र भी आयोजित किए जायेंगे। यह पहल दिसंबर 2025 से मार्च 2028 तक चलेगी। इसमें स्थानीय स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया जायेगा। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक डीबी सुंदर रामम ने कहा समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य देखभाल पहुंचाने की काफी आवश्यकता है। मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट एक नेक प्रयास है, जो अत्याधुनिक स्क्रीनिंग प्रणाली को उन व्यापक जनसमूहों तक पहुंचाने का माध्यम है। जिनके लिए अच्छी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करना मुश्किल होता है। उन्होंने इस परियोजना में शामिल टीम को शुभकामनाएं दी।

### आदित्यपुर में कोल्हान क्षेत्र के पहला 'जेन-जेड' डाकघर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** एनआइटी जमशेदपुर परिसर में कोल्हान क्षेत्र का पहला 'जेन-जेड' डाकघर का भव्य उद्घाटन किया गया। सोमवार को उद्घाटन समारोह में शामिल हुए एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो डॉ गौतम सूत्रधर और वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने फीता काटकर डाकघर का उद्घाटन किया। यह डाकघर पूरी तरह से डिजिटल उपकरणों से लैस है। इसे एक अत्याधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया गया है। डाकघर के भीतर डिजिटल पेंटिंग्स, आधुनिक उपकरण और छात्रों के लिए अनुकूलित स्पेस शामिल हैं। यह प्रयास केवल डाक सेवाओं तक सीमित नहीं बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों को एक आकर्षक और अलग अनुभव प्रदान करना है, जो सामान्य सरकारी दफ्तरों से बिल्कुल अलग होगा। इससे न केवल डाक सेवाओं की गति और पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि एनआइटी जमशेदपुर को एक डिजिटल हब के रूप में स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। मौके पर एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो डॉ गौतम सूत्रधर ने कहा पिछले कुछ वर्षों परिसर में सुरक्षा और सुविधाओं का विस्तार हुआ है। अब यह नवीनीकरण छात्रों के लिए एक बेहतरीन अनुभव लेकर आया है। यह डाकघर कॉर्पोरेट ऑफिस की तरह डिजाइन किया गया है, जिससे छात्रों को इसका पूरा लाभ मिलेगा। वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने कहा कोल्हान क्षेत्र का यह सपना अब सच हो गया। हम इसे सिर्फ एक डाकघर नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव बनाना चाहते हैं जो छात्रों को आकर्षित करे और उनकी डिजिटल जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करे। उद्घाटन समारोह में कोल्हान प्रमंडल के डाककर्मी और एनआइटी कर्मचारियों ने भी भाग लिया। यह डाकघर अब छात्रों के लिए डिजिटल सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, जो उन्हें भविष्य में कई सेवाओं को आसानी से ऑनलाइन एक्सेस करने में मदद करेगा।

### प्रशांत पोद्दार तीसरी बार चुने गये भाजपा के मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी सोनारी मंडल के अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के सफल कार्यकाल के बाद, उन्हें तीसरी बार मंडल का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सोमवार शाम सोनारी मंडल के पार्टी कार्यकताओं ने एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया।मौके पर प्रदेश, जिला और मंडल के वरिष्ठ और अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। समारोह के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रशांत पोद्दार को अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर उत्सव का माहौल देंखने को मिला। जहां जमकर आतिशबाजी की गयी और लड्डू का वितरण किया गया। यह समारोह भाजपा सोनारी मंडल के कार्यकर्ताओं में उत्साह और समर्पण को दर्शाता है। मौके पर भाजपा सोनारी मंडल के अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार ने प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा संगठन ने फिर से मंडल की जिम्मेदारी दी इसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ दायित्व का निर्वाहन करते हुए जनता की सेवा में काम करूंगा। उन्होंने कहा पहली प्राथमिकता संगठन के विकास और पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाना। यह समारोह भाजपा सोनारी मंडल के सामूहिक समर्पण और संगठन की मजबूत स्थिति को प्रदर्शित करता है, जहां कार्यकताओं ने एकजुट होकर न केवल अपने नेता का सम्मान किया, बल्कि पार्टी की सशक्त उपस्थिति का भी अहसास कराया। समारोह में भाजपा सोनारी मंडल के जटा शंकर पांडे, प्रदीप सिंह, नारायण प्रसाद, सत्येंद्र सिंह यादव, उज्जवल सिंह, विकास साहू, अखिल सिंह, कृष्णा यादव, काजल मुखर्जी, नेहा साहू, सीमा रजक, प्रिंस यादव, शशांक शेखर, शंकर सिंह, रमेश साहू, भूपेंद्र सिंह, हीरा लाल रजक, गणेश मल्होत्रा, विराज दे, गौरव नेगी, शंकर सिंह, कैलाश सरदार, राहुल सिंह, कृष्णा सिंह, संजय मुंडा, अभय कुमार, अभिषेक कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in
07

# विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया खजूरी जलाशय योजना का निरीक्षण



खजूरी जलाशय योजना का निरीक्षण करते विधायक नरेश प्रसाद सिंह।

## - किसानों को सिंचाई सुविधा का दिलाया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव/गढ़वा।** विश्रामपुर के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर न केवल भरोसा दिया, बल्कि यह भी यकीन दिलाया कि नहर निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराकर योजनाओं को धरातल पर उतारने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य प्रखंड के प्यासे खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाना है। उक्त बातें सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विरबंधा खजूरी जलाशय परियोजना स्थल का निरीक्षण करने के दौरान बोल रहे थे। कहा कि विशेष रूप से खजूरी जलाशय योजना और बांयी बांकी योजना से कांडी एवं मझिआंव क्षेत्र के किसान बड़े पैमाने पर लाभावित होंगे। बताया कि इन दोनों अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं को मजबूती के साथ सदन में उठाया गया है। विधायक ने कहा कि झारखंड के जल संसाधन मंत्री से मिलकर इन योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करने का आग्रह किया गया है। साथ ही लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर विभाग को समर्पित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीपीआर बनते ही दोनों योजनाओं के पूर्ण होने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। विधायक ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर उनका संघर्ष पहले भी जारी था और आगे भी निरंतर जारी रहेगा। जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। विश्रामपुर की जनता से किए वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इस मौके पर लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार, स्कूटीव इंजीनियर डेविड तिर्की, कनीय अभियंता राजेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, नगर पंचायत क्षेत्र की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, विधायक प्रतिनिधि भानु पासवान आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार/भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को कार-बाइक की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान अखिलेश विश्वकर्मा (21) के रूप में हुई है। वह बलिगढ़ पंचायत अंतर्गत चेचरिया गांव का रहने वाला है। जबकि इसी हादसे में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बरवारीदामर निवासी रोहित कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक अखिलेश विश्वकर्मा अपनी मां के साथ बहन का बंध्याकरण ऑपरेशन कराने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सुबह आया था। जहां बहन को छोड़कर अपने दोस्त रोहित यादव के साथ बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान झगराखांड हाई स्कूल के समीप पुल के पास स्थित तीखे मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात कमांडर वाहन से उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार अखिलेश विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। उधर, टक्कर मारने के बाद कमांडर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने मृतक और गंभीर रूप से घायल युवक को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टरों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रोहित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लगे हाथ अखिलेश के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे। अगर हेलमेट पहने होते तो शायद युवक की जान बच सकती थी। दूसरी ओर, जैसे ही घटना की सूचना चेचरिया गांव पहुंची, शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सगमा में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन, किसानों में हर्ष

**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के सगमा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को धान क्रय केंद्र का शुभारंभ हुआ। सगमा के बीरबल गांव में भारत सरकार की ओर से संचालित एफपीओ के अधीन सखी फार्मर प्राइवेट लिमिटेड, बीरबल केंद्र में धान अधिप्राप्ति केंद्र का भव्य उद्घाटन हुआ। इससे क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदगोपाल यादव, प्रखण्ड प्रमुख अजय शाह, बीरबल के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, सोनडीहा के मुखिया पति हनुमंत यादव और जनार्दन प्रसाद यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख अजय शाह ने कहा कि सरकार की ओर से धान क्रय केंद्र खोलने में थोड़ा विलंब जरूर हुआ है। पर इस केंद्र के खुलने से सगमा प्रखण्ड के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी। वहीं, पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव ने कहा कि धान क्रय केंद्र शुरू होने से किसानों को अपने उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। बीरबल के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा ने सभी किसानों से अपील की कि वे इस केंद्र के माध्यम से अपना धान बेचें और सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से अधिप्राप्ति मूल्य 24 रुपये 50 पैसे निर्धारित किया गया है।



## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

### जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी

**रोजगार मेला– 19.12.2025**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को देश–विदेश के निजी क्षेत्रों में रोजगार के सुअवसर प्राप्त करने हेतु नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय खूँटी के द्वारा दिनांकः–19 दिसम्बर 2025, दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:00 बजे से कचहरी मैदान खूँटी में रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेला में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SN | Name and Address of the Employers | Name of the Post | No. Of Vacancies Male | No. Of Vacancies Female | Qualification | Experience | Salary | Age (Min-Max) | PF & ESIC (Yes/No) | Accommodation & Food Services (Yes/No) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | ix | x | xi | xii |
| 1 | Utkarsh Small Finance Bank, Khunti | Field Officer | 30 | 10 | 12th & Above | Any | 12000-14000/- (Lodging Free) | 18-30 | Yes | Yes | Khunti,Ranchi |
| | | BM | 5 | 0 | Graduation | Any | 15000/-18000/- | 18-30 | Yes | Yes | Khunti,Ranchi |
| 2 | Rane health care,Khunti | Nursing Staff | 0 | 6 | GNM/ANM/BSC Nursing | 1 Year | 8000/-12000/- | 18-30 | NO | NO | CKP,Khunti, Gumla,Bundu |
| | | GDA | 4 | 0 | GDA | | 8000/-10000/- | | | | |
| | | Lab Technician | 1 | 0 | BMLT/DMLT | | 10000/-15000/- | | | | |
| | | Pharmacist | 1 | 0 | B Pharma/D Pharma | | 10000/-15000/- | | | | |
| | | Dresser | 1 | 0 | Dresser | | 10000/-12000/- | | | | |
| | | OT Technician | 1 | 0 | OT Technician | | 10000/-12000/- | | | | |
| | | X-Ray Technician | 1 | 0 | Radiologist | | 10000/-12000/- | | | | |
| | | Dreiver | 1 | 0 | 10th | | 10000/-15000/- | | | | |
| | | Receptionist | 0 | 1 | Inter with Comp Knowledge | | 8000/-12000/- | | | | |
| | | Guard | 2 | 0 | 10th | | 10000/-12000/- | | | | |
| | | Marketing | 2 | 0 | Graduation | | 10000/-15000/- | | | | |
| 3 | Namra Finance Ltd, Ranchi | Field Officer | 15 | 0 | 12th & Above | Any | 14000-15000/- Inhand (PF, ESIC & Accomodation Free) | 18-30 | Yes | NO | Kunti,Torpa, Bero,Bundu |
| | | BM | 2 | 0 | Graduation | Banking | Last CTC | 18-30 | YES | YES | Pan Jharkhand |
| 4 | SIS Iidia Ltd, JSR | Security Guard | 100 | 20 | 8th & Above | Any | 13000/-26000/- | 18-35 | YES | Lodging Free | Ranchi,Jamshedpur, Odisha,Kolkata |
| | | Security Supervisor | 30 | 0 | | Any | | | YES | | |
| 5 | Nimson Herbal India Private Limited,Ayodhya | Office Assistant | 15 | 15 | 12th & Above | 6th months-1 Year | 22500/- | 25 Plus | YES | YES | Jharkhand, Bihar |
| | | Sales Manager | 10 | 10 | Graduation | 1 Year | 27500/- | 20 Plus | | | |
| | | Branch Manager | 2 | 3 | MBA/PG | 2 Year | 35000/- | 25 Plus | | | |
| | | Sales Executive | 30 | 25 | 12th & Above | Any | 15500/- | 18-30 | | | |
| 6 | Quantum Knits Pvt.Ltd, Coimbatore | SMO (Sewing Machine Op) | 200 | 100 | 5th & Above | No | 15000/-25000/- | 18-40 | YES | YES | Coimbatore |
| | | Nurse | 0 | 2 | Diploma/ANM | 1 Year | | | | | |
| | | Warden | 0 | 2 | 12th & Above | 1 year | | | | | |
| | | Supervisor | 2 | 0 | Diploma in textille | 1 Year | | | | | |
| 7 | WCSF Charity Spirit Foundation, Chatra | Block Coordinator | 0 | 2 | 12th & Above | 1 years | 12000/- | 18-36 | NO | NO | Khunti, Murhu,Arki,Rania, Torpa,Simdega,Karra |
| | | Panchayat Mahila Mitra | 0 | 28 | 8th & Above | Any | 2500/- Stipend | 18-36 | | | |
| | | Field Sales Executive | 3 | 3 | 10th & Above | Any | 8000/-12000/- | 18-36 | | | |
| | | Website Designer | 1 | 0 | Graduation | 1 Year | 12000/- | 18-36 | | | |
| | | Pharmacist | 2 | 1 | B Pharma/D Pharma | 1 Year | 13000/-18000/- | 18-36 | | | |
| 8 | Blinkit Pvt Ltd, | Picker | 50 | 0 | 8th & Above | Any | 12000/- to 21000/- | 18-35 | YES | YES | Gurgaon |
| | | Packer | 50 | 0 | | | | | | | |
| | | Scanning | 50 | 0 | | | | | | | |
| | | Billing | 50 | 0 | | | | | | | |
| 9 | Dev Automobile, Khunti | Mechanic | 1 | 0 | 10th & Above | 1 Year | 9000/- to 12000/- | 18-35 | YES | NO | Khunti |
| | | Sales Executive | 2 | 1 | 10th & Above | Any | | | | | |
| 10 | Raj Automobile, Khunti | Mechanic | 1 | 0 | 10th & Above | Any | 8000/- to 12000/- | 18-35 | YES | NO | Khunti |
| | | Sales Executive | 1 | 1 | 10th & Above | Any | | | | | |
| 11 | L&T Construction, (Construction Skills Training Institute (CSTI)) | CIVIL | 100 | | 8th to 12th & ITI | Any | 15500/- | 18-35 | NO | YES | Surat,Mumbai,Dahej |
| | | WELDER | 50 | 0 | ITI | Any | 15500/- | 18-35 | NO | YES | |
| | | FITTER | 50 | 0 | ITI | Any | 15500/- | 18-35 | NO | YES | |
| | | ELECTRICIAN | 50 | 0 | ITI | Any | 15500/- | 18-35 | NO | YES | |
| 12 | Good Wll India Management Group of Company, New Delhi | Supervisor | 30 | 0 | 10th & Above | Any | 12500/- | 18-35 | YES | YES | Delhi,Jharkhand |
| | | ABM | 30 | 0 | Graduation | | 23700/- | 18-35 | | | Bihar |
| | | Comp Operator | 30 | 0 | MBA/Diploma | | 15000/- | 18-35 | | | Haryana |
| | | Receptionist | 0 | 30 | 12th with Comp | | 15000/- | 18-30 | | | Delhi, |
| 13 | Cipet,Ranchi | Machine operator | 100 | 0 | 12th & Above | Any | 12000/- to 15000/- | 18-28 | Job will be Provided after completion of training through Pan India | Depnds on Placements | Pan India |
| 14 | Prejha Foundation (PANIIT),Ranchi | Tiles Mason | 150 | 0 | 10th & Above | Any | 40000/- | 18-32 | YES | YES | Dubai |
| | | Plumber Construction | 60 | 0 | 5th & Above | | 20000/- to 24000/- | | YES | | PAN INDIA |
| | | Electrical Vehical Driving | 40 | 0 | 10th & Above | | 17000/- to 22000/- | | NO | | |
| | | Forklift Operator | 100 | 0 | 10th & Above | | 21000/- | | YES | | |
| | | Assembly Line Operator | 100 | 0 | 8th & Above | | 15000/- to 17000/- | | YES | | |
| 15 | M/S Ranchi Security Pvt Ltd,Ranchi | Centre Manager | 2 | 2 | Graduation | 6 Years | 20000/-25000/- | 18-45 | YES | YES | Gumla,Ranchi,Odisha |
| | | Manager Operation | 1 | 1 | Graduation | 5 Years | 18000/-22000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi,Odisha |
| | | Manager Admin | 1 | 1 | Graduation | 5 Years | 18000/-22000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi,Odisha |
| | | Automotive Electrical Vehical Trainer | 3 | 2 | Diploma | 2 Years | 15000/-18000/- | 18-45 | | | Sundargarh,Odisha |
| | | Solar Lightning Assembler Trainer | 5 | 0 | Diploma | 2 Years | 15000/-18000/- | 18-45 | | | Sundargarh,Odisha |
| | | Mobilizer/Field Officer | 5 | 5 | 12th & Above | 1 Years | 12000/-18000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi,Odisha |
| | | AI Trainer | 3 | 2 | Diploma | 2 Years | 15000/-18000/- | 18-45 | | | Sundargarh,Odisha |
| | | MIS Executive | 5 | 5 | Graduation | 2 Years | 12000/-18000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi,Odisha |
| | | Telecaller | 1 | 1 | 12th & Above | 2 Years | 8000/-12000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi,Odisha |
| | | SMO Trainer | 0 | 10 | 10th & Above | 1 Years | 12000/-15000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi |
| | | Driver | 5 | 0 | 10th & Above | 5 Years | 12000/-15000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi |
| | | Housekeeping Staff | 3 | 3 | Any | 1 Years | 5000/-8000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi |
| | | Cook | 3 | 3 | Any | 2 Years | 8000/-12000/- | 18-45 | | | Gumla,Ranchi |
| 16 | Quess Corp,West Bngol | Machine operator | 50 | 0 | 10th & Above | Any | 16000/-19000/- | 18-35 | YES | YES | Gujarat |
| | | Maintainenace | 50 | 0 | | | | | | | |
| | | Assembly Line Operator | 30 | 0 | | | | | | | |
| | | Quality Check | 20 | 0 | | | | | | | |
| 17 | Airtel Payment Bank, Ranchi | Promotor | 20 | 10 | 10th | Any | 12700/- | 18-40 | YES | NO | Home Town |
| | | Marchant Promotor | 30 | 0 | 10th | Bike Mandatory | 12700/- | | | | |
| 18 | Pragati Fin Serv, Hyderabad | Pragati Mitra | 5 | 5 | 10th & Above | Any | 14000/-16000/- | 19-28 | YES | YES | Khunti |
| | | Sr. Pragati Mitra | 5 | 5 | | | | | | | |
| 19 | Mohan Medical, Khunti | X-Ray Technician | 1 | 0 | Radiologist | 1 Year | 12000/-20000/- | 18-30 | YES | NO | Khunti |
| | | Lab Technician | 1 | 0 | Pathologist | 1 Year | 6000/-12000/- | 18-30 | YES | | |
| | | Pharmacist | 1 | 0 | B.pharma.D.Pharma | 3 Year | 6000/-12000/- | 18-30 | YES | | |
| 20 | AK Industries, Noida | Operator | 150 | 0 | 10th,ITI,Diploma | Any | 11021/- | 18-35 | YES | YES | Noida |
| 21 | Rohit Security & Services,Ranchi | Security Supervisor | 10 | 0 | 10th & Above | 4 Years | 15000/-20000/- | 18 Plus | YES | YES | Jharkhand |
| | | Security gurd | 50 | 0 | | Any | 9000/-11000/- | | | | |
| | | Gun Man | 30 | 0 | | 1 Year | 15000/-20000/- | | | | |
| 20 | SGVS Hospital, Anigara,Khunti | Ophthalmologist | 1 | | MS, MBBS | 3 Years | 60000/- | No Age Baar | N100O0 | 0N0O0 | 0K0h0u0n0t0i0 |
| | | 0A0y0u0s0h0 0D0o0c0t0o0r0 | 010 | | 0B0H0M0S0 | 010-020 0Y0e0a0r0s0 | 02050000/- | 30-50 | NO | | |
| | | Pharmacist | 1 | | B Pharma/D Pharma | 1-2 Years | 13000/- | 25-35 | NO | | |
| | | Ophthalmic Assistant | 1 | 1 | Diploma in Paramedical | 3 Years | 10000/- | 25-40 | YES | | |
| | | Accountant | 1 | | B.com and Tally | 2-3 Years | 8000/- | 25-30 | YES | NO | |
| | | Data Operator | 1 | | Graduation/ADCA | Typing 20w/m | 8000/- | 25-30 | YES | | |
| | | GNM | 1 | | GNM | 2 Years | 6000/- | 22-25 | YES | | |
| | | ANM | 0 | 2 | ANM | 2 Years | 5000/- | 20-25 | NO | | |
| | | Driver | 2 | 0 | 12th | 3 Years | 8000/- | 25-30 | | | |
| | | Night Guard | 2 | 0 | | Any | 7000/- | 25-35 | | | |
| | | Science Teacher | 1 | | Dl.ed/B.ed | | Negotiable | 25-30 | | | |
| | | Math Teacher | 1 | | | | | 25-30 | | | |
| | | Sanskrit Teacher | 1 | | | | | 25-30 | | | |
| 23 | Nirmal Mart, Khunti | Sales Executive | 1 | 1 | 10th & Above | Any | 8000/- | 18-35 | NO | NO | Khunti |
| | | Computer Op | 1 | 0 | DCA/ADCA | Any | 9000/- | 18-35 | | | |
| 24 | ASPN Infodynamic Pvt.Ltd., Noida | Assembly | 25 | 0 | 10th,ITI,Diploma | Any | 18000/- | 18-40 | YES | YES | Noida,Delhi,Gurgaon, Haryana |
| | | Helper | 25 | 0 | | | 15000/- | | | | |
| | | Electrician | 50 | 0 | | | 16000/- | | | | |
| | | Store Keeper | 25 | 0 | | | 15500/- | | | | |
| | | Fitter | 50 | 0 | | | 17000/- | | | | |
| 25 | Maruti Mod Mobile,Khunti | Manager | 1 | 0 | Graduation | 5 Years | 20000/-25000/- | 25-35 | YES | NO | Khunti |
| | | Supervisor | 1 | 0 | Draduation/ITI/Diploma | 3 Years | 15000/-20000/- | 25-35 | YES | NO | Khunti |
| | | Head Machanic | 1 | 0 | ITI/Diploma in machanic | 5 Years | 15000/-2000/- | 25-40 | YES | NO | Khunti |
| | | Helper | 1 | 0 | 10th & Above | Basic Vehicle Knowledge | 80000/-10000/- | 20-30 | YES | NO | Khunti |
| | | Store Keeper | 1 | | Graduation | Basic Vehicle Knowledge with 1 Years exp | 10000/-15000/- | 22-35 | YES | NO | Khunti |
| | | Customer Care | 0 | 1 | Graduation | With good Communication Skills | 8000/-10000/- | 20-30 | NO | NO | Khunti |
| | | Car Wash Staff | 1 | 0 | Any | Any | 8000/-1000/- | 20-35 | NO | NO | Khunti |
| | | Cleaning Staff | 1 | 0 | Any | Any | 8000/-10000/- | 20-40 | NO | NO | Khunti |
| | | Accountant | 1 | 0 | B.com and Tally | 2-3 Years | 18000/-20000/- | 22-35 | NO | NO | Khunti |
| 26 | National Career Service For ST/SC,Govt. of India Ranchi | Shorthand Training | 100 | 100 | 12th & Above | Any | For the Training Purposes | 18-30 | NO | NO | Ranchi |
| | | Comp ADCA | 100 | 100 | 12th & Above | | | | | | |
| | | Typing | 100 | 100 | 12th & Above | | | | | | |
| 27 | National Career Service For Differently Abled, Ranchi Govt. of India | Vocational Training (Non Formal) | 15 | 10 | Training for the Matric or Non Matric Jobseekers with Disability 40% | Any | Stipend 2500/- for 1 Year | 15-50 | NO | NO | Ranchi |
| 28 | GS ENTERPRISES VARANASI | ABM | 20 | 12 | 10th & Above | Any Any | 16500/- | 18-30 | NO | YES | VARANASI |
| | | SUPERVISOR | 17 | 16 | | | 14500/- | | | | PRAYAGRAJ |
| | | STORE KEEPER | 13 | 10 | | | 13000/- | | | | KANPUR |
| | | TALE CALLER | 15 | 15 | | | 10500/- | | | | LUCKNOW |
| | | FIELD EXECUTIVE | 18 | 22 | | | 10000+ | | | | LUCKNOW |

इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 368633 Labour Employment and Traning (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में सिलेंडर फटा, बचे मासूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के सेन्हा खास स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को बच्चों के लिए भोजन बनाने के दौरान किचन में गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। आंगनबाड़ी सहायिका की सूझबूझ और ग्रामीणों की तत्परता से केंद्र के सभी नन्हे मुन्हे बच्चे और रसोइया सुरक्षित बाहर निकल गये, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि इस घटना में गैस सिलेंडर, चूल्हा और रेगुलेटर पाइप क्षतिग्रस्त हो गये। सहायिका उर्मिला देवी ने बताया कि वह बच्चों के लिए पौष्टिक आहार बना रही थीं, तभी गैस पाइप में लीकेज के कारण अचानक सिलेंडर में आग पकड़ ली। उन्होंने सर्वप्रथम, सभी बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र से बाहर निकाला गया और मदद के लिए शोर मचाया गया। शोरगुल सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा पंचायत के मुखिया धनवाज उरांव तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस घटना को बाल विकास परियोजना विभाग की 'लचर व्यवस्था का नमूना' करार दिया। मुखिया उरांव ने कहा कि जब से आंगनबाड़ी केंद्रों को गैस सिलेंडर मुहैया कराये गये हैं, तब से उनकी न तो कोई निगरानी हुई है और न ही कहीं पाइप-रेगुलेटर बदले गये हैं। उन्होंने विभाग से तत्काल यह अनुरोध किया है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस संचालन के माध्यम से पाइप और रेगुलेटर की जांच कराई जाए, और क्षतिग्रस्त सामान को अविलंब बदला जाये।

# बरवाडीह में तीन धान खरीद केंद्र का उद्घाटन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और विपणन प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से प्रखंड क्षेत्र के तीन धान अधिप्राप्ति केंद्रों का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। ये केंद्र बरवाडीह, बेतला एवं छिपादोहर में स्थापित किए गये हैं। जिससे क्षेत्र के किसानों को स्थानीय स्तर पर ही धान बेचने की सुविधा मिल सकेगी। धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने फीता काटकर शुभारंभ किया। वही इस दौरान कांग्रेस नेता विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू तथा 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बरवाडीह मुखिया कालो भी शामिल रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने किसानों को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जानकारी दी गयी कि सरकार द्वारा धान की खरीद 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जायेगी। साथ ही किसानों को एकमुश्त एवं त्वरित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिलेगा और बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, लैंपस अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह, मंगरा निवासी महिला किसान हीरामणि देवी उपस्थित रहे।

# मनिका में धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को राहत



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका लैंप्स परिसर में दिन सोमवार को धान क्रय केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। वहीं उद्घाटन समारोह के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कामेश्वर यादव, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, सांसद प्रतिनिधि अंकित कुमार, कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष महेश सिंह, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, भाजपा नेता लव कुमार दुबे,राजद नेता जितेंद्र यादव, बलि यादव तथा ग्राम प्रधान रजत कुमार समेत कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर धान क्रय केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र पासवान ने कहा कि धान क्रय केंद्र के खुलने से क्षेत्र के किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। अब किसानों को अपना धान बेचने के लिए दूर-दराज के क्रय केंद्रों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद सुनिश्चित होने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वहीं महेश सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले।

# किसान सरकार को धान दे, मुनाफा का लाभ उठायें : मनीष कुमार



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की धान अधिप्राप्ति योजना 15 दिसंबर से शुरू हो गया। सरकार द्वारा राज्य के किसानों को राहत देते हुए धान खरीद केंद्रों पर किसानों से धान की खरीद आरम्भ कर दी गयी। उसी निमित प्रखंड मुख्यालय में संचालित लैम्पस के अलावे बुटी, बदला और अलौदी लैंपस भी में किसानों से धान खरीदारी आरम्भ किया गया है। जो सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ बोनस जोड़कर किसानों को 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने का निर्णय लिया गया है और इस वर्ष किसानों को एक सप्ताह के अंदर धान अधिप्राप्ति का मूल्य किसान के खाते में देने की घोषणा सरकार द्वारा की गयी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए उपस्थित किसानों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा किसान इस योजना का लाभ उठायें और अन्य किसान को भी धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान विक्रय के लिये प्रेरित करें। वही इससे पूर्व धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला,मुखिया धनवाज उरांव प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा मौजूद थे।

# नये राशन कार्डधारियों को मुफ्त में मिलेगा गैस कनेक्शन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उज्ज्वला 3.0 योजना के तहत नये राशन कार्डधारियों को मुफ्त में गैस कनेक्शन सहित चूल्हा दिया जायेगा। जिसके तहत किस्को में स्थित देव भारत गैस एजेंसी में नये हरा, पिला एवं गुलाबी राशन कार्ड धारियों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन देने हेतु फॉर्म भरने का प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। मामले की जानकारी देव भारत गैस एजेंसी के संचालक मनोज कुमार एवं आशीष कुमार ने देते हुए बताया कि गैस कनेक्शन हेतु बिचौलिए के चक्कर में ना पड़े और कार्यालय पहुंचकर फॉर्म जमा करें। इसके बाद प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त में गैस चूल्हा वितरण किया जायेगा।

# विपक्ष की रणनीति से भाजपा कमजोर नहीं होगी: विधायक

## कार्यकर्ताओं के दलबदल की खबरों पर भाजपा नेताओं ने खोला मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के झामुमो में शामिल होने को लेकर चल रही चर्चाओं और प्रकाशित खबरों को लेकर सोमवार को चंदवा में भाजपा नेताओं ने मोर्चा खोल दिया। लातेहार विधायक प्रकाश राम, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता एवं राजू उरांव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर स्पष्ट कहा कि भाजपा को कमजोर दिखाने की कोशिश विपक्ष की सोची-समझी रणनीति है, जिसका जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित, अनुशासित और संगठनात्मक रूप से मजबूत पार्टी है। यहां कार्यकर्ता किसी स्वार्थ या लालच से नहीं, बल्कि सिद्धांतों के आधार पर जुड़े रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग जमीन लूट, ठेकेदारी और निजी फायदे की राजनीति करना चाहते हैं, वे भाजपा में टिक नहीं पाते और ऐसे लोग अवसरवादी दलों का रुख कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि झामुमो अपने ही गठबंधन के लोगों को पार्टी में शामिल कर इसे भाजपा से जोड़कर प्रचारित कर रहा है, ताकि राजनीतिक लाभ लिया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि झामुमो के अंदर गुटबाजी अपने चरम पर है। पार्टी के भीतर चल रहे आंतरिक संघर्ष और असंतोष को छिपाने के लिए भाजपा को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।

इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने संगठन की स्थिति स्पष्ट करते हुए बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं मंडल कार्यसमिति की सूची सार्वजनिक की। उन्होंने कहा कि भाजपा से सिर्फ एक व्यक्ति मनीष गुप्ता के पार्टी छोड़ने की बात सामने आई है, इसके अलावा कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी से नहीं गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके उलट कई लोग भाजपा की नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने के लिए संपर्क में हैं और जल्द ही उचित समय पर उन्हें भाजपा में शामिल कराया जायेगा। वहीं राजू उरांव ने झामुमो पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जल-जंगल-जमीन की बात करने वाली पार्टी चंदवा हल्का तीन के ग्राम बोरसीदाग में आदिवासियों की जमीन लूट को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि सादे पट्टे और फर्जी लोगों के सहारे आदिवासी जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है, जो बेहद गंभीर मामला है। राजू उरांव ने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार ऐसे भ्रष्ट तत्वों को संरक्षण दे रही है। संगठन को मजबूती देने का संकल्प, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया।

# लापता युवक की बरामदगी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एनएच 39 किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के बनहार्दी पंचायत के रहने वाले मनोज उरांव पिता बालेश्वर उरांव उम्र लगभग 36 वर्ष अपने घर बनहार्दी से लातेहार जाने के लिए 3 दिसंबर को मोटरसाइकिल से निकले और लातेहार मनोज उरांव नहीं पहुंच पाए मनोज उरांव की पत्नी सोनी देवी ने बतलाया कि अपने बाल बच्चों के साथ मनोज उरांव लातेहार में रहते हैं और वहीं पर रहकर अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई करते हैं इसी को लेकर हुए बन हरदी से लातेहार शाम में जा रहे थे हमसे लास्ट 3 दिसंबर को बात हुई वह बताये कि उदयपुरा पहुंच गये हैं। लातेहार डेरा में रात्रि होने के बाद भी नहीं पहुंच पाये दूसरे दिन काफी खोजबीन परिवार वालों के साथ सभी लोगों ने किया 4 दिसंबर तक उनका फोन में कॉल करने के बाद कॉल लग रहा था। लेकिन पता नहीं चल पा रहा था कि वह कहां है तब 5 दिसंबर को अपने ससुर और घर वालों की मदद से चंदवा थाना पहुंचकर इसकी शिकायत आवेदन देकर किया परंतु 10-12 दिन हो जाने के बाद भी पुलिस यह पता नहीं लगा पायी है की मनोज उरांव कहां है और कैसे है हम लोग मजबूर होकर एनएच जाम किए हैं। मुझे अभी भी अपने पति के खोज के लिए पुलिस से आग्रह कर रही हूं कि हमारा पति कहां है और कैसे हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर रणधीर कुमार के आश्वासन के बाद सड़क जाम को खोला गया। पुलिस इस कार्य को प्रमुखता से लेते हुए जल्द मनोज उरांव को पता लगाने में अपना कार्य करेगी। इस अवसर पर बनहार्दी ग्राम के सैकड़ो ग्रामीण सड़क जाम में मौजूद थे।

# लातेहार में रेलवे ट्रैक से युवती का शव बरामद


**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस ने सोमवार देर रात एक अज्ञात युवती का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार युवती का शव बरकाकाना-बरवाडीह सीआइसी सेक्शन में डेमू लातेहार स्टेशन के समीप, पोल संख्या 215/22/24 के पास पड़ा हुआ मिला। बताया जा रहा है कि मृतका की उम्र करीब 21 वर्ष के आसपास होने की संभावना जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मृतका की पहचान करने के साथ-साथ यह पता लगाने में जुटी है कि मामला आत्महत्या, दुर्घटना या किसी अन्य कारण से जुड़ा है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

# नेतरहाट में अवैध होटल कारोबार पर प्रशासन सख्त

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट में लंबे समय से संचालित हो रहे अवैध होटल कारोबार पर अब प्रशासन शिकंजा कसने की तैयारी में है। एसडीओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, प्रशासन को इस संबंध में पहले ही सूचना मिल चुकी है और इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने बताया कि बहुत जल्द नेतरहाट के सभी होटलों की गहन जांच शुरू की जायेगी। जांच के दौरान होटल रेट चार्ज, पार्किंग व्यवस्था, फूड लाइसेंस, जीएसटी पंजीकरण, फायर सेफ्टी और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जायेगी। स्थानीय ग्रामीणों और व्यवसायियों का कहना है कि यदि अवैध होटल माफिया पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो नेतरहाट की शांति, प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन प्रतिष्ठा पर दीर्घकालिक नकारात्मक असर पड़ेगा।

# किसान बिचौलियों से बचें, लैंपस में ही धान बेचें : लाल विकास नाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू।** कुडू प्रखंड अंतर्गत चंदलासो लैंपस लिमिटेड परिसर में स्थापित धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन सोमवार को सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ शाहदेव, चंदलासो पंचायत की मुखिया दशमति उरांव एवं उप मुखिया अखिलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ शाहदेव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र किसानों के हित में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि किसान बिचौलियों के झांसे में न आएं और अपने धान की बिक्री सीधे धान अधिप्राप्ति केंद्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही करें, ताकि उन्हें उनकी मेहनत का पूरा लाभ मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो। लाल विकास नाथ शाहदेव ने आगे कहा कि इस वर्ष झारखंड सरकार द्वारा किसानों से धान की खरीद 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जायेगी तथा खरीदी गयी धान की राशि किसानों के बैंक खाते में एकमुश्त और पारदर्शी तरीके से सीधे भुगतान की जायेगी। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से पंजीकरण कराने की अपील करते हुए कहा कि पंजीकरण की सुविधा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है और समय पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है और धान अधिप्राप्ति केंद्र के संचालन से क्षेत्र के किसानों को अब दूर-दराज के बाजारों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और परिवहन खर्च दोनों की बचत होगी। उद्घाटन के अवसर पर पंचायत की मुखिया दशमति उरांव, उप मुखिया अखिलेश कुमार सिंह, पंचायत कार्यकारिणी सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, कांग्रेसी नेता राजीव टाना भगत, ग्राम प्रधान भिखारी उरांव, पाहन दशरथ उरांव, कृषक मित्र अनिल उरांव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# सूंड़ी समाज का ऐतिहासिक सम्मेलन मोरहाबादी मैदान में होगा : धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** नई दिल्ली के प्यारेलाल भवन में आयोजित सूंड़ी समाज का अंतरराष्ट्रीय सूंड़ी समाज सह वैश्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में उपस्थित समाज के हजारों लोगों के बीच मुख्य आतिथ्य करते हुए धीरज प्रसाद साहू पूर्व राज्यसभा सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अपनी निजी स्वार्थों को तिलांजलि देते हुए समाज की अनावरत उत्थान को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। समय आ गया है कि सूंड़ी वैश्य समाज यह संदेश मजबूती के साथ छोड़े कि हम चाहे तो सामाजिक और राजनीतिक दोनों ही रुख को बदलने की ताकत रखते है। हम सभी को आपस मे टूटने और बिखरने से बचना चाहिए एवं सामाजिक रुतबा को इस तरह प्रस्तुत करना चाहिए कि सामने वाला कोई भी राजनीतिक या अन्य संगठन हमारे समाज को अनदेखा करने की गुस्ताखी ना करें। हम सभी को इस महासम्मेलन के माध्यम से अपनी बेजोड़ एकजुटता एवं मजबूत होने का संदेश समाज के हर मानिंदो के बीच पहुंचानी चाहिए। हमे नही भूलना चाहिए कि हम भगवान सहस्त्रबाहु, गुरु गोविंद सिंह के पीढ़ी है। वहीं धीरज प्रसाद साहू ने मंच से घोषणा किये कि आनेवाली नववर्ष 2026 में सूंड़ी समाज का ऐतिहासिक महासम्मेलन झारखण्ड की राजधानी रांची का मोरहाबादी मैदान में करेंगे। इस दौरान सूंड़ी समाज के प्रतिनिधियों में शामिल राष्ट्रीय संयोजक शिवरतन गुप्ता, लोहरदगा सूंड़ी समाज अध्यक्ष रितेश कुमार द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर, बुके देकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर मुख्य अतिथि धीरज प्रसाद साहू का स्वागत किया गया। साथ ही साथ सूंड़ी समाज के स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

# सड़क हादसे में युवक घायल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा शहर के पावरगंज चौक में सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल युवक की मदद किया। समाजसेवी बबलू कुमार के सहयोग से घायल को ऑटो से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तैनात चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। घायल युवक की पहचान लोहरदगा शहर के टंगरा टोली निवासी शंकर उरांव के रूप में की गयी है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल युवक की स्थिति स्थिर बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर थाना पुलिस सक्रिय हुई। सदर थाना के सब-इंस्पेक्टर शरीक खान सदर अस्पताल पहुंचे और घायल युवक से घटना के संबंध में जानकारी लिया। पुलिस ने मौके की परिस्थितियों और अज्ञात वाहन की पहचान को लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ कर रही है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय युवा दिवस-2025 को लेकर 19 दिसंबर 2025 को खेल विभाग लोहरदगा की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। 19 दिसंबर 2025 को नया नगर भवन, लोहरदगा में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जायेगा। भाषण प्रतियोगिता में इमरजेंसी पीरियड एण्ड वॉलेशन ऑफ कंस्टीट्यूटशन इन इंडिया एंड सेफगार्डिंग डेमोक्रेसी एंड डेमोक्रेटिग वेल्यू के विषय पर प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार मध्य विद्यालय कुटमू में नशामुक्त युवा/ यूथ फॉर हेल्दी लाइफस्टाइल के थीम पर चित्रकला का आयोजन किया जायेगा। इसी विद्यालय में कविता लेखन का भी आयोजन किया जायेगा। सभी प्रतियोगिताओं में 15-29आयुवर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे।

# उपायुक्त ने निंगनी में लैंपस का किया उद्घाटन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला में धान अधिप्राप्ति का निंगनी लैंपस से विधिवत शुभारंभ किया। जिला में 21 लैम्प्स और 4 एफपीओ को धान अधिप्राप्ति केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है जिसमें से निंगनी लैम्प्स से आज शुरूआत की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोहरदगा जिला को 2.5 लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य दिया गया है। ऐसे में जितने किसान अपना धान सरकार को देना चाहते हैं वे अपने नजदीकी लैम्प्स में अपना धान दे सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 24.50 रुपए प्रति किग्रा की दर से कीमत किसानों को एकमुश्त उनके बैंक खाते में किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है जो बाजार मूल्य से काफी अधिक है। अब धान अधिप्राप्ति जिला के 21 लैंपस और 4 एफपीओ में प्रारंभ हो चुका है जिसे धान अधिप्राप्ति केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। जो किसान अपना धान बेचने को इच्छुक हैं वे जिला के इन्हीं 25 धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर अपना धान दें। धान अधिप्राप्ति के बाद कुछ वेरिफिकेशन किया जायेगा और एकमुश्त राशि लगभग एक सप्ताह के अंदर आपके बैंक खाता में क्रेडिट कर दी जायेगी। अपना धान देने के लिए किसान अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम, नजदीकी प्रज्ञा केंद्र, प्रखण्ड कार्यालय या जिला आपूर्ति कार्यालय में जाकर करा सकते हैं। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समहर्ता जितेंद्र मुंडा, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, जिला आपूर्ति पदाधिकरी मनीष कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी और किसान उपस्थित थे।

# लाइफ सेविंग स्किल के बारे छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अविराम बीएड कॉलेज टीको में एनडीआरएफ नौवीं बटालियन, पटना की टीम द्वारा लाइफ सेविंग स्किल के बारे छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया और जागरूक किया गया। एनडीआरएफ द्वारा सड़क दुर्घटना के उपरांत बरती जाने वाली सावधानी की जानकारी दी गयी। किसी को हार्ट अटैक आने के बाद कैसे सीपीआर दी जाये यह बताया गया। लोहरदगा जिक वज्रपात संभावित क्षेत्र है इसे लेकर वज्रपात के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे बताया गया। जागरूकता में सर्पदंश से बचाव की जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त बाढ़, नौकायन आदि की भी जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गयी।

# मनोज कुमार गुप्ता बने भंडरा के थाना प्रभारी



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना में नवनियुक्त थाना प्रभारी के रुप में सोमवार को अवर निरीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने अवर निरीक्षक रवि रंजन से प्रभार लिया। इस दौरान भंडरा के पूर्व थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार ने नव नियुक्त थाना प्रभारी को गुलदस्ता देकर बधाई दी। मौके पर भंडरा थाना प्रभारी का प्रभार लेते हुए मनोज कुमार गुप्ता ने पुलिस पदाधिकारियों से बैठक कर अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पुलिस और आम जनता के बीच हमेशा मधुर संबंध स्थापित करते हुए क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र में अवैध कारोबार, अवैध बालू, पत्थल कारोबारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपसी भाईचारगी को किसी भी व्यक्ति द्वारा खराब करने की कोशिश किया जाता है, तो वैसे व्यक्तियों पर कार्रवाई तय है। साथ ही क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जगह-जगह वाहन जांच चलाने की बात कही है।

# दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** बेड़ो लोहरदगा मुख्य पथ स्थित सुप्रिया होटल के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि मसमानो पंचायत के टोटो गांव निवासी शुभम सिंह 17 वर्ष पिता जगनारायण सिंह अपनी बाइक से अपने दोस्त विष्णु रजवार पिता राजेश रजवार के साथ रांची से घर लौट रहा था। जबकि दूसरे बाइक मे उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो गांव निवासी छोटू उरांव 18 वर्ष पिता रोपना उरांव अपने दोस्त रौशन उरांव 20 वर्ष पिता शिवदयाल उरांव भंडरा कि ओर जा रहे थे। इसी बीच भंडरा हॉस्पिटल के निकट सुप्रिया होटल के समीप दोनों बाइक कि आमने सामने भिड़ंत हो गया। इस घटना मे बाइक सवार चार युवक घायल हो गये। सभी घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जबकि गंभीर रूप से घायल शुभम सिंह को तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पलामू जिले में 63 धान अधिप्राप्ति केंद्रों का शुभारंभ, 2 लाख क्विंटल खरीद का लक्ष्य

2450 रुपये प्रति क्विंटल के दर पर होगा भुगतान

चैनपुर और हुसैनाबाद में धान अधिप्राप्ति केंद्र का स्थानीय विधायकों ने किया उद्घाटन, सोमवार को कुल 443 क्विंटल धान की हुई खरीद


फीता काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन करते हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार यादव और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सोमवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ कार्यक्रम किया गया। इस वर्ष जिले में कुल 63 धान अधिप्राप्ति केंद्रों के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी की जायेगी। सोमवार को चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बांसडीह पैक्स का उद्घाटन डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने किया। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू भी उपस्थित रहीं। इसी तरह हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत हुसैनाबाद व्यापार मंडल केंद्र का उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा आदि उपस्थित रहे। इसी तरह अन्य धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन अलग-अलग स्थानीय जनप्रतिनिधि और संबंधित पदाधिकारियों द्वारा किया गया। **विभिन्न क्रय केंद्रों के माध्यम से आज कुल 443 क्विंटल धान का किया गया क्रय :** इस वर्ष पलामू जिला के लिए कुल 02 लाख क्विंटल धान क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित है। किसानों को 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से राशि भुगतान किया जायेगा। धान क्रय को पूर्ण रूप से पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी केंद्रों पर विशेष निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है।

किसान को धान बिक्री करने हेतु मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से किसान स्वयं भी स्लॉट बुक कर सकते हैं। धान अधिप्राप्ति हेतु अधिकतम सीमा प्रति किसान 200 क्विंटल तक निर्धारित है।

## पांकी में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

पांकी / (पलामू)। पांकी प्रखंड मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल परिसर में सोमवार को धान क्रय केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, उपप्रमुख अमित चौहान, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मुखिया प्रेम प्रसाद तथा प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी ललन पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर धान क्रय केंद्र का शुभारंभ किया।

## पलामू एग्रोग्रिन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कार्यालय का उद्घाटन 23 को

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित पलामू एग्रोग्रिन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय का शुभारंभ आगामी 23 दिसंबर को किया जायेगा। यह जानकारी कंपनी के को-फाउंडर डॉ रवि रंजन कुमार मेहता ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि यह कंपनी भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड है और इसका गठन भारत सरकार एवं नाबार्ड के सहयोग से किया गया है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना तथा गरीब एवं छोटे किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से बेहतर आमदनी का अवसर प्रदान करना है। डॉ मेहता ने बताया कि कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मिथिलेश मेहता हैं, जबकि को-फाउंडर डॉ रवि रंजन कुमार मेहता एवं सीईओ सह किसान सलाहकार समिति के प्रखंड अध्यक्ष राजू रंजन कुमार मेहता हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी का कार्यालय एनएच-139 किनारे कौआखोह स्थित यूएस होटल के समीप स्थापित किया गया है।

# देवीपुर के टटकियो पैक्स में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ

किसानों को बिचौलियों से दूर रहने की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देवीपुर प्रखंड के टटकियो पैक्स में सोमवार को धान खरीदी अभियान की विधिवत शुरूआत हो गयी। इस अवसर पर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन मंत्री प्रतिनिधि सब्बीर हसन अंसारी, उपप्रमुख मिथिलेश यादव, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष तेजनारायण वर्मा एवं मार्केटिंग ऑफिसर (एमओ) राज रोहित ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री प्रतिनिधि सब्बीर हसन अंसारी ने कहा कि धान खरीदी योजना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी धान क्रय केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी, ताकि कोई भी बिचौलिया किसानों के नाम पर धान बेचकर लाभ न उठा सके।

वहीं मार्केटिंग ऑफिसर राज रोहित ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी स्थिति में बिचौलियों के झांसे में न आयें। इस अवसर पर टटकियो पैक्स के अध्यक्ष मुकेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पैक्स में इस वर्ष 10 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में बीपीआरओ बिनोद कुमार दास, रेवती रमन यादव, चुनचुन यादव, बिनोद यादव, विष्णु यादव, दिनेश दास सहित दर्जनों किसान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# देवघर: सड़क हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि, निष्पक्ष जांच की मांग

युवा अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने सोमवार को पुरुमदहा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** पुरुमदहा देवघर जिले में हाल ही में हुए सड़क हादसे को लेकर युवा अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, झारखंड प्रदेश की ओर से सोमवार को पुरुमदहा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दिनांक 09.12.2025 को हुए सड़क हादसे में मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अकाश रवानी ने कहा कि देवघर जिले में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे से समाज मर्माहत है और सभी की संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि मृत आत्मा को परमात्मा शांति प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से इस मामले में निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

महासभा के प्रतिनिधियों ने बताया कि घटना के बाद पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की गहराई से जांच हो, ताकि दोषियों को सख्त सजा मिले, लेकिन किसी निर्दोष को फंसाया न जाए। वक्ताओं ने राहुल चंद्रवंशी को हत्यारा बताए जाने पर कड़ा एतराज जताया और कहा कि जिसने घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की, उस पर इस तरह का आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीसीटीवी फुटेज डिलीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया। महासभा ने निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों को चिन्हित करने की मांग की। इस मौके पर अजय रवानी, दीपक रवानी, समीर रवानी, संतोष रवानी, पवन चंद्रवंशी, धीरज, गोलू, विकास बजरंगी, दिनेश, मिक्कू, बिक्की सहित सैकड़ों चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

## मिक्सर मशीन की चपेट में आकर मजदूर घायल, इलाज के दौरान मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर गम्हर बीघा के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान उर्दवार मंजुराहा निवासी मुनारिक राजवंशी के 40 वर्षीय पुत्र पुनीत कुमार राजवंशी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस अस्पताल पहुंच कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और छानबीन में जुट गयी।

## गरीबों की सेवा करने में आनंद आता है : निर्दोष



सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से ठंड काफी बढ़ गयी है। शाम होते ही मार्केट सन्नाटा हो जा रहा है, इसी को देखते हुए समाजसेवी निर्दोष कुमार उर्फ अकलु बाबा के द्वारा सतबरवा के हरिजन मुहल्ला, नदी पार, बदलाया, धोबी मुहल्ला में सोमवार को सैकड़ों कंबल गरीब, लाचार और असहाय लोगों के बीच निः शुल्क वितरण किया गया। इस दौरान निर्दोष जी ने कहा कि गरीबों की सेवा करने में बड़ा आनंद आता है। मेरे जीवन का एक ही मकसद है दीन दुखियों की सेवा करना। मैं पिछले पांच सालों से यह कार्य कर रहा हूं, और इस पुनीत कार्य में सतबरवा, डाल्टेनगंज और कई जगह के व्यवसायी हमारी मदद करते हैं। मौके पर चंदन प्रसाद, निरज प्रसाद, धिरज सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों के बीच मिशन समृद्धि संस्था ने कंबलों का किया वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था तकरीबन दस वर्षों से दोना, पत्तल, दातून बेचने वालों के बीच भोजन कपड़े का वितरण करते चली आ रही है। अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि ठंड में सूदूर गांव में भी कंबलों और कपड़ों का वितरण किया जाता है लेकिन यह संस्था सर्व प्रथम दोना, पत्तल वालों के बीच कंबल देकर ही आगे बढ़ती है। परिश्रम और ईमानदारी इनमें कूट कूट कर भरा हुआ है इसलिए इनसे जुड़े रहना अच्छा लगता है। कल शाम रोटी यानि कि भोजन देते समय उन सबों ने रात में कंबल की मांग की। उनको ठिठुरते देख हमने भी ठान लिया और रात दस बजे के बाद अंबेडकर पार्क के सामने जो हम सबों का इंतजार सच में कर रहे थे। सबों को कंबल प्रदान किया गया। देर रात कंबल बांटने पर सही में जो भी मिलते हैं वे जरूरतमंद ही होते हैं। संस्था को कंबल प्रदान कराने वाले आदरणीय जिनमें तीन व्यक्ति शामिल हैं। उन्होंने अपना नाम देने से मना किया। जिस वजह से नाम नहीं दिया जा रहा है। आप सबने मिशन समृद्धि संस्था को माध्यम बनाया आपके करुणामय हृदय का संस्था आभार प्रकट करती है। इस निष्ठा भरे कार्य में डॉ नीरज कुमार तिवारी, बैजंती गुप्ता, वीणा राज शामिल थे।

# हुसैनाबाद विधायक ने किया देवरी गोला से श्मशान घाट तक बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास

80 गांवों में महत्वपूर्ण सड़क को मिली है स्वीकृति, 30 गांवों में कार्य प्रगति पर: विधायक


शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने सोमवार को प्रखंड के देवरी कला पंचायत अंतर्गत गोलापर से सोन नदी मुक्ति धाम श्मशान घाट तक बनने वाले पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया।

इस दौरान विधायक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जनता से की गयी वादा से ज्यादा विकास कार्यों को हम ससमय जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा अंतर्गत कुल 80 महत्वपूर्ण सड़क योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें 30 गांवों में सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने यथाशीघ्र सिचाई, शिक्षा और बिजली के क्षेत्र में व्यापक बदलाव हेतु आवश्यक कार्ययोजना को धरातल पर उतारने की बात कहीं। वहीं देवरी गोला पर पीसीसी सड़क निर्माण से जनता में हर्ष है। वही विधायक ने विकास के कार्यों में सहयोग करने के लिए आम लोगों से अपील किया तथा इंजीनियर व संवेदक को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, राजद के वरीय नेता रवि यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, खुर्शीद खान, मदन पासवान, सुरेंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया रामशंकर चौधरी, कलामुदिन खान,मदन पासवान, समीम अख्तर खां, सुदेश्वर राम, विनय, बिमलेश, कामख्या सिंह, आलमगीर समेत अन्य उपस्थित थे।

# दुबटिया मोड़ पर द हवेली ढाबा का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के एनएच 139 दुबटिया मोड़, सुलतानी स्थित द हवेली ढाबा का उद्घाटन भव्य रूप से किया गया। ढाबा का उद्घाटन पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार, पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार, सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह, झामुमो पिपरा प्रखंड अध्यक्ष राजन सिंह (भोलू बाबू), युवा समाजसेवी अमित सिंह एवं युवा नेता मनीष सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण और सड़क किनारे क्षेत्रों में ऐसे ढाबों की शुरुआत से यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन की सुविधा मिलती है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि द हवेली ढाबा क्षेत्र में खानपान और सेवा के मामले में एक नई पहचान बनायेगा।

ढाबा संचालक विकास कुमार सिंह ने बताया कि द हवेली ढाबा में शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए जायेंगे। ग्राहकों की सुविधा के लिए स्वच्छ बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त लाइटिंग, शुद्ध पेयजल, साफ-सुथरा किचन, पारिवारिक भोजन के लिए अलग व्यवस्था तथा दोपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए सुरक्षित पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध है। ढाबा में स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण सेवा को प्राथमिकता दी जायेगी।


द हवेली ढाबा का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथिगण।

कार्यक्रम में जेएमएम प्रखण्ड उपाध्यक्ष विश्वनाथ राम, देवनंदन सिंह, मोहन सिंह, संतोष सिंह, रजनीश सिंह, अनुराग सिंह, विकास सिंह, शौर्य, शशांक सिंह, पंकज सिंह, सौरभ तिवारी, रोहित पासवान, शक्ति सिंह, खनु सिंह, नंदलाल सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# देवघर: एनडीआरएफ ने भूकंप से बचाव के बताये गुर, दो दिवसीय मॉक अभ्यास शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** समाहरणालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार देवघर जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने एवं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनडीआरएफ टीम द्वारा भूकंप से संबंधित दो दिवसीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय सभागार में भूकंप के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग, नगर निगम, भू-विज्ञान विशेषज्ञ, संबंधित अभियंता, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस-प्रशासन तथा विभिन्न विभागों के वरीय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भूकंप की संभावित जोखिमों, पूर्व तैयारियों, त्वरित राहत एवं बचाव कार्य, भवन निर्माण मानकों तथा आम नागरिकों में जन-जागरूकता बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। एनडीआरएफ टीम ने बताया कि भूकंप आने पर किसी भी मंजिल से कूदने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। यदि आप किसी ऊंची मंजिल पर हैं तो घबराने के बजाय सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने का प्रयास करें। खुले स्थान या ऊंचे सुरक्षित स्थान की ओर जाना अधिक सुरक्षित होता है। एनडीआरएफ टीम ने बताया कि भूकंप से संबंधित विषय पर सोमवार को टेबल टॉक अभ्यास किया गया, जबकि मंगलवार को आर मित्रा 10+2 उत्क्रमित विद्यालय, देवघर में पूर्ण मॉक अभ्यास आयोजित किया जायेगा।

## विश्रामपुर में ठंड लगने से बुजुर्ग की मौत

**विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर व अंचल क्षेत्र में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप जारी है। पारा नौ डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। जिससे आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसी बीच रेहला थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी भोला भुइयां (65) की बीती रात ठंड लगने से हो गयी। मृतक अपने घर में सोया हुआ था। देर रात वह कड़ाके की ठंड से ठिठुरने लगा। देखते ही देखते उसकी हालत बिगड़ने लगी और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गयी। सोमवार खबर मिलने पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत यादव उर्फ मुन्ना यादव, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा और सुरेंद्र भारती मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही दाह संस्कार हेतु आर्थिक मदद भी किया। मौके पर दीपू कुमार, प्रमोद भुइयां, शंभू भुइयां, राजकुमार, प्रवेश राम, प्रदीप, दीपक भुइयां, सुरेंद्र, दिनेश, गोरख, रमेश राम, द्वारिका राम सहित कई लोग मौजूद थे।


# नगर महिला थाना के पास राजकीय विद्यालय में चोरी

80 हजार रुपये तक के सामान पर हाथ साफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** नगर महिला थाना से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना ने न सिर्फ विद्यालय प्रशासन को हैरान कर दिया है, बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विद्यालय की प्रधानाध्यापक शोभा कुमारी ने बताया कि जब वे सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे विद्यालय खोलने पहुंचीं, तो परिसर का दृश्य देखकर चौंक गईं। स्कूल का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। पहले उन्हें लगा कि केवल बरामदे में छेड़छाड़ हुई है, लेकिन जब कार्यालय का ताला खोला गया तो असली तस्वीर सामने आयी।




कार्यालय पूरी तरह अस्त-व्यस्त था। सभी अलमारियां खुली हुई थीं और कई महत्वपूर्ण सामान गायब थे। चोर विद्यालय में रखी नकद राशि के साथ-साथ मिड-डे मील से जुड़े चूल्हा, बर्तन और भोजन बनाने के अन्य उपकरण भी चुरा ले गये। चोरी गये सामान और नकदी की अनुमानित कीमत 70 से 80 हजार रुपये बताई जा रही है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चोर रोशनदान के रास्ते विद्यालय के अंदर घुसे थे। मौके से एक जैकेट और टोपी भी बरामद की गयी है, जिसे साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंप दिया गया है। विद्यालय प्रशासन ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## मधुपुर : एक ही रात चार घरों में लाखों की चोरी

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाडिह भेड़वा गांव में बीती रात चोरों ने जमकर आतंक मचाया। हथियार से लैस 8 से 10 की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने सुनियोजित तरीके से एक साथ चार बंद घरों को निशाना बनाया। चोरों ने ताले तोड़कर नगदी सहित कीमती सामान पर हाथ साफ किया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे कर्मी दीपक दास के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने 3,000 रुपये नगद एवं एक स्टेबलाइजर की चोरी की। वहीं बीआईटी सिंदरी में कार्यरत नंद देवदास के घर से 4,000 रुपये नगद सहित अन्य सामान उड़ा लिया गया। इसके अलावा गोविंद देवदास के घर से 1,000 रुपये नगद, आठ भर का एक जोड़ा पायल तथा तीन भर की सिकड़ी चोरी कर ली गयी। शिक्षक बबलू दास के बंद घर से चोरों ने लगभग 25,000 रुपये नगद समेत घरेलू सामान चुरा लिया और पूरे घर को अस्त-व्यस्त कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आये थे और वारदात के बाद आसानी से फरार हो गए। सूचना मिलते ही मधुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## चतरा सांसद के सौजन्य से पांकी विस क्षेत्र में आज से आठ हजार कंबल बांटे जायेंगे

**पांकी (पलामू) (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पांकी के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता ने बताया कि चतरा सांसद कालीचरण सिंह द्वारा चतरा लोकसभा के सभी क्षेत्रों में जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ 16 दिसंबर से किया जा रहा है। पांकी विधानसभा क्षेत्र में आठ हजार गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जायेगा। जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता ने कहा कि सांसद जनता के हर दुख में खड़े रहते हैं। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडेय, सुरेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, साधु मांझी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत सिंह, श्याम नंदन ओझा, राजदेव मेहता, कुंदन सिंह, भाजपा नेत्री नीलम देवी, वीरेंद्र सिंह, ललन मेहता, सत्येंद्र सिंह, वनवारी सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## मधुपुर में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का शुभारंभ प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (रवि फसल) के तहत सोमवार को मधुपुर प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार मेहरा एवं अंचल निरीक्षक निरंजन रजक ने संयुक्त रूप से प्रचार गाड़ी को रवाना किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी मेहरा ने बताया कि योजना के अंतर्गत मधुपुर प्रखंड के सभी 21 पंचायतों में व्यापक प्रचारप्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़ सकें। प्रचार वाहन के माध्यम से विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को रवि फसल के बीमा संबंधी जानकारी दी जायेगी। योजना के तहत आलू, गेहूं, चना एवं सरसों जैसी प्रमुख रवि फसलों का बीमा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच है, जिससे असमय वर्षा, ओलावृष्टि, सूखा या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई संभव हो सकेगी। किसानों से अपील की गई कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना फसल बीमा अवश्य कराएं। इस अवसर पर राजस्व उप निरीक्षक सुनील कुमार, राजीव रंजन,जन सेवक गिरिश मुर्मू,शॉबिन मुर्मू,ब्लॉक को ऑर्डिनेटर सिकंदर यादव सहित अन्य कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से किसानों तक योजना की जानकारी पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने का संकल्प लिया।

## गुमला उपभोक्ता फोरम में तीन मामलों की सुनवाई, उपभोक्ताओं के पक्ष में दिया आदेश

गुमला (आजाद सिपाही)। उपभोक्ता फोरम में सोमवार को तीन अलग-अलग मामलों की सुनवाई हुई। जिसमें फोरम ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए संबंधित विपक्षियों के विरुद्ध आदेश पारित किया। पहला मामला सिसई रोड निवासी परिवादी अजय कुमार की ओर से रांची के कांके स्थित रातू रोड़ के ओला कंपनी के हरमू शोरूम के मैनेजर एवं सर्विस मैनेजर के विरुद्ध दायर किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद सेवा में त्रुटि पाए जाने पर फोरम ने आदेश दिया कि विपक्षी 30 दिनों के भीतर स्कूटी की मरम्मत कर उपलब्ध कराने अथवा नई स्कूटी देने का आदेश दिया। दूसरा मामला गुमला के आजाद बस्ती निवासी इफ्तिखार वारसी द्वारा मोहम्मद अजीज इमरान, प्रोपराइटर आयुष ट्रेड, ओल्ड एचबी रोड, कांटाटोली रांची के विरुद्ध दायर किया गया था। परिवादी ने छह हजार रुपये में हैवेल्स कंपनी का इलेक्ट्रिक मोटर पंप खरीदा था, जो खराब हो गया। मरम्मत का आश्वासन देने के बावजूद पंप ठीक नहीं किया गया। फोरम ने विपक्षी को दोषी ठहराते हुए मशीन की कीमत छह हजार रुपए और वाद खर्च के रूप में एक हजार रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया। जबकि, तीसरा मामला डुमरी के तेतरी टोली निवासी टेरेसा तिर्की द्वारा बैंक आफ इंडिया डुमरी शाखा एवं एक्सिस बैंक गुमला के विरुद्ध दायर किया गया। शिकायत के अनुसार एटीएम से 8024 की निकासी में राशि खाते से कट गई, लेकिन नकद नहीं मिला। फोरम ने एक्सिस बैंक को दोषी ठहराते हुए परिवादी को कटी हुई राशि वापस करने का निर्देश दिया। उक्त तीनों मामला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय ने सुनवाई की।

## उत्क्रमित वेतनमान लागू करने की मांग



गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की राज्य स्तरीय बैठक धुर्वा स्थित कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश संयोजक अमीन अहमद ने की। बैठक में उच्च न्यायालय की ओर से डब्ल्यूपी (एस) 2022/2014 एवं वाद संख्या 5897/2014 में दिए गए आदेश का स्वागत किया गया। न्यायालय ने छठे वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप उत्क्रमित वेतनमान के लिए निर्धारित फिटमेंट टेबल के आधार पर आठ सप्ताह के भीतर वेतन निर्धारण कर लाभ देने का निर्देश दिया है। प्रदेश संयोजक अमीन अहमद और प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि मोर्चा वित्त सचिव एवं शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपकर सबसे पहले सभी 25 प्रार्थियों को न्यायादेश के अनुरूप लाभ देने की मांग करेगा, ताकि 15 वर्षों से लंबित आर्थिक न्याय मिल सके। बैठक में कई शिक्षक प्रतिनिधियों ने सुझाव भी दिए। अगली बैठक 21 दिसंबर को महावीर नगर स्थित शांति निवास में आयोजित होगी।

## गुमला चेंबर में नवीकरण की अंतिम तिथि 27 दिसंबर

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला चेंबर की ओर से सत्र 2026 के लिए नवीकरण कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए चेंबर के वर्तमान कार्यकारी सदस्य लगातार सभी के प्रतिष्ठानों पर जाकर संपर्क स्थापित कर नवीकरण कार्य में सहयोग दे रहे हैं। फिर भी वैसे व्यापारी जिनका नवीकरण अब तक नहीं हो पाया है, या जो नए दुकानदार नया लाइसेंस बनवाने से वंचित रह गए हैं वे सचिव बबलू वर्मा से संपर्क कर गुमला के सिद्धिविनायक होटल परिसर स्थित चेंबर कार्यालय में जाकर नवीकरण एवं नए लाइसेंस बनवा सकते हैं। सभी संबंधित व्यापारी भाइयों से अनुरोध है कि वे 27 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से अपना नवीकरण करा लें। निर्धारित तिथि के बाद नवीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## क्रिसमस मिलन समारोह की तैयारियां जोरों पर

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत तपकारा पंचायत क्षेत्र के देवगांव राजस्व ग्राम स्थित सेंट जेवियर चर्च के प्रांगण में क्रिसमस गैदरिंग मिलन समारोह आयोजित होगा। जिसकी तैयारियां की जा रही है। आयोजन समिति के संयोजक रोहित एक्का ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

## संत इग्नासियुस हाई स्कूल के 2001 बैच का रीयूनियन




गुमला (आजाद सिपाही)। संत इग्नासियुस हाई स्कूल के वर्ष 2001 बैच के पूर्व छात्रों ने शंख नदी के तट पर एक यादगार रीयूनियन का आयोजन किया। दो दशक से अधिक समय बाद मिले पूर्व छात्रों में अपार उत्साह और अपनापन देखने को मिला। देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों मलेशिया, साउथ अफ्रीका, दिल्ली, पटना, रांची, जमशेदपुर सहित अन्य शहरों में कार्यरत पूर्व छात्र इस अवसर पर एकत्र हुए। शांत प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस मिलन समारोह ने स्कूल जीवन की पुरानी यादों को ताजा कर दिया। प्रार्थना सभा, खेल, शरारतें और शिक्षकों की सीख पर देर तक चर्चा होती रही। औपचारिक सत्र में वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय ने उन्हें केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्य भी दिए। यह रीयूनियन मित्रता, गुरु-शिष्य परंपरा और सामाजिक जुड़ाव का प्रेरक उदाहरण बना।

## धान ढो रहे युवक को सांप ने काटा

गुमला (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के चितरपुर निवासी कोस्मोस तिर्की (25) को सोमवार की दोपहर एक बजे एक जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन उसे तुरंत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोस्मोस तिर्की अपने खेत में धान ढोने गया था। धान लेकर वह खलिहान की ओर जा रहा था तभी उसके पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। तेज लहर और जलन होने पर उसे सदर अस्पताल ले जाया गया।

## 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित होनी वाली 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार से गोविंद हाई स्कूल मैदान में शुरू होगी। संगठन के संरक्षक अलख नाथ पांडे ने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश के सबसे बड़े क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में जाना जाता है, जिसमें 53 टीम भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता एक माह तक चलेगी, जिसका समापन 14 जनवरी को होगा। जिसमें जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के बच्चे भाग लेंगें। उन्होंने बताया कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 24वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। सीनियर वर्ग में वर्ग 10 तक के बच्चे, जबकि लड़कियों के लिए भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

# घाघरा के कई मंदिरों में तोड़फोड़ घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

### आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग छह घंटे जाम कर किया प्रदर्शन

- व्यापारियों ने घटना के प्रतिवाद में स्वेच्छा से बंद रखी दुकानें, साप्ताहिक हाट भी रहा बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर और शिवलिंग सहित कई देवी-देवताओं की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ की घटना से पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम 6.30 बजे एक व्यक्ति मंदिर परिसर में घुसा और मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर उन्हें बाउंड्री के बाहर फेंक दिया। हालांकि उसकी पूरी करतूत ब्लॉक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।



आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास करते पुलिस के आला अधिकारी।

### दो दिनों में कार्रवाई नहीं तो करेंगें अनिश्चितकालीन बंद

ग्रामीणों ने अधिकारियों को एक लिखित मांग पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया कि इससे पहले भी पुटो रोड स्थित बजरंगबली मंदिर में प्रतिबंधित मांस फेंककर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। आरोप लगाया गया कि थाना प्रभारी के कार्यकाल में गो-तस्करी, ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थों का कारोबार बढ़ा है। थाना में माफियाओं का प्रभाव है। यह भी आरोप लगाया गया कि थाना को सूचना देने वाले अजय गुप्ता और निखिल गुप्ता पर झूठा मामला दर्ज किया गया है, जिसे वापस लिया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के भीतर दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो घाघरा प्रखंड की जनता अनिश्चितकालीन बंद और उग्र आंदोलन करने को विवश होगी।

### सुबह पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने देखा क्षतिग्रस्त मंदिर

घटना की जानकारी सोमवार की सुबह उस समय हुई जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर की बदहाल स्थिति देखकर श्रद्धालुओं ने स्थानीय लोगों को सूचना दी, जिसके बाद यह खबर आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। यह जाम करीब छह घंटे तक चला, जिससे लोहरदगा-गुमला-नेतरहाट और रांची-छत्तीसगढ़ मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित रहा। दूसरी ओर, आक्रोश के समर्थन में व्यापारिक संघ ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखीं और साप्ताहिक हाट भी पूरी तरह बंद रहा।

### प्रशासन-ग्रामीणों के बीच हुई लंबी वार्ता

उधर, जाम की सूचना मिलते ही एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, एसडीओ राजीव नीरज, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ खाखा सुशील कुमार, थाना प्रभारी पुनीत मिंज और विशुनपुर थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों से वार्ता की।

## गलत जगह निर्माण कराने का आरोप लगा लोगों ने किया 'आरोग्य मंदिर' का विरोध

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सावना टोली में बन रहे आरोग्य मंदिर का सोमवार को सैकड़ों लोगों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि जिस स्थान पर आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण किया जा रहा है वो स्थान अनुकूल नहीं है। उक्त स्थान में मरीजों को ले जाना संभव नहीं है। सडक जर्जर और अत्यंत सुदूरवर्ती है। यदि आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण वहां होता है तो उससे सिर्फ एक-दो गांव ही लाभाविंत होंगें। कहा कि वर्तमान समय में जहां आरोग्य मंदिर भवन है उससे 10 से अधिक गांव के लोगों को फायदा होता है। जब संवेदक द्वारा उक्त स्थान का चयन किया गया था उसी समय पूरे मामले की



जानकारी गुमला डीडीसी को 11 नवंबर को दे दी गयी थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि स्थान परिवर्तन किया जायेगा। पर उक्त स्थान पर ही आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने बीडीओ पर यह भी आरोप लगाया की पूरे मामले की जांच और स्थान परिवर्तन कर नये स्थान का चयन या पुराने भवन को ही तोड़ कर वहीं भवन निर्माण की रिपोर्ट जमा करने की जिम्मेदारी पालकोट बीडीओ को डीडीसी ने सौंपा था। पर संवेदक के साथ मिली भगत कर स्थान परिवर्तन नहीं किया गया। दूसरी ओर, पालकोट के बीडीओ विजय उरांव ने बताया कि रिपोर्ट डीडीसी को दे दी गई है। पर वहां से हमें कोई आदेश नहीं मिला है कि स्थान परिवर्तन या पुराने भवन को तोड़ कर नये भवन का निर्माण कराया जाये।

## गुमला में युवक की गला घोंटकर हत्या शव-स्कूटी बरामद



गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के अहरा डाढ़ फुटबॉल मैदान शिलम से पुलिस ने सोमवार को एक युवक का शव और स्कूटी बरामद की है। मृतक की पहचान सिलम निवासी गणेश सिंह (21) के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है। उधर, मृतक के परिजन शंभू सिंह ने बताया कि गणेश रविवार की दोपहर गुमला में शौर्य यात्रा में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। शाम को वह घर लौटा और फिर पंदन टोली में एक युवती से मिलने स्कूटी से चला गया। इसके बाद से उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ था। वह रात भर घर नहीं लौटा। परिजनों ने सुबह उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच सोमवार को गाय-बैल चराने गए कुछ लोगों ने अहरा डाढ़ फुटबॉल मैदान के पास शव और स्कूटी देखी। उन्होंने इसकी सूचना गांव वालों और पुलिस को दी। फिलहाल, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है। उधर, थाना प्रभारी सुरेश करमाली ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव देखने से प्रतीत होता है कि युवक की हत्या पत्थर से कुचलकर और गला घोंटकर की गई है। हालांकि, पूरे मामले का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।

## हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। एडीजे-वन प्रेम शंकर की अदालत ने सोमवार को डायन बिसाही के संदेह में घाघरा थाना क्षेत्र के डुको निवासी सावित्री देवी नामक महिला की हत्या के दो आरोपितों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लगे हाथ उनपर 10-10 हजार रुपये का अतिरिक्त आर्तिक दंड भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। उनकी पहचान घाघरा निवासी लोहरा गोप और मतीराम गोप के रूप में हुई है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से लोक अभियोजक अजय रजक ने पैरवी की। घटना 20 मई की है। मृतका के पति सीताराम महतो ने अज्ञात पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जांच के क्रम में डायन बिसाही के शक में लोहरा और मतीराम द्वारा हत्या की घटना को अंजाम देने की पुष्टि हुई। वारदात वाले दिन सीताराम अपने पशु को चराने जंगल गया था। सावित्री घर में अकेली थी। तभी मतिराम और लोहरा घर में घुस कर धारदार हथियार से सावित्री हत्या कर दी थी।

## डीएवी स्कूल के पास से बरामद शव की हुई पहचान, गोली मारकर हत्या करने का दावा

### दो दोस्त बुलाकर ले गये, फिर वापस नहीं लौटा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शहर के लोहरदगा रोड स्थित डीएवी स्कूल के पीछे धान के खेत में रविवार की शाम बरामद शव की पहचान कर ली गयी है। उसका नाम प्रगन उरांव है। 27 वर्षीय युवक भलदम चट्टी का रहने वाला है। सोमवार की सुबह 9 बजे उसे परिजन सामने आए और शव की पहचान सुनिश्चित की। पता चला है कि प्रगन उरांव के पिता बरसाई उरांव की भी मौत हो चुकी है। उधर, मृतक की मामी आतिन एक्का ने बताया कि शनिवार को वह लाह टोंगरी मेला घूमने गया था। जहां से शाम को घर लौटा। इसके बाद चेटर निवासी नायका उरांव और छोटू घर आए और उसे अपने साथ ले गए। जिसके बाद वह रातभर घर नहीं आया। अगले दिन



काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। इसी बीच रविवार की शाम को खेत में शव पाये जाने की सूचना पर गुमला थाना पहुंचे, तो तस्वीर देखकर शव की पहचान की। परिजनों ने बताया कि युवक की पीठ में गोली के निशान है। छाती में भी खरोच के निशान मिले है। परिजनों ने आशंका जतायी है कि प्रगन को पीछे से गोली मारी गई है। हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा। परिजनों की मानें, तो साल 2018 में प्रगन उरांव की शादी हुई थी। हालांकि उसकी पत्नी कुछ महीना बाद ही उसे छोड़कर दिल्ली चली गई और वापस लौटकर नहीं आई। पुलिस हर बिंदु पर बारीकी से जांच कर रही है।

## तीन लैंपस का उद्घाटन, 40 हजार क्विंटल धान खरीदने का है लक्ष्य



आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को खरीफ विपणन मौसम के तहत धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए तीन लैंपस केंद्रों का उद्घाटन हुआ। इनमें बरवेनगर, कुरुमगढ़ और छिछवानी लैम्पस शामिल हैं। उद्घाटन के मौके पर सीओ दिनेश गुप्ता, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो और अंचल निरीक्षक नरेन्द्र सेठ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीओ ने बताया कि इस वर्ष प्रखंड में 40 हजार क्विंटल धान खरीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बताया कि अब तक कुल 1,478 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करा लिया है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपील की कि जल्द से जल्द अपना पंजीकरण सुनिश्चित कराएं। किसानों को अपने नजदीकी लैम्पस में जाकर आधार कार्ड, बैंक पासबुक, अद्यतन जमीन की रसीद और मोबाइल नंबर जमा करना होगा। जिससे उनका रजिस्ट्रेशन पूरा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि किसानों को धान का मूल्य 24.50 रुपये (प्रति किलो) दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसानों को सरकार की ओर से देय बोनस का लाभ भी मिलेगा। वहीं, कुरुमगढ़ लैम्पस में उपस्थित जिप सदस्य मेरी लकड़ा एवं कुरुमगढ़ थाना प्रभारी मोहन कुमार ने भी किसानों को जागरूक करते हुए अपनी उपज औने-पौने दाम पर निजी खरीदारों या बिचौलियों को नहीं बेचने की अपील की। बतातें चलें कि सोमवार से प्रखंड के विभिन्न लैम्पस केंद्रों में धान की खरीदारी शुरू हो चुकी है। जिन किसानों का पंजीकरण पूरा हो चुका है वे लैम्पस केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज बेच रहे हैं। इस मौके पर छिछवानी लैंपस अध्यक्ष महेश साहू, करूमगढ लैंप्स सचिव नवीन प्रकाश आइंद, बीटीएम राजेंद्र तिर्की आदि उपस्थित थे।

## बनारी लैंपस में धान क्रय अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



विशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनारी स्थित लैंपस परिसर में सोमवार को धान क्रय अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बीडीओ सुलेमान मुंडरी, प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, जिला परिषद सदस्य पवन उरांव, बनारी पंचायत मुखिया बसनु उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत सहित सांसद एवं विधायक प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिले और उन्हें बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना धान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लैंपस में बेचें और इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। वहीं, प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कृषक मित्रों एवं संबंधित कर्मियों से किसानों के बीच जागरूकता फैलाने की अपील की, ताकि कोई भी किसान एमएसपी से कम दर पर धान बेचने को मजबूर न हो। वहीं, जिप सदस्य पवन उरांव ने कहा कि समय पर धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से क्षेत्र के छोटे एवं सीमांत किसानों को काफी लाभ मिलेगा। लैंपस प्रबंधक लाल किशोर प्रसाद साहू ने बताया कि सरकार द्वारा साधारण धान की खरीद के लिए बोनस सहित 24.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर निर्धारित की गई है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में केंद्र पर पहुंचकर धान विक्रय करने की अपील की।

## बैजनाथ जालान महाविद्यालय ने पूरी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी



सिसई (आजाद सिपाही)। बैजनाथ जालान महाविद्यालय की ओर से आयोजित होने वाले वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता सिसई के महुआडीपा ललित उरांव स्टेडियम में होगी। सोमवार को पूरे महाविद्यालय परिवार ने नवजीवन एथलेटिक्स कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मिलकर मैदान ट्रैक तैयार किया। प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने बताया कि मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खिलाड़ियों-अतिथियों के साथ मार्च पास्ट होगा। इसके बाद अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जायेगा। वार्षिक खेलकूद में महाविद्यालय के खिलाड़ी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शामिल होंगें। सोमवार को सभी ने मिलजुल कर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की हर इवेंट को सफल बनाने की तैयारी की गई। प्रतियोगिता की तैयारी में प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती, राष्ट्रीय खिलाड़ी महाबीर राम लोहरा, कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद उरांव, डॉ रंजीत कुल्लू, डॉ निसार अहमद, प्रधान सहायक सुरेश साहू, डॉ अरुण कुमार दास, प्रो सोनिया कुमारी, प्रो खुशबू लकड़ा, डॉ प्रवीण बसंती, प्रो करम सिंह ओडेया, डॉ कीर्ति मिंज, डॉ दीपक कुमार, डॉ इंद्रजीत राम, डॉ राधेश्याम सिंह, प्रो अरविंद प्रसाद, डॉ श्रवण तिवारी, डॉ रेखा कुमारी, कमेटी के उपाध्यक्ष रतिया उरांव, सचिव दीपक अधिकारी,खेल प्रेमी रोहित शर्मा, सूरज विश्वकर्मा, आसिफ अंसारी, दीपक कुमार उरांव, संदीप उरांव,मंगलेश्वर उरांव, निर्मल महतो, कमलेश उरांव आदि शामिल थे।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

**Project Name**: Request for Proposal for Appointment of ICT Consultant for DPR Preparation and Bid Process Management for Implementation of Intelligent Traffic Management System (ITMS) For Urban Local Bodies (ULBs) In Jharkhand
**NIT No.**: JUIDCO/ NIT/ RFP/ ITMS/ 2025 – 677
**PR No.**: 367081
**Tender ID**: 2025_UDD_107027_1
This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender for **"Request for Proposal for Appointment of ICT Consultant for DPR Preparation and Bid Process Management for Implementation of Intelligent Traffic Management System (ITMS) For Urban Local Bodies (ULBs) In Jharkhand".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

**Corrigendum - 1**

| Sl. No. | Bid Document Ref. | Description | As per NIT | As per Corrigendum 1 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date & Time of submission of Bid, Tender Fee and EMD online | 16.12.2025 at 17:00 Hrs | 24.12.2025 at 17:00 Hrs |
| 2. | | Date & Time of Bid Opening | 17.12.2025 at 17:00 Hrs | 26.12.2025 at 17:00 Hrs |

Note: Other terms and conditions remain unchanged.

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.

PR 368643 Urban Development(25-26).D

# आइआइटी टॉपर प्रसून झा ने डीपीएस बोकारो में छात्रों को दिये सफलता के मंत्र



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो के पूर्ववर्ती छात्र और 1993 की आइआइटी-जेइइ परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान (एआइआर-1) प्राप्त करने वाले प्रसून कुमार झा सोमवार को अपने पुराने स्कूल पहुंचे। अतिथि व्याख्यानशाला के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आधुनिक युग की चुनौतियों और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। वर्तमान में अमेरिकी कंपनी 'सीकआउट' में डेटा एवं एआइ के प्रधान अभियंता के रूप में कार्यरत प्रसून झा ने कहा कि आज के दौर में केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआइ ने हमारे कार्यों को सुगम तो बनाया है, लेकिन रोजगार के क्षेत्र में नई चुनौतियां भी पेश की हैं। इन चुनौतियों पर विजय पाने के लिए एआइ-साक्षर होना अनिवार्य है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे एआई को अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहायक बनाएं और तकनीक का सकारात्मक उपयोग अपनी दक्षता बढ़ाने के लिए करें। संबोधन के दौरान प्रसून झा ने क्वांटम कंप्यूटेंसी, डेटा एन्क्रिप्शन और डिजिटल पब्लिसिटी जैसे आधुनिक विषयों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को जीवन में विनम्रता, निरंतर अभ्यास और समय प्रबंधन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि विषयों के मूलभूत सिद्धांतों को समझना ही सफलता की असली कुंजी है।इससे पूर्व, विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने प्रसून झा का स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# जागो सामाजिक संस्था का आवारा पशुओं के आतंक के खिलाफ नगर निगम कार्यालय के पास धरना



**कतरास/ धनबाद (आजाद सिपाही)।** जागो सामाजिक संस्था के द्वारा कतरास बस स्टैंड के समीप स्थित नगर निगम क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक के खिलाफ नगर निगम कार्यालय के बाहर एकदिवसीय धरना दिया गया। इस मौके पर जागो सामाजिक संस्था के प्रमुख राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने कहा कि नगर निगम के लापरवाही के चलते कतरास वार्ड 3 के आम नागरिक डरे हुए हैं। आये दिन आवारा पशुओं के हमले से दो-चार लोग रोज घायल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ वसूली करना नहीं नगर निगम क्षेत्र के समस्याओं का निराकरण करना भी निगम का दायित्व है। उन्होंने कहा यदि एक सप्ताह के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर निगम कार्यालय में तालाबंदी की जायेगी। कार्यक्रम का संचालन विजय राजगढ़िया ने किया। इस मौके पर धरना कार्यक्रम को मुख्य रूप से सूर्यदेव मिश्रा, प्रकाश राम गुप्ता, राजेश स्वर्णकार, बबलू बर्मन, नवदीप गुप्ता, श्री भगवान यादव, मो अमान, सचिदानंद यादव, मंजर आलम, कौशर खान, मो अफसर, सुशील खेतान आदि ने संबोधित किया। इस दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के सीनियर ऑफिसर राकेश सिन्हा को नगर आयुक्त के नाम से एक ज्ञापन सौंप के यथाशीघ्र समस्या का सामाधान करने मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से हरी प्रसाद केशरी, राकेश साहू, वाई के पाठक, मो महबूब, मो जहीर, उपेंद्र कुमार, ब्रजेश पांडे, भावेश अग्रवाल, गणेश सोनकर, मो मुस्ताक, विमल रवानी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# जनता दरबार में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मुरूबंदा स्थित अपने आवास में जनता दरबार लगाकर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान किया। इस दौरान गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग उत्तरी पंचायत के विभिन्न समस्याओं को लेकर झामुमो गोमिया प्रखंड कोषाध्यक्ष घनश्याम महतो, पूर्व पंसस ललन केवट, समाजसेवी संजय सिंह व जुगनू चौहान ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद को एक आवेदन दिया। इसमें स्वांग उत्तरी पंचायत के जनहित से जुड़े कई आवश्यक कार्यों की मांग की गयी। पंचायत में पेयजल की समस्या का समाधान, महावीर स्थान में विवाह भवन का निर्माण, सनराइज क्लब (भवन) का जीर्णोद्धार, पिपराडीह शिव मंदिर के समीप शेड का निर्माण, भुइंया टोली स्थित काली मंदिर के समीप सौंदर्यकरण आदि विकास कार्यों के निर्माण की मांग की गयी। क्षेत्र के उक्त विकास कार्यों को लेकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

# बीएसएल की बड़ी उपलब्धि, कैपिटल रिपेयर के बाद किल्न-3 का सफल लाइट अप



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेल के बोकारो स्टील प्लांट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, आरएमपी विभाग के किल्न संख्या-3 का सफल लाइट अप किया। यह लाइट अप, किल्न की टीआरएम और कैपिटल मरम्मत के बाद किया गया है, जो प्लांट की परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। किल्न-3 के लाइट अप का कार्य अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रियरंजन और अधिशासी निदेशक (परिचालन) अनुप कुमार दत्त के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस कैपिटल रिपेयर के दौरान किल्न के शेल का मेंटेनेंस, गर्थ गियर का अनुरक्षण और नयी रिफ्रैक्टरी लाइनिंग स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये गये। यह पूरी मरम्मत निर्धारित समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरी की गयी, जो बीएसएल टीम के उच्च तकनीकी कौशल और कुशल परियोजना प्रबंधन का स्पष्ट प्रमाण है। मरम्मत के कठिन दौर में भी, बीएसएल ने अन्य किल्न से चूने की आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे स्टील मेल्टिंग शॉप और सिंटर प्लांट को निर्बाध रूप से कच्चे माल की आपूर्ति जारी रही। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, रिफ्रैक्टरी के मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांथ और आरएमपी विभागाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह सहित प्लांट के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह सफल लाइट अप बीएसएल टीम के तकनीकी कौशल, कुशल योजना, और उत्कृष्ट समन्वय का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह उपलब्धि बोकारो स्टील प्लांट को उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्लांट के उपकरणों की दीर्घकालिक कार्यक्षमता सुनिश्चित करने में मदद करेगी।

# जैक नियमों की अनदेखी का आरोप, महुदा इंटर कॉलेज में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश

**शिलान्यास हुआ, भवन गायब, पांच साल बाद भी डिग्री कॉलेज की इमारत नहीं**

**महुदा इंटर कॉलेज पर आज बड़ा फैसला संभव**



**यह शिक्षण संस्थान शिक्षा का केंद्र न रहकर राजनीतिक अड्डा बन चुका है। प्रबंधन स्वयं को कानून से ऊपर समझते हुए जैक के नियमों की खुली अवहेलना कर रहा है। तानाशाही रवैये से कर्मियों की अवैध बर्खास्तगी की गयी है। प्राचार्य की नियुक्ति में वरीयता की अनदेखी तथा वर्षों से व्याप्त भ्रष्टाचार गंभीर चिंता का विषय है। जैक अध्यक्ष व सचिव से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग है। 'मंटू महतो, आजसू जिला अध्यक्ष'**

**महुदा इंटर कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई नया विषय नहीं, बल्कि वर्षों से इसकी शिकायतें होती रही हैं। कई बार धनबाद के डी.ई.ओ. जांच के लिए आए, पर हर बार मौन साध लिया गया। कॉलेज की भूमि पर अवैध रूप से डिग्री भवन की नींव रखी गयी, जिसका शिलान्यास तत्कालीन व वर्तमान निकाय अध्यक्ष ने किया, पर वह आज तक कागजी साबित हुआ। प्रबंधन में शामिल सभी लोगों की निष्पक्ष जांच हो। 'संतोष कु. महतो, पूर्व जिप सदस्य सह केंद्रीय संगठन सचिव, जनता श्रमिक संघ'**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा इंटर महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं एवं कर्मियों के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वाले प्रो सुरेश कुमार रजक एवं द्वारपाल गौतम महतो का धरना आठवें दिन भी लगातार जारी रहा। इस आंदोलन को क्षेत्र में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने धरनास्थल पर पहुंचकर नैतिक समर्थन दिया। सोमवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य संतोष महतो, आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो सहित दर्जनों लोगों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त किया। समर्थकों ने कॉलेज सचिव की बर्खास्तगी, जैक नियमों के तहत वरीयता के आधार पर प्राचार्य की नियुक्ति, गलत तरीके से बर्खास्त कर्मियों की त्वरित बहाली, वर्तमान जीबी कमेटी को भंग कर नई कमेटी के गठन सहित नौ सूत्री मांगों पर अविलंब कार्रवाई की मांग की। धरनार्थियों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने वार्ता के दौरान बाहरी तत्वों को बुलाकर शांति भंग करने का प्रयास किया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य द्वारा राजनीतिक नारेबाजी करना यह स्पष्ट करता है कि सुनियोजित तरीके से धरनार्थी प्रतिनिधिमंडल पर हमला करवाया गया, जो अत्यंत निंदनीय और गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। जिला प्रशासन से मांग की गयी है कि पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाये, अन्यथा आंदोलन को उग्र रूप दिया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आज होने वाली शासी निकाय की बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

विधायक जयराम महतो का सांसद ढुल्लू महतो पर हमला, कहा

# दूसरे पर आरोप लगाने वाले खुद भ्रष्टाचार में लिप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डुमरी विधायक जयराम महतो सड़क जाम मामले में अदालत में उपस्थित हुए। विधायक ने केंदुआडीह गैस रिसाव मामले को लेकर भी मीडिया के समक्ष अपनी बातें रखीं। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सड़क जाम को लेकर गांव के 15 से 20 लड़कों के उपर मामला दर्ज किया गया था। उसी मामले में आज कोर्ट में हाजिर हुए हैं। केंदुआडीह की घटना एक गंभीर मामला है। राज्य सरकार को विशेष रूप से पहल करने की जरूरत है।

**प्रक्रिया नहीं तुरंत कार्रवाई की जरूरत है :** गैस रिसाव पर रोक और पुनर्वास दोनों व्यवस्था करने की आवश्यकता है। विधिवत विस्थापन जरूरी है। कोई भी गंभीर मसला होने पर सरकार प्रक्रिया में रहने का राग अलापती है। प्रक्रिया पूरी करते करते गांव जमीन के नीचे चला जायेगा। लोग बीमारी से ग्रसित होंगे। प्रक्रिया नहीं बल्कि त्वरित कार्रवाई की जरूरत है। रैयतों के सवाल पर विधायक जयराम महतो ने कहा कि जिन्होंने जमीन दी है, उन्हें दरकिनार कर दिया जाता है। उनकी समस्याओं को अनसुना कर दिया जाता है। सांसद ढुल्लू महतो द्वारा बीसीसीएल सीएमडी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है, इस सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि सांसद अगर भ्रष्टाचार मुक्त रहते तो किसी पर आरोप लगा सकते थे। कोर्ट खुद कह रही है कि 40 हजार करोड़ संपत्ति का उन्हें नोटिस दिया गया है। सांसद दोषमुक्त रहते और किसी पर आरोप लगाते तो अच्छा लगता।

# योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समय पर पहुंचाया जाये : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** कृषि एवं उससे जुड़े विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सांख्यिकी, कृषि, आत्मा, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं भूझसंरक्षण विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की।बैठक के दौरान कृषि पाठशाला के निमार्णाधीन भवनों का मुद्दा उठाया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा पूर्व में किए गए निरीक्षण के आधार पर उपायुक्त ने संयुक्त कमिटी गठित करने का निर्देश दिया। उक्त कमिटी में इंजीनियरिंग विंग को भी शामिल करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समुचित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।उपायुक्त ने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कृषि उत्पादन, किसानों को दी जा रही सुविधाएं, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित योजनाएं, उद्यान विकास, भूझसंरक्षण कार्य तथा सहकारिता के माध्यम से किसानों को मिल रहे लाभों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राक्कलन के अनुसार ही कार्य करें तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं उठे। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचाया जाये।

# सिंदरी में सीटू का झंडा दिवस मनाया गया

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) के विशाखापट्टनम में होने जा रहे अखिल भारतीय 18 वें सम्मेलन के अवसर पर 15 दिसंबर को पूरे देश में सीटू से संबद्ध सभी मजदूर यूनियन कार्यालय पर सीटू का झंडा फहराकर झंडा दिवस मनाने का आह्वान केंद्रीय कमेटी ने किया है। सिंदरी में सीटू से संबद्ध ठेका मजदूरी यूनियन सिंदरी की ओर से यूनियन के महामंत्री गौतम प्रसाद ने केडी कॉलोनी सिंदरी में सीटू का लाल झंडा फहराकर गरिमामय ढंग से झंडा दिवस मनाया। इस अवसर पर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष विकास कुमार ठाकुर ने झंडा दिवस के उद्देश्य उसके पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मजदूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा में सीटू की भूमिका तथा वर्तमान परिस्थितियों में इसकी प्रासंगिकता पर विचार रखें।

# कतरास कॉलेज के मुख्य द्वार पर लिखे छात्र संगठनों का नाम अविलंब मिटायें प्रबंधन : विशाल महतो



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास कॉलेज के पुराने जर्जर भवन को तोड़कर नए भवन बनाने एवं पीजी तथा बीएड की पढ़ाई शुरू कराने को लेकर छात्र नेता विशाल महतो एवं लालचंद मंडल के नेतृत्व में कतरास कॉलेज के प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही हाल ही में कतरास कॉलेज में हुई ठगी एवं फर्ज तरीके से बहरूपिया बनकर परीक्षा देने के मामले में भी विशाल महतो ने प्राचार्य से वार्ता कर दोषियों के विरुद्ध अविलंब कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा कतरास कॉलेज के मुख्य गेट पर विभिन्न छात्र संगठनो द्वारा छात्र संगठन का नाम लिख देने पर नाराजगी व्यक्त किया तथा उसे मिटाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कॉलेज के मुख्य गेट पर छात्र संगठनों का नाम लिख देने से ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे यह कोई कॉलेज नहीं बल्कि छात्र संगठन का कार्यालय है। उन्होंने चार सूत्री मांगों पर अविलंब सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की तथा कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। मौके पर सूरज कुमार, करण बजरंगी, विजय सिंह, गणेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राधानगर पैक्स में धान क्रय केंद्र का बोकारो विधायक ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राधानगर स्थित राधानगर प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) परिसर में सोमवार को बोकारो विधायक श्वेता सिंह द्वारा धान क्रय केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस केंद्र की स्थापना राज्य सरकार की निर्धारित धान क्रय नीति के अनुरूप किसानों को पारदर्शी, सुलभ एवं समयबद्ध क्रय व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गयी है। धान क्रय केंद्र के क्रियान्वयन से राधानगर एवं समीपवर्ती पंचायतों के किसानों को अपनी उपज की बिक्री हेतु स्थानीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध होगी। क्रय प्रक्रिया के अंतर्गत पंजीकरण, तौल एवं भुगतान की संपूर्ण कार्यवाही निर्धारित मानकों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार संपादित की जायेगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित समर्थन मूल्य समय पर प्राप्त हो सके।

उद्घाटन अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराना तथा क्रय व्यवस्था को पारदर्शी एवं भरोसेमंद बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राधानगर पैक्स में धान क्रय केंद्र की स्थापना से किसानों को क्रय प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी और अनावश्यक कठिनाइयों में कमी आयेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और राज्य सरकार कृषि क्षेत्र से संबंधित आधारभूत संरचनाओं को निरंतर सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य निशा हेम्ब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चास, डॉ. प्रदीप कुमार, राधानगर मुखिया स्वरूप दास, चैनपुर मुखिया पार्वती देवी, सिजुवा पंचायत मुखिया दुर्गा प्रसाद सोरेन, पंचायत समिति सदस्य मंटू रजक, पैक्स अध्यक्ष बिंदु देवी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय किसान उपस्थित रहे। धान क्रय केंद्र के संचालन से किसानों को परिवहन लागत में कमी, समय की बचत तथा भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होने की संभावना है।

# कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को धनबाद नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर वार्ड संख्या 31, 32 और 33 की ज्वलंत नागरिक समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के कारण आम नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मांग पत्र में बताया गया कि इंटीग्रेटेड सड़क निर्माण के नाम पर कई इलाकों में सड़क और नालियों का काम अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नालियों के निर्माण नहीं होने से गंदगी, दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। वार्ड संख्या 32 में कतरास रोड स्थित करबला रोड, जो अंबिका चेंबर से गुजराती स्कूल होते हुए झरिया रोड से जुड़ती है, अत्यधिक व्यस्त मार्ग है। इसके जर्जर होने से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, इसलिए इसके पुनर्निर्माण की मांग की गयी। इसके अलावा रे टॉकीज के पास टेक्सटाइल मार्केट के पीछे की सड़क और वैलेंटिनो ग्रीन होटल से विकास नगर तक की सड़क लंबे समय से खराब है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड संख्या 32 में सांसद निधि से बिछायी गयी जलापूर्ति पाइप लाइन के जगह-जगह फट जाने से पानी की बबार्दी के साथ सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मटकुरिया श्मशान घाट (मुक्तिधाम) की टूटी सीढ़ियों और खराब लाइटों की मरम्मत, साथ ही अधूरे पड़े मटकुरिया विद्युत शवदाह गृह के निर्माण को शीघ्र पूरा करने की मांग भी उठायी गयी। प्रतिनिधिमंडल ने पुराना बाजार रोड के निर्माण में हुई त्रुटियों की जांच कराने और शहर में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को अविलंब दुरुस्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में राजेश्वर सिंह यादव, योगेंद्र प्रसाद योगी, रामजी भगत, कामता प्रसाद पासवान, विंध्याचल यादव, राहुल महतो सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मानवता के बीच ईश्वर का आगमन है क्रिसमस, सेवा और विनम्रता ही सच्ची शक्ति : पास्टर डेनियल माइकल प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** क्रिसमस का पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता के प्रति ईश्वर के असीम प्रेम और एकजुटता का प्रतीक है। 'आजाद सिपाही' के साथ एक विशेष वार्ता में उक्त बातें द पेंटाकोस्टल असेंबली स्कूल के कार्यकारी निदेशक, डेनियल माइकल प्रसाद ने आजाद सिपाही को एक विशेष भेंट में कहा कि यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि ईश्वर ने मानवता से दूर रहना नहीं चुना, बल्कि हमारे बीच आकर रहना चुना।

**साधारण परिवेश में छिपा असाधारण संदेश :** श्री प्रसाद ने बताया कि यीशु मसीह का जन्म एक बेहद साधारण परिवेश में हुआ। यह इस बात का प्रमाण है कि परमेश्वर की कृपा किसी विशेष या विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर मनुष्य के लिए सुलभ है। यही क्रिसमस की मूल आशा है-कि ईश्वर हर व्यक्ति के साथ है।

**झारखंड और बोकारो के संदर्भ में प्रासंगिकता :** बोकारो और झारखंड जैसे श्रम व संघर्ष से जुड़े क्षेत्रों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहा के लोग मेहनत, धैर्य और आपसी सहयोग के साथ जीवन जीते हैं। ऐसे परिवेश में यह संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि ईश्वर की शांति परिस्थितियों के अभाव में नहीं, बल्कि चुनौतियों के बीच कार्य करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मसीह का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति दूसरों की सेवा में है और सच्चा नेतृत्व विनम्रता से ही प्राप्त किया जा सकता है।

**सामाजिक एकता और शांति का दायित्व :** श्री प्रसाद के अनुसार, क्रिसमस का संदेश हमें अपने आसपास के गरीब, पीड़ित और उपेक्षित लोगों की सुध लेने के लिए प्रेरित करता है। यह समाज को जोड़ने वाली एक जीवंत सच्चाई है। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसी विविध संस्कृति वाले राज्य में क्रिसमस हमें शांति, सम्मान और जिम्मेदारी के साथ जीने की प्रेरणा देता है। पृथ्वी पर शांतिर केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि हर पीढ़ी के लिए एक नैतिक दायित्व है। वार्ता के अंत में उन्होंने क्रिसमस को 'प्रकाश का पर्व' बताते हुए कहा कि यह वह ज्योति है जो अंधकार को मिटाकर नई शुरूआत की उम्मीद जगाती है। हमें केवल उत्सव में नहीं डूबना चाहिए, बल्कि उस आशा और प्रेम को अपने जीवन में उतारना चाहिए जो मसीह के जन्म के साथ इस संसार को प्राप्त हुई।

# हाइवा से कोयला चोरी करने को लेकर दो गुटों के बीच नोकझोंक

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार कोलियरी के बंद चानक के समीप सोमवार को हाइवा से कोयला चोरी करने को लेकर दो गुटों के बीच नोकझोंक हो गयी। इस दौरान एक पक्ष के काली बस्ती कुसुंडा से आए युवकों ने चार राउंड फायरिंग कर इलाके मे दहशत फैला दी।फायरिंग होते ही घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बीच अफरा तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोली चलाने वाले नौ युवक तीन बाइक पर सवार होकर आए थे।दो युवक गोली चला रहे थे तो उनके साथी जमीन पर गिरा खोखा उठा रहे थे।सूचना पाकर धनसार पुलिस घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन की।वहीं स्थानीय लोग धनसार थाना पहुंच गोली चलाने वाले लोगों के खिलाफ मामले की शिकायत की है। इधर धनसार पुलिस गोली चालन की घटना से इंकार कर रही हैं। विश्वकर्मा परियोजना से बीएनआर साइडिंग व कुसुंडा साइडिंग के लिए हाइवा से कोयला का ट्रासंपोर्टिंग किया जाता हैं। पुराना सीएचपी धनसार, धनसार चानक और काली बस्ती के समीप कोयला चोर अलग अलग गुट बनाकर हाइवा रोक कर कोयला उतारते है। विश्वकर्मा से कोयला लोड लेकर हाइवा इन जगहों पर रूकती है। इसके बाद दर्जनों की संख्या मे कोयला चोर हाइवा पर चढ़कर कोयला उतारते है।फायरिंग करनेवाले लोगों का कहना था कि सभी स्टीम कोयला धनसार मे ही उतार लिया जाता है। जिसके कारण काली बस्ती तक स्टीम कोयला नहीं पहुंच पाता है। इसी कारण काली बस्ती के लोगों मे नाराजगी है।इसी कारण दोनों गुटों मे विवाद बना हुआ है। तीन दिन पूर्व भी धनसार पंखा घर के समीप काली बस्ती के समीप कुछ लोगों ने चार हाइवा का शीशा तोड़ दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले के दोनों शूटर पाकिस्तानी मूल के, जांच जारी

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है। इसमें 16 लोगों की मौत हो गयी थी। वहीं, 45 लोग घायल हैं। इस घटना में शामिल दोनों आतंकियों की पहचान हो गयी है। ये बाप-बेटे हैं। पुलिस को इनके पाकिस्तानी मूल के होने का शक है। बता दें कि आतंकियों ने रविवार को बॉन्डी बीच पर हनुक्का फेस्टिवल मना रहे लोगों पर फायरिंग की थी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने 50 साल के साजिद अकरम को मौके पर ही गोली मार दी, जिससे वो वहीं ढेर हो गया। वहीं, उसके साथ फायरिंग कर रहा उसका 24 साल का बेटा नवीद अकरम पुलिस की गोली से घायल हुआ, वह अस्पताल में गंभीर हालत में है। इस हमले को लेकर ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबार द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। अखबार ने आतंकी की तस्वीर के साथ फ्रंट पेज पर बड़ी और आक्रामक हेडलाइन दी है- यू बास्टड्र्स।



### ट्रंप बोले- बहादुर व्यक्ति ने लोगों को बचाया, मेरे मन में बहुत सम्मान है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अहमद की बहादुरी की तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में एक बहादुर व्यक्ति ने हमलावरों में से एक पर सीधे हमला किया। उन्होंने कई लोगों की जान बचायी, जिस व्यक्ति ने ऐसा किया, उसके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई लोग खतरे में भी दौड़ कर दूसरों की मदद करते हैं। ये हीरो हैं और उनकी बहादुरी ने जानें बचायीं।' न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने भी कहा कि इस मुश्किल और दुख की घड़ी में भी ऑस्ट्रेलियाई बहादुर हैं, जो अजनबियों के लिए जान जोखिम में डालते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि उनकी बहादुरी की वजह से आज रात कई लोगों की जान बची है।

### अहमद की हालत स्थिर, बोले- फिर करना पड़े तो दोबारा करूंगा

अहमद फिलहाल सेंट जॉर्ज अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी सर्जरी हो चुकी है और वे ठीक हो रहे हैं। अस्पताल से अहमद की तस्वीर सामने आयी है। उन्होंने कहा है कि अगर दोबारा जरूरत पड़ी तो वे फिर ऐसा ही साहसिक कदम उठायेंगे। उनके पिता ने बताया कि अहमद अच्छे मूड में हैं। मैं खुदा का शुक्रिया अदा कर रहा हूं कि मेरे बेटे ने निर्दोष लोगों को हत्यारों से बचाया। जब अहमद की मां को पता चला कि उनके बेटे ने अपनी जान पर खेलकर लोगों की जानें बचायी हैं, तो वे रोने लगीं।

### लोगों ने फंडिंग कर 3.43 करोड़ जुटाये

लोगों ने अहमद के लिए 570,000 डॉलर (3.43 करोड़ रुपये) से अधिक की फंडिंग जुटायी है। ऑस्ट्रेलिया की क्राउडफंडिंग साइट पर करीब 5700 लोगों ने एक कैंपेन चलाया था। दानदाताओं में अमेरिकी अरबपति बिल एकमैन भी शामिल हैं, जिन्होंने एक लाख डॉलर का दान दिया है। पूरे देश में लोग अहमद की सेहत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उम्मीद है कि वे जल्द अपनी बेटियों और परिवार के पास लौटेंगे।

## पटना में आयुष डॉक्टर्स को बांट रहे थे नियुक्ति पत्र

# सीएम नीतीश ने महिला डॉक्टर का हिजाब हटाया, पूछा- ये क्या है जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पटना में सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आयुष डॉक्टर्स को नियुक्ति पत्र देते वक्त एक महिला डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब अपने हाथ से हटा दिया। नुसरत को मुख्यमंत्री ने पहले तो नियुक्ति पत्र दे दिया। इसके बाद उसे देखने लगे। महिला भी मुख्यमंत्री को देखकर मुस्कुराई। मुख्यमंत्री ने हिजाब की ओर इशारा करते हुए पूछा कि ये क्या है जी। महिला ने जवाब दिया हिजाब है सर। मुख्यमंत्री ने कहा कि हटाइए इसे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथ से महिला का हिजाब हटा दिया। महिला थोड़ी देर के लिए असहज हो गयी। आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने महिला को नियुक्ति पत्र फिर थमाया और जाने का इशारा किया। महिला फिर वहां से आ गयी। मुख्यमंत्री आवास पर हुए कार्यक्रम में 1283 आयुष डॉक्टर्स को नियुक्ति पत्र दिये गये। इस घटना के वीडियो को शेयर करके आरजेडी ने लिखा- 'यह क्या हो गया है नीतीश जी को। मानसिक स्थिति बिल्कुल ही अब दयनीय स्थिति में पहुंच चुकी है या नीतीश बाबू अब 100% संघी हो चुके हैं।' मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दिया। इन नवनियुक्त 1283 आयुष चिकित्सकों में 685 आयुर्वेदिक, 393 होमियोपैथिक और 205 यूनानी चिकित्सक शामिल हैं। इन सभी नवनियुक्त 1283 आयुष चिकित्सकों को 'राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम' के तहत चल रहे 'चलंत चिकित्सा दल' और आयुष चिकित्सा सेवा के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे अन्य कार्यक्रमों में सहभागिता के लिए कई स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापित किया जा रहा है। इससे स्कूलों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेगी।




# नये कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को शाह-नड्डा ने कुर्सी पर बैठाया

## बीजेपी मुख्यालय में पर फूल बरसाये गये

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम का नारा लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/पटना।** बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इससे पहले नितिन नबीन का पार्टी मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया। उन पर फूल बरसाये गये। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाये।

अमित शाह और जेपी नड्डा नितिन नबीन के स्वागत के लिए बीजेपी मुख्यालय में पहले से मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नितिन नबीन सोमवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट से 8.25 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उनकी फ्लाइट 4 घंटे लेट हो गयी है। वो दोपहर 1 बजे दिल्ली पहुंचे।

बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के बाद नितिन नबीन ने सोमवार को पटना के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वो अपने पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था, तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि नितिन नबीन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। बीजेपी की ऐसे ही परंपरा रही है।




# मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्डकप का टिकट दिया




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी को आइसीसी चेयरमैन जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट दी। सोमवार को मेसी का दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सम्मान किया गया।

इस मौके पर उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की गई। साथ ही शाह ने मेसी को 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप टीम के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया। मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया।

# यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से इडी ने पूछताछ की

- पब्लिक फंड अनिल अंबानी की कंपनियों में निवेश करने का आरोप, 11,000 करोड़ का मिसयूज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। कपूर का बयान प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया है। अनिल अंबानी की कंपनियों में 11,000 करोड़ ये ज्यादा का पब्लिक फंड भेजा गया है, जिसका मिसयूज हुआ है। इडी का दावा है कि इस मामले में लोगों के पैसे को यस बैंक के जरिए अनिल अंबानी की कंपनियों में भेजा गया है। राणा कपूर से पूछताछ इसी केस का हिस्सा है। वहीं इससे पहले इडी अनिल अंबानी की कई प्रॉपर्टीज को अटैच कर चुकी है।



**अनिल अंबानी ग्रुप की 1120 करोड़ की प्रॉपर्टीज अटैच :** इडी ने अंबानी से जुड़ी कंपनियों की 10,117 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। आखिरी कार्रवाई में मुंबई के बॉलार्ड एस्टेट स्थित रिलायंस सेंटर, फिक्स डिपॉजिट (एफडी), बैंक बैलेंस और अनलिस्टेड निवेश सहित 18 संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की गयी हैं। इसके साथ ही रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की 7, रिलायंस पावर की 2 और रिलायंस वैल्यू सर्विसेज की 9 संपत्तियां भी फ्रीज की गयी हैं। इडी ने समूह की अन्य कंपनियों के एफडी और निवेश भी अटैच किये हैं, जिनमें रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फाई मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इससे पहले बैंक लोन फ्रॉड से जुड़े मामलों में इडी रिलायंस कम्युनिकेशंस, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस की 8,997 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां अटैच कर चुकी है।

## एनआइए ने 1300 पेज की चार्जशीट में दिये सबूत

# पलहगाम हमले की साजिश पाकिस्तान में रची गयी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले पर 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल की। जम्मू में एनआइए स्पेशल कोर्ट में हमले के 237 दिन बाद ये चार्जशीट दाखिल की गयी। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को भी एक संगठन के तौर पर आरोपी बनाया गया है। कुल 7 आरोपी बनाये गये हैं। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। एनआइए ने सबूत पेश करते हुए कहा कि इस हमले की साजिश पाकिस्तान से रची गयी है। चार्जशीट में पाकिस्तानी हैंडलर साजिद जट्ट का नाम भी है। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गये तीन पाकिस्तानी आतंकियों फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी को भी आरोपी बनाया है।

दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम से 6 किमी दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। इस पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- पहलगाम आतंकी हमले में एनआइए ने जांच पूरी कर ली है और अब चार्जशीट दाखिल की जा रही है। दोषी या निर्दोष का फैसला अदालत करेगी।

## डॉ रामविलास वेदांती का निधन

**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के संत और पूर्व सांसद डॉ रामविलास दास वेदांती का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने मध्यप्रदेश के रीवा में दोपहर 12.20 बजे अंतिम सांस ली। वे 67 साल के थे। वेदांती की रीवा में रामकथा चल रही थी। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गयी। सोमवार तबीयत ज्यादा बिगड़ गयी। उन्हें एयर लिफ्ट करके भोपाल एम्स ले जाने की तैयारी थी। एयर एम्बुलेंस पहुंच भी गयी, लेकिन कोहरे की वजह से लैंड नहीं कर सकी। महंत राघवेश दास वेदांती ने बताया कि महाराजजी का पार्थिव शरीर अयोध्या लाया जा रहा। महाराजजी की अंतिम यात्रा अयोध्या के हिंदू धाम से मंगलवार सुबह निकलेगी और राम मंदिर तक जायेगी। सरयू तट पर सुबह 10 बजे उन्हें जल समाधि दी जायेगी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**